फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 14 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 354, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन जाएंगे दो हजार भारतीय डॉक्टर 16

मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे में उर्फी जावेद 15

## 2019 से 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी के बीच राजनीतिक दलों ने कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे, जिनमें से 22,030 बॉण्ड को भुनाया गया। शीर्ष अदालत में दायर एक अनुपालन हलफनामे में, एसबीआई ने कहा कि अदालत के निर्देश के अनुसार, उसने 12 मार्च को भारत निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण उपलब्ध करा दिया है। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया है कि बैंक ने चुनाव आयोग को चुनावी बॉण्ड को भुनाने की तारीख, चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और बॉण्ड के मूल्यवर्ग जैसे विवरण भी दिए हैं। इसमें कहा गया है कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 की अवधि में 22,217 बॉण्ड खरीदे गए। निर्वाचन आयोग अपनी वेबसाइट पर 15 मार्च को जानकारी साझा करेगा।



- भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया शपथ पत्र
- खरीद तिथि, खरीदार के नाम और मूल्य का दिया है विवरण

### न भुनाए गए बॉण्ड पीएम राष्ट्रीय राहत कोष को भेजे

बैंक की ओर से निर्वाचन आयोग को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान 15 दिनों की वैधता अवधि के भीतर राजनीतिक दलों द्वारा जिन चुनावी बॉण्ड को भुनाया नहीं गया था, उन्हें दो जनवरी 2018 के राजपत्र अधिसूचना संख्या 20 के अनुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस महीने की 11 तारीख को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 12 मार्च तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण मुहैया कराने का आदेश दिया था।

### आयोग समय पर साझा करेगा विवरण : सीईसी

**जम्मू-कश्मीर।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि निर्वाचन आयोग समय आने पर चुनावी बॉण्ड से संबंधित विवरण साझा करेगा। कहा कि आयोग संपूर्ण पारदर्शिता में विश्वास रखता है। जम्मू-कश्मीर के दौरे की समाप्ति पर संवाददाओं ने कुमार से पूछा था कि क्या आयोग सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करेगा? कुमार ने कहा कि एसबीआई को 12 मार्च को विवरण दे दिया है। मैं विवरण को देखूंगा और समय आने पर इसका खुलासा किया जाएगा।

## निवेशकों के डूबे 13.47 लाख करोड़



स्मॉलकैप इंडेक्स में बड़ी गिरावट

- सेंसेक्स ने लगाया 906 अंक का गोता, निफ्टी 338 अंक टूटा

### नियंत्रण से बाहर नहीं बाजार : उदय कोटक

बीएसई 'स्मॉलकैप' सूचकांक 5.11 प्रतिशत जबकि 'मिडकैप' सूचकांक 4.20 प्रतिशत नीचे आया। इस बीच, जाने-माने उद्योगपति उदय कोटक ने बुधवार को कहा कि बाजार में 'थोड़ा बुलबुला' हो सकता है, लेकिन बाजार नियंत्रण से बाहर नहीं हैं। कोटक का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच बयान के दो दिन बाद आया है। उन्होंने कहा था कि छोटे और मझोली कंपनियों के शेयरों में तेजी को लेकर कुछ 'बुलबुले' की गुंजाइश है और नियामक इसपर एक संभावित परामर्श पत्र लाने के लिए विचार कर रहा है।

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक से अधिक का गोता लगाते हुए 73,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांकों में तीव्र गिरावट के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

निवेशकों के 13.47 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 13,47,822.84 करोड़ रुपये घटकर 3,72,16,602.67 करोड़ रुपये रह गया। बाजार में प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। लेकिन दोपहर के कारोबार में बिकवाली दबाव से सभी खंडवार सूचकांक नुकसान में रहे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 906.07 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,761.89 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,152.25 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 338 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,997.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में पावर ग्रिड में सर्वाधिक सात प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

### एक नजर

#### मणिपुर में स्वयंभू सेना प्रमुख सहित दो गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने एक संयुक्त अभियान में यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पी) (यूएनएलएफ-पी) के दो अहम सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि प्रतिबंधित संगठन के स्वयंभू सेना प्रमुख थोकचोम थोइबा और यूएनएलएफ (पी) से जुड़े लेफ्टिनेंट कर्नल लाइमायुम इंगबा को संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया है। थोइबा और इंगबा को गिरफ्तार करने के तुरंत बाद विमान से दिल्ली ले जाया गया, जहां एनआईए के अधिकारी पूछताछ करेंगे।

#### कैंसर की नकली दवा बनाने में छात्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कैंसर की 'नकली' दवा बनाने वाले गिरोह में कथित संलिप्तता को लेकर बुधवार को आईआईटी-बीएचयू के एक पूर्व छात्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस मामले में एक दिन पहले सात लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि आदित्य कृष्ण (23) पुणे और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कैंसर की नकली दवाओं की आपूर्ति करता था। उसे बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली से नीरज चौहान (38) सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया था।

# पहले सरकारें विवाद खड़ा करती थीं, अब किया जाता है समाधान

## मुख्यमंत्री योगी ने कहा-गंगा एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा फर्रुखाबाद, लोकार्पण करने आऊंगा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद/उन्नाव

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उन्नाव और फर्रुखाबाद में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन और अन्य दलों पर जमकर प्रहार किया।

फर्रुखाबाद में उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा और इसका उद्घाटन करने मैं फिर आऊंगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां क्रिश्चियन कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि जब गलत लोग सत्ता में आते हैं तो रामभक्तों पर गोलियां चलवाते हैं, लेकिन जब अच्छी और संवेदनशील सरकार आती है तो रामभक्तों को सिर माथे पर बिठाती है। आज रामभक्तों को अयोध्या में सुगम दर्शन कराया जा रहा है। पहले की सरकारें केवल विवाद खड़ा करती थीं, आज विवाद नहीं, हर समस्या का समाधान किया जाता है। मुख्यमंत्री ने फर्रुखाबाद के लिए 288 करोड़ रुपये से 102 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने एग्री स्टेक योजना के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए 10 मिनट में लोन की सुविधा प्रदान करने के पॉयलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ भी किया। लोकसभा का चुनावी बिगुल फूंकते हुए उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र में बाहरी लोग प्रवेश कर रहे हैं। इन्हें मुंह की खिलानी है। सांसद मुकेश राजपूत को पिछले चुनाव से दोगुने ज्यादा मतों से विजयी बनाना है। उन्होंने पांच छात्रों को टेबलेट भी दिए।

इससे पहले उन्नाव में मुख्यमंत्री ने बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र के फतेहपुर चौरासी अंतर्गत नवोदय विद्यालय प्रांगण में आयोजित जनसभा में कहा कि एक समय था जब भारत पर कब्जा करके ब्रिटेन ने 200 साल तक राज किया था। लेकिन आज मोदी सरकार में देश ने अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में ब्रिटेन को पछाड़ दिया है। देश और देशवासियों को दुनिया में आज सम्मान की नजर से देखा जाता है। भारत बीते 10 वर्षों में विश्व में नेतृत्वकर्ता के रूप में खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री ने जनता से कहा कि आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार है। आप लोग बताओ, क्या कांग्रेस या सपा राम मंदिर बनवा सकती थी।

### उन्नाव के चंद्रिका खेड़ा गांव में शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा और स्मारक का किया अनावरण

मुख्यमंत्री ने फतेहपुर चौरासी क्षेत्र स्थित चंद्रिका खेड़ा गांव में अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा और स्मारक का लोकार्पण करने के साथ ही जिले के लिए 241.261 करोड़ की विकास योजनाओं का भी लोकार्पण तथा शिलान्यास किया। इस दौरान उन्नाव से भाजपा प्रत्याशी, मौजूदा सांसद साक्षी महाराज के पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने की अपील की।



- फर्रुखाबाद में 288 करोड़, उन्नाव में 241 करोड़ की योजनाओं का किया गया लोकार्पण-शिलान्यास

## सुप्रीम कोर्ट याचिका पर कल करेगा सुनवाई

निर्वाचन आयुक्त नियुक्ति विवाद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए बनी समिति में प्रधान न्यायाधीश को शामिल नहीं किए जाने को चुनौती देने वाली एक गैर-सरकारी संगठन की याचिका पर 15 मार्च को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। शीर्ष अदालत ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आयोग को ''राजनीति और कार्यपालिका के हस्तक्षेप'' से दूर रखने के आधार पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। भूषण ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि मुझे अभी प्रधान न्यायाधीश से संदेश मिला है कि इसे शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाएगा। एनजीओ ने 'मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम, 2023' के एक प्रावधान की वैधता को चुनौती दी है।

### फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा

## तीन दशक पुराने केस में मुख्तार अंसारी को उम्रकैद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** तीन दशक पुराने फर्जी शस्त्र लाइसेंस के मामले में दोषी पाए जाने के बाद बुधवार को मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने उसपर 2 लाख 2 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अंसारी को दूसरी बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अब तक आठ मामलों में माफिया को सजा सुनाई जा चुकी है।

न्यायालयों में चल रहे मामलों में राज्य सरकार द्वारा की जा रही प्रभावी पैरवी के कारण माफिया मुख्तार अंसारी को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट वाराणसी, अवनीश गौतम की अदालत ने मुख्तार अंसारी को डीएम-एसपी के फर्जी हस्ताक्षर पर शस्त्र लाइसेंस लेने के मामले में सजा सुनाई है।

साल 1990 में थाना मोहम्मदाबाद गाजीपुर में दर्ज तीन और कोतवाली गाजीपुर में दर्ज एक मामले में हुई सुनवाई और प्रभावी पैरवी के बाद चारों धाराओं में अलग अलग सजा सुनाई गई है। इसमें 420/120 बी आईपीसी में सात साल, 467/120 बी आईपीसी में आजीवन कारावास, 468/120 बी में 7 वर्ष और 30 आयुध अधिनियम में 6 माह की सजा सुनाई गई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। इसके अलावा मुख्तार अंसारी पर अलग-अलग कुल 2 लाख दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 1 साल 1 हफ्ते के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान है। मालूम हो कि इससे पहले राज्य सरकार की प्रभावी पैरवी के कारण कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में भी माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सुनाई जा चुकी है।



- अदालत ने अंसारी पर 2 लाख 2 हजार का जुर्माना भी लगाया

## लोकसभा चुनाव : भाजपा की दूसरी सूची में गडकरी, गोयल और खट्टर समेत 72 प्रत्याशी

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार :** भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल और हरियाणा व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्रियों क्रमशः मनोहर लाल खट्टर और बसवराज बोम्मई सहित कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं। गडकरी एक बार फिर नागपुर से चुनाव लड़ेंगे जबकि गोयल मुंबई (उत्तर) से पहली बार लोकसभा चुनाव मैदान में उतरेंगे। खट्टर को हरियाणा के करनाल से और बोम्मई को हावेरी से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर एक बार फिर हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) से, प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से, भगवंत खूबा महाराष्ट्र के बीदर और भारती प्रवीण पवार डिंडोरी से मैदान में होंगे। भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के दामाद सीएन मंजूनाथ को बेंगलुरु ग्रामीण सीट से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने पूर्वी दिल्ली से गौतम गंभीर की जगह हर्ष मल्होत्रा और उत्तर पश्चिम दिल्ली से हंसराज हंस की जगह योगेंद्र चंदौलिया को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा प्रवक्ता अनिल बलूनी को गढ़वाल, त्रिवेंद्र सिंह रावत को हरिद्वार से उम्मीदवार बनाया गया है।



अनुराग ठाकुर



नितिन गडकरी



पीयूष गोयल



मनोहर लाल खट्टर

- अनुराग ठाकुर हमीरपुर तो प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से लड़ेंगे

## कांग्रेस देगी गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये

धुले (महाराष्ट्र), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पांच नारी न्याय गारंटी दी जाएगी जिनमें गरीब महिलाओं के बैंक खातों में एक लाख रुपये वार्षिक जमा किए जाने के साथ ही सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को हटाने के लिए संविधान में संशोधन करेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत महाराष्ट्र के धुले जिले में एक महिला रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने पांच नारी न्याय गारंटी की घोषणा की। राहुल गांधी ने यह भी वादा किया कि मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा), आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मध्याह्न भोजन योजनाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए बजट में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी दोगुनी हो जाएगी। महिलाओं को जागरूक करने और उनके केस लड़ने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा।

- सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण भी देंगे : राहुल गांधी
- पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने की पांच नारी न्याय गारंटी देने की घोषणा

## ऑनर किलिंग: पिता और चाचा ने की बेटी की हत्या, डीजल डालकर शव को जलाया

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** प्रेम संबंधों का पता लगने से गुस्साए पिता व चाचा ने बेटी की हत्या कर दी। घर में पहले डीजल डालकर शव जलाया फिर दफना दिया। बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने की एफआईआर दर्ज करा दी। पुलिस की विवेचना के दौरान सच सामने आ गया। पुलिस ने हत्यारोपी पिता और चाचा को हिरासत में लेने के बाद बुधवार को छात्रा का शव बरामद कर लिया।



कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम कनगवां निवासी राजीव कुमार ने आठ मार्च को अपनी 17 वर्षीय पुत्री सीमा को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को बताया कि सात मार्च को उनकी बेटी का इंटरमीडिएट केमिस्ट्री का पेपर था। दोपहर को पौने दो बजे उसका छोटा भाई संजय बीसलपुर परीक्षा केंद्र बाइक से छोड़ने गया था। शाम को वह लेने गया तो बेटी नहीं मिली। पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि छात्रा उस दिन पेपर देने ही नहीं गई थी। संदेह होने पर छात्रा के पिता राजीव और चाचा संजय से पूछताछ शुरू की। पहले तो वे गुमराह करते रहे, मगर सख्ती पर असलियत बता दी। पुलिस के मुताबिक छात्रा का साथी छात्र से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जानकारी होने पर छह मार्च को पिता और चाचा ने बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी फिर शव को डीजल डाल जलाकर गांव के बाहर नहर किनारे दफना दिया था। एएसपी विक्रम दहिया ने फील्ड यूनिट के साथ मौका मुआयना किया।

- बेटी के प्रेम प्रसंग से आहत थे, हत्या के बाद लिखाई थी बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

> एक ग्रामीण ने अपनी नाबालिग पुत्री को फुसलाकर ले जाने की एफआईआर दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान परिजन से पूछताछ की तो शक गहराया। मामला हत्या का निकला।
> – **अशोक पाल**, कोतवाल बीसलपुर

## राष्ट्रपति ने उत्तराखंड के यूसीसी बिल को दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक-2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। राष्ट्रपति भवन की ओर से उसकी सूचना उत्तराखंड शासन को दे दी गई है। राज्य सरकार की ओर से इसकी अधिसूचना भी जारी की गई है। यूसीसी की नियमावली बनते ही इसका नोटिफिकेशन लागू किया जाएगा और उत्तराखंड समान नागरिक संहिता कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधेयक को मंजूरी देने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार जताया है। साथ ही कहा कि जल्द ही इस कानून को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 6 फरवरी को समान नागरिक संहिता विधेयक विशेष सत्र में विधानसभा के सदन में पेश किया था। इसके बाद विधानसभा में विधेयक पारित हो गया था। यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 44 के अंतर्गत था इसलिए इस विधेयक को कानून बनाने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी लेना अनिवार्य था।

- उत्तराखंड शासन को भेजी सूचना, जल्द लागू होगा कानून

## पेटीएम फास्टैग को 15 मार्च से पहले बदल लें

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने और टोल प्लाजा पर असुविधा से बचने के लिए 15 मार्च से पहले किसी अन्य बैंक से नया फास्टैग लेने की सलाह दी है। इससे यात्री राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय जुर्माने या दोहरे शुल्क से बच सकेंगे। बयान में कहा गया है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से संबंधित प्रतिबंधों पर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के बाद पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं के पास 15 मार्च, 2024 के बाद अपने बैलेंस को रिचार्ज या टॉप-अप करने का विकल्प नहीं होगा।

## आक्रामक कुत्तों की 23 नस्लों पर प्रतिबंध की तैयारी

### केंद्र सरकार ने राज्यों को बिक्री और प्रजनन पर रोक लगाने के दिए निर्देश



नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने राज्यों को पिटबुल, टेरियर, अमेरिकन बुलडॉग, रॉटवीलर और मास्टिफ्स सहित 23 नस्लों के आक्रामक कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। सरकार ने यह निर्देश ऐसे समय में दिया है जब देश में पालतू कुत्तों के हमलों में लोगों की मौत की घटनाओं में वृद्धि हुई है। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी निर्देश के मुताबिक लोगों को पालतू जानवरों के रूप में 23 नस्लों के कुत्तों को रखने की मनाही होगी। केंद्र सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने 12 मार्च को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में यह भी कहा कि कुत्तों की इन नस्लों, जिन्हें पहले से ही पालतू जानवर के रूप में रखा गया है, उनका आगे प्रजनन नहीं हो ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए। केंद्र सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने अभ्यावेदन के मद्देनजर विभिन्न हितधारक संगठनों के सदस्यों और विशेषज्ञों के साथ पशुपालन आयुक्त की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। इस समिति ने मिश्रित और क्रॉस नस्लों सहित कुत्तों की 23 नस्लों को क्रूर और मानव जीवन के लिए खतरनाक माना है। समिति के मुताबिक पिटबुल टेरियर, टोसा इनु, अमेरिकन स्टेफोर्डशायर टेरियर, फिला ब्रासीलीरो, डोगो अर्जेंटीनो, अमेरिकन बुलडॉग, बोअरबोएल कांगल, मध्य एशियाई शेफर्ड डॉग और कोकेशियन शेफर्ड डॉग कुत्तों की उन नस्लों में से हैं जिन्हें केंद्र द्वारा प्रतिबंधित करने का सुझाव दिया गया है।

- पिटबुल, टेरियर, अमेरिकन बुलडॉग, मास्टिफ्स जैसी खतरनाक ब्रीड शामिल

### विदेशी कुत्तों की इन नस्लों पर भी लागू होंगी पाबंदियां

इसके अलावा दक्षिण रूसी शेफर्ड डॉग, टॉर्नजैक, सरप्लानिनैक, जापानी टोसा और अकिता, मास्टिफ, टेरियर्स, रोडेशियन रिजबैक, वुल्फ डॉग, कैनारियो, अकबाश डॉग, मॉस्को गार्ड डॉग, केन कोर्सो और बैंडोग नस्ल के कुत्तों पर भी प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है।

अमृत विचार 4 साल बेमिसाल
अमृत विचार मुरादाबाद के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शबनम आरा
प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां, सैदनगर रामपुर

अमृत विचार 4 साल बेमिसाल
अमृत विचार मुरादाबाद के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुमन सिंह
प्राथमिक विद्यालय, भैंसिया ब्लॉक बिलासपुर, रामपुर

अमृत विचार 4 साल बेमिसाल
अमृत विचार मुरादाबाद के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दीपक पुण्डीर
राज्य अध्यापक पुरस्कार शिक्षक 2019 उच्च प्राथमिक विद्यालय ढक्का हाजी नगर (1-8) ब्लॉक- सैदनगर नगर जिला रामपुर

अमृत विचार मुरादाबाद के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमृत विचार 4 साल बेमिसाल

अनिल कुमार
प्रधानाध्यापक
प्राथमिक विद्यालय, धूलिया गंज

नरेश कुमार
सहायक अध्यापक
प्राथमिक विद्यालय, धूलिया गंज

अमृत विचार 4 साल बेमिसाल
अमृत विचार मुरादाबाद के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कैलाश बाबू पटेल
जिला अध्यक्ष

आनन्द प्रकाश गुप्ता
जिला मंत्री

दिलशाद वारसी
संयुक्त मंत्री
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ रामपुर

अमृत विचार 4 साल बेमिसाल
अमृत विचार मुरादाबाद के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
खुशखबरी खुशखबरी खुशखबरी
Hero
रमज़ान व होली
के इस सुनहरे मोके पर हीरो लेकर आया है
₹4999* की डाउन पेमेंट पर
एक्सचेंज एवं महालोन मेला
₹3100* तक की भारी छूट
आज ही हीरो की मनपसंद बाईक HF DELUXE घर ले जाएं

HF Deluxe
*नियम व शर्तें लागू
R.N. MOTORS | Nainital Road, Rampur 9289922100

अमृत विचार 4 साल बेमिसाल
अमृत विचार मुरादाबाद के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
DYL Dayal Green Energy Pvt. Ltd.
DAYAL INDUSTRIES
Dylgreenenergy@gmail.com
Mo. 7351773000, 7351873000
NEW HINDUSTAN MOTOR TRAINING DRIVING SCHOOL
TMDTS

अमृत विचार 4 साल बेमिसाल
अमृत विचार मुरादाबाद के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
TARAK EDUCATIONAL ACADEMY PATWAI RAMPUR STRIVE TO LEAD
TAARAK
EDUCATIONAL ACADEMY
An English Medium School
Affordable Fee Structure
Hobby Classes
ADMISSION OPEN 2024-25
Empowering Children to Learn Beyond Classroom
"We don't claim to be one of the best, We produce the best"
MAX Advertising Company

ADD : MILAK ROAD, PATWAI
Cont : 9412150973 e-mail:- taarak.edu@gmail.com



**रमजान मुबारक**

**14 मार्च, इफ्तार**
सुन्नी- 6 बजकर 26 मिनट
शिया-6 बजकर 34 मिनट

**15 मार्च, सहरी**
सुन्नी- 4 बजकर 53 मिनट
शिया- 4 बजकर 54 मिनट

**नोट-** क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

### 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ. प्र.

### शहर में आज



☞ ज्वालानगर स्थित शिव मंदिर में साईं बाबा की पूजा अर्चना प्रातः 6:15 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबडेकर पार्क में दोपहर 1:15 बजे।

### एक नजर

**रात को हुई बारिश**

**रामपुर, अमृत विचार :** बुधवार रात 9:30 बजे बारिश होने से रोजेदारों के चेहरे खिल गए। शाम पांच बजे से मौसम का मिजाज बदलने लगा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने गुरुवार को भी बारिश के आसार बताए हैं।

**मरीज का जाना हाल**

**रामपुर,अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष सरदार अवतार सिंह ने घायल मरीज का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि मरीज राजपाल जो डायलिसिस से पीड़ित है।

## काजी-ए-शहर बोले- रमजान में की गई इबादत का 70 गुना मिलता है सवाब

# पहले अशरे में बरसती है रहमत

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** मुकद्दस रमजान में पहले रोजे से 10वें रोजे तक पहला अशरा (10दिन) का होता है। यह अशरा रहमतों और अजमतों का होता है। अल्लाह के दरबार से रहमत बरसती है। हर तरफ नूर की चादर छाई हुई है। रोजेदारों के लिए अल्लाह की नेमअत बरस रही है।



काजी-ए-शहर सैयद खुशनूद मियां बताते हैं कि रमजान का हर लम्हा अजमतों वाला होता है। रमजान को तीन अशरों में बांटा गया है। पहला अशरा रहमत, दूसरा मगफिरत और तीसरा अशरा जहन्नुम से आजादी का होता है। रमजान का चांद नजर आते ही शैतान को कैद कर लिया जाता है। वहीं जहन्नुम के दरवाजे बंद कर जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। इस पाक महीने में सवाब का दर्जा 70 गुना अधिक होता है। बताते हैं कि पहले अशरे के 10 दिनों में अल्लाह की रहमत और बरकतें नाजिल होती हैं। 10 को अरबी भाषा में अशरा कहा जाता है।

रोजेदार भी रोजे रखकर अल्लाह से बख्शिश की दुआ करते हैं। इस अशरे में ही अल्लाह गुनाहगारों के गुनाहों को माफ कर अजाब से निजात दे देता है। काजी-ए-शहर बताते हैं कि यह अल्लाह तआला का कितना बड़ा अहसान व करम है कि रमजानुल मुबारक में तमाम नफली नमाजों का दर्जा फर्ज नमाजों के बराबर कर किया जाता है। सदका व खैरात का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है। रोजा एक सालाना तर्बीयती कोर्स है, जिसके जरिए आदमी पर भूख के हालात पैदा हो जाते हैं। गरीबों की भलाई करना और अल्लाह तआला ने रमजान मुसलमानों को अता कर रोजा रखने का हुक्म इसलिए दिया, मेरे बंदे दिन भर भूखे-प्यासे रहेंगे तो उन्हें गरीबों की भूख और प्यास का अहसास होगा। वे गरीबों का ख्याल रखेंगे। हमारा रब हमें भूखा नहीं रखना चाहता, बल्कि वह तो हमारे अंदर तकवा व परहेजगारी पैदा कर हमारे अंदर छिपे इंसानियत के जौहर को उजागर करना चाहता है। रमजान के पहले अशरे से ही सभी मस्जिदें नमाजियों से आबाद हैं। रमजान-उल-मुबारक में हर रोजेदार नमाजी अपनी निजात की फिक्र में है। अल्लाह के बंदे रोजे रख कर नमाजों में सजदे में सिर रखकर अपने गुनाहों की माफी मांग रहे हैं। रमजानुल मुबारक का महीना सभी महीनों में अफजल है।

## 22 लोगों को लगाए गए एंटी रेबीज के इंजेक्शन

**स्वार, अमृत विचारः** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में कुत्तों ने 22 लोगों पर हमला कर जख्मी कर दिया। वह सीएचसी पहुंचे। चिकित्सक ने घायलों को एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगाए।

कुत्तों ने हमला कर क्षेत्र के गांव भोट निवासी कमल शर्मा, स्वार निवासी शहनाज, गांव मिलकताज खां निवासी नईम, रियासत खां, अली अहमद, आरिश, नरपतनगर निवासी दानिश, गांव मुस्तकेम निवासी रामवती, गांव समोदिया निवासी लालता प्रसाद, गांव पदमपुर निवासी निरतोस, गांव नूरपुर निवासी नाजुक, मसबासी निवासी आमिर, मुजीब, मानवी, गांव शोपुरी निवासी तौहीद, गांव कुंदनपुर निवासी प्रियंका, गांव गद्दीनंगली निवासी अर्शी, गांव पीपलसाना निवासी पन्नालाल, गांव भोट निवासी महेनूर, गांव अब्बासनगर निवासी हरजीत कौर, गांव भोट वक्काल निवासी सिद्धि, गांव हरदासपुर निवासी सृष्टि को जख्मी कर दिया।



पर्वतारोही छात्रा के साथ इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी का स्टॉफ। ● अमृत विचार

# पर्वतारोही रिजवाना का किया स्वागत

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में बुधवार को पर्वतारोही रिजवाना सैफी का स्वागत किया गया। वह माउंट फ्रेंडशिप, माउंट दंगमचान, माउंट युनाम व अन्य कई ऊंची चोटियों को फतेह कर चुकी हैं। पर्वतारोही रिजवाना सैफी इम्पैक्ट कॉलेज की छात्रा रही है। रिजवाना मूल रूप से पिलखुआ जनपद हापुड़ की रहने वाली हैं। वह माउंट एवरेस्ट फतेह कर वहां भारत का झंडा फहराने के लिए पैदल यात्रा पर निकली हैं। उन्होंने अपनी यात्रा सात मार्च को पिलखुआ से शुरू की थी। रिजवाना लगभग एक माह में पैदल यात्रा कर काठमांडू पहुंचेंगी। नैनीताल रोड स्थित इम्पैक्ट कॉलेज में बुधवार को रिजवाना का स्वागत किया गया। इस दौरान कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सुल्तान अहमद सैफी, एमडी सरताज अहमद, प्राचार्य आसिम अहमद आदि मौजूद रहे।

# आचार संहिता प्रभावी होते ही सक्रिय हो जाएं अधिकारी

## बैठक में जिलाधिकारी बोले- ईद और होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिले के सभी एसडीएम, क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित एफएसटी के साथ बैठक की। इसमें जिलाधिकारी ने आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद एसडीएम, क्षेत्राधिकार और एफएसटी से संबंधित अधिकारियों को सक्रिय होने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आयोग से निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप सभी कार्रवाई तय समय सीमा के भीतर प्रारंभ हो जाएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ईद और होली के त्योहार शांति पूर्ण ढंग से मनाएं।

प्रत्येक स्तर पर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।



बैठक में अधिकारियों के साथ मौजूद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य, एसडीएम सदर मोनिका सिंह, एसडीएम स्वार अविनाश कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा सहित सभी उप जिलाधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### शांति व्यवस्था बनाने में प्रशासन का करें सहयोग

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित पीस कमेटी की बैठक की। इसमें जिलेभर से सम्भ्रांत लोगों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहारों के दौरान आमजन की सुविधा के लिए सफाई सहित प्रशासनिक स्तर से सभी तैयारियां कराई जा रही हैं। शांति व्यवस्था को बरकरार रखने में सम्भ्रांत लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं। आमजन की सुविधा और सुरक्षा का आश्वासन दिया। लोग शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन का सहयोग करें।

### जिले में 1218 स्थानों पर होगा होलिका दहन

**रामपुर, अमृत विचार :** होली का त्योहार नजदीक आते ही पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। जिले में इस बार 1218 स्थानों पर होलिका दहन होगा। कहीं पर भी नई परंपरा डालने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि जिले में होलिका दहन स्थलों पर युवाओं व बच्चों ने होलिका सजानी शुरू कर दी है। होलिका दहन शांति पूर्ण ढंग से कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने भी तैयारी कर ली है। इस बार होली 25 मार्च को मनाई जाएगी। 24 मार्च को होलिका दहन होगा। इस बार 1218 होलिका दहन स्थलों को भी चिह्नित कर सुरक्षा का इंतजाम किया जा रहा है। इन स्थानों पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए नगर पालिका, नगर पंचायतों के जिम्मेदारों को निर्देश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिए हैं कि 1218 की जगह के अलावा कोई भी होलिका दहन को लेकर नई पंरपरा डालेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उधर, होली के मौके पर रोजे भी चल रहे होंगे। इसे देखते हुए पुलिस अधिक सक्रिय रहेगी। कोई भी व्यक्ति होली के हुड़दंग में किसी पर रंग नहीं डाले। होलिका दहन के आसपास भी पुलिस बल तैनात रहेगा।

### क्षत्रिय महासभा का होली मिलन सात अप्रैल को

**रामपुर, अमृत विचार :** कृष्णा विहार स्थित कार्यालय में बुधवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक हुई। इसमें कार्यकारणी ने क्षत्रिय होली मिलन मनाने पर चर्चा की। पदाधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कहा कि सात अप्रैल को साईं विहार स्थित ज्ञान सरोवर धर्मशाला में मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आरंभ कृष्णा विहार चौराहे से ज्ञान सरोवर धर्मशाला तक शोभा यात्रा से होगा। होली मिलन में जिले के क्षत्रियों के साथ मंडल, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के सम्मानित क्षत्रियों को आमंत्रित किया जाएगा। देश और समाज हित में कार्य करने वाले, मेधावी विद्यार्थियो और रिटायर्ड शिक्षको को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में युवा जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, वरिष्ठ महामंत्री धर्मपाल तोमर, नगर अध्यक्ष मास्टर राजेंद्र सिंह,जिला उपाध्यक्ष अमित भदौरिया, अजय सिंह राठौर, अजय कुमार सिंह आदि रहे।

## आबकारी विभाग की टीम का छह गांवों में छापा

**बिलासपुर,अमृत विचार :** आबकारी विभाग की टीम ने क्षेत्र के छह गांवों में छापेमारी कर शराब के धंधेबाजों के ठिकानों को नष्ट करा दिया। 60 लीटर अवैध शराब बरामद कर लहन नष्ट किया।

बुधवार को आबकारी निरीक्षक मोहम्मद सरफराज आलम के नेतृत्व में टीम ने तहसील क्षेत्र के हिरनखेड़ा, ईसानगर, नगरिया खुर्द, मुबारकपुर, डंडिया वन व मुशर्रफगंज समेत अन्य गांवों में छापेमारी की। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि शासन व जिला आबकारी अधिकारी एस के शर्मा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर यह अभियान चलाया जा रहा है।

### वृद्ध लापता, तहरीर दी

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला भूबरा से एक वृद्ध लापता हो गया। भतीजे ने पुलिस को तहरीर देकर वृद्ध को बरामद करने की मांग की है। नगर के मोहल्ला भूबरा वार्ड नंबर तीन निवासी गिरधारी लाल (70) मंगलवार को घर से बाहर टहलने के लिए निकले थे। शाम तक वह घर वापस नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिंता हुई। बुधवार को भतीजे प्रेम प्रकाश ने पुलिस चौकी पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी।

# शिक्षक की विदाई पर रोए विद्यार्थी

**संवाददाता, भोट**

**अमृत विचार :** शिक्षक राकेश कुमार विश्वकर्मा का दूसरे स्कूल में तबादला हो गया। बुधवार को विदाई समारोह हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राएं रोने लगे। बच्चों के प्रेम को देखकर शिक्षक भी आंसू नहीं रोक पाए।

विद्यार्थी के जीवन में सबसे बड़ा योगदान शिक्षक का होता है। शिक्षक अपनी मेहनत लगन और निस्वार्थ भावना से किसी भी विद्यार्थी को सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। क्षेत्र के सनैया जट स्थित कंपोजिट स्कूल के शिक्षक राकेश कुमार विश्वकर्मा का तबादला हुआ है। बुधवार को स्कूल में विदाई समारोह पर सभी विद्यार्थी फूट-फूटकर रो रहे थे। शिक्षक की विदाई पर स्कूल स्टाफ की आंखें नम थीं। बच्चों को भावुक होते देख शिक्षक भी अपने आप को नहीं रोक सके। वह भी बच्चों को गले लगाकर रोने लगे। इस दृश्य देख विदाई समारोह में मौजूद सभी लोग भावुक हो गए। शिक्षक राकेश कुमार विश्वकर्मा पांच साल से इस विद्यालय में अपनी सेवा दे रहे थे। शिक्षक ने भी विदाई के वक्त कहा कि मैं इस स्कूल के बच्चों और शिक्षक साथियों को कभी नहीं भूल पाऊंगा।



रोती हुईं छात्राओं को शांत करते समय भावुक हुए शिक्षक राकेश कुमार विश्वकर्मा।

# प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को मिलेगी बेहतर जानकारी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि पंख पोर्टल आधारित रोजगार परक प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को बेहतर जानकारी व सुझाव मिल सकेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शिक्षक विद्यालय में विद्यार्थियों को कॅरियर गाइडेंस की जानकारी दें और उनकी रुचि जानकर मार्ग दर्शन करें।

राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज में बुधवार को जनपद स्तरीय कॅरियर गाइडेंस के दो दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत जिला विद्यालय निरीक्षक व जनपदीय नोडल अधिकारी रचना चतुर्वेदी ने की। राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य व नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रथम दिवस कॅरियर मार्गदर्शन, सिद्धांतों पर चर्चा, करियर क्या है, आवश्यक योजना निर्माण की विधि बताई गई। पंख पोर्टल की नोडल रचना चतुर्वेदी ने बताया कि माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को कॅरियर की जानकारी देने के लिए पंख पोर्टल लॉन्च किया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रधानाचार्य व नोडल शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की पंख पोर्टल पर काउंसलिंग करेंगे। विद्यालय में कॅरियर क्लब की स्थापना करेंगे। प्रधानाचार्य संजय कुमार, अनुपम शर्मा, शरद कुमार सागर, अरविंद भास्कर, अनीता चौहान, विनीता आर्य, नीलम सिंह ने कॅरियर से संबंधित अनुभव साझा किया। इस दौरान बनवारी लाल, अनिल कुमार, अजय कुमार वर्मा, राकेश कुमार भट्ट, संजय दिवाकर रहे।

# गर्भवतियों के लिए आशा ही एक किरण

**कार्यालय संवाददाता,रामपुर**

**अमृत विचार :** सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि आशा स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। जब दुनिया कोरोना जैसी महामारी से लड़ रही थी तो आशा बहनों ने घर-घर जाकर लोगों की मदद की। ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवतियों के लिए आशा ही एक किरण है, जो तकलीफ में उन्हें अस्पताल तक लाती है। कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में जनपद अन्य जनपदों से बहुत आगे है।

जिला सहकारी बैंक सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिले में आशाओं को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आशा सम्मेलन हुआ। इसकी शुरूआत सांसद घनश्याम सिंह लोधी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नन्द किशोर कलाल और जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने की।



आशा को सम्मानित करते सांसद घनश्याम सिंह लोधी व सीडीओ।

**▸▸ सांसद ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को किया**

सांसद ने उत्कृष्ठ कार्य करने वाली आशा कार्यककर्ताओं, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं प्रभारी चिकित्साधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आयुष्मान कार्ड बनाना या टीबी मुक्त अभियान आदि क्षेत्रों में भी आगे है।

इस दौरान सीएमओ डॉ. एसपी सिंह, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

**आयोजन** लखनऊ के कलाकारों ने दी प्रस्तुति, झूम उठे दर्शक, देर रात तक चला कार्यक्रम

# किसान मेले में रही रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

**संवाददाता, मिलक**

**अमृत विचार :** रठौंडा में चल रहे किसान मेले में दूरदर्शन लखनऊ के कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसे देकर दर्शक झूम उठे। देर रात तक लोग कार्यक्रम का आंनद लेते रहे।

रठौंडा में कई दिनों से किसान मेला चल रहा है। मंगलवार रात कार्यक्रम की शुरूआत जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी ने की। लखनऊ से आए आकाशवाणी और दूरदर्शन के बी हाई ग्रेड के कलाकार सतीश चंद्र उर्फ जेडी पार्टी के कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। गणेश स्तुति के बाद कलाकार प्रिया ने रिचिता बैटन का लिखा गीत पिया को लिए जाए दे गाया। कलाकार शोभित ने जल पे, भूमि पे पर्वत ये हिमराशि को प्रस्तुत किया। जेडी श्रीवास्तव क गायन पर दर्शक झूमने लगे। उनके गीत तोहरा बलम कप्तान हो, हमारो किसान वां पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। देर रात तक चले कार्यक्रम में आकाशवाणी की पूर्व केंद्र निदेशक मंदीप कौर, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद लोधी, बलवीर सिंह, महासचिव बार एसोसिएशन शिव नरेश तोमर, भानू प्रताप, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी, सदस्य जिला पंचायत टेकचंद गंगवार, रजनीश कुमार पटेल जिला पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र यादव ने किया।





प्रस्तुति देती कलाकार। ● अमृत विचार



किसान मेले में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी एवं अन्य।

## प्राथमिक स्तर पर मास्टर ट्रेनरों को किया प्रशिक्षित

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा विभाग कार्यालय के सभागार में बुधवार को मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सात से 14 वर्ष ती आयु वर्ग वाले बच्चों को चिह्नित कर छह से 9 माह का विशेष प्रशिक्षण देकर आयु संगत उसकी कक्षा में प्रवेश दिलाने के लिए प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया। छह ब्लॉकों और नगर क्षेत्र के नामित एआरपी और शिक्षकों को प्रशिक्षित संदर्भदाता अमर सिंह और श्वेता दुहन ने प्रशिक्षित किया।

जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता सुनील कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण हुआ। जिले में लगभग 3000 के करीब आउट ऑफ स्कूल बच्चे पाए गए हैं। प्रशिक्षण का समापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने किया। प्रत्येक ब्लॉक से छह प्रतिभागियों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया।

# रेंजर्स प्रशिक्षण से छात्राओं का होता है मानसिक विकास

**कार्यालय संवाददाता,रामपुर**

**अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मदर टेरेसा रेंजर्स शिविर के तीसरे दिन का प्रारंभ प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा ने ध्वजारोहण करके किया। उन्होंने कहा कि रेंजर्स प्रशिक्षण से छात्राओं का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इस प्रशिक्षण की सार्थकता तभी है, जब हम इसे अनुशासित होकर करें और देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें। रेंजर्स शिविर में किम्स गेम प्रतियोगिता भी कराई गई।

प्रशिक्षिका नरवंत कौर जिला संगठन कमिश्नर गाइड ने ध्वज शिष्टाचार व इसके उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। रेंजर्स की यूनिफॉर्म व बैच के बारे में बताया। रेंजर्स को खोज के चिह्न व किस प्रकार टोली में संगठित होकर कार्य किया जाए, इसकी जानकारी दी। शिविर में जुलाहा, खूंटा-फांस, लोटाफांस, गोलचक्र, समानांतर बंधन, वर्गाकार के बारे में सीखा दी। शिविर का आयोजन व संचालन महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी डॉ. मनोरमा चौहान ने किया।

रेंजर्स कमेटी के सभी सदस्यों डॉ. अंकिता, डॉ. सुनीता, डॉ. प्रीति लता, डॉ. मोहम्मद कासिम, डॉ.प्रतिभा यादव, डॉ. प्रीतिबाला शर्मा, डॉ. गोविन्द शरण गुप्ता, डॉ. योगेश चन्द्र के सहयोग किया गया। इस दौरान डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. रजिया परवीन, डॉ. निशात बानो, डॉ. सबीहा परवीन, डॉ. अनीता रानी कन्नौजिया, डॉ. सुनीता जायसवाल, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. शत्रुजीत सिंह, डॉ. नागेन्द्र पाल, डॉ. कुणाल दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## 180 एकड़ सीलिंग की भूमि से हटवाया कब्जा

**लासपुर, अमृत विचारः** एसडीएम हिमांशु उपाध्याय के निर्देश पर तहसीलदार निश्चय कुमार के नेतृत्व में टीम टैमरा गांव पहुंची। राजस्व टीम ने सीलिंग भूमि को कब्जामुक्त कराया।

टैमरा गांव में सीलिंग के तहत 180.84 एकड़ भूमि अतिरिक्त अवधारित की गई थी। राजस्व अभिलेखों में इसका इंद्राज भी हो चुका है, लेकिन इस पर से कब्जे नहीं हट पाए थे।अपर आयुक्त न्यायिक की अदालत में अपील के निस्तारण के बाद स्थानीय प्रशासन को अग्रिम कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। एसडीएम ने तहसीलदर के पर्यवेक्षण में छह सदस्यीय टीम गठित की थी। टीम ने मौके पर जाकर कब्जे हटवाए।अतिरिक्त अवधारित की गई भूमि को सीलिंग भूमि घोषित कर दिया। टीम में नायब तहसीलदार राजेश कुमार यादव व सचिन कुमार, राजस्व निरीक्षक शफी अहमद, नसीर अहमद, व विष्णु शर्मा तथा लेखपाल रवि व विष्णु कुमार शर्मा शामिल रहे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल युवक की सात माह बाद मौत

मिलक, अमृत विचार : हादसे में घायल युवक की सात माह बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के सिर्रा गांव निवासी हिमांशु उर्फ प्रमेन्द्र सिंह 22 वर्षीय सात अगस्त को बाइक लेकर रुद्रपुर जा रहा था। ईसानगर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। बुधवार को उसकी मौत हो गई।

### इमरता में मां बेटी को पीटा, मामला दर्ज

सैदनगर, अमृत विचार: अजीमनगर थाना क्षेत्र में दुकान से सामान खरीदने गई मां-बेटी के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने तीन भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मारपीट का मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के इमरता गांव का है। गांव निवासी एक महिला अपनी बेटी के साथ गांव की ही दुकान से सामान खरीदने गई थी। आरोप है कि पड़ोस के ही एक युवक से महिला की कहासुनी हो गई।

तंबाकू नियंत्रण सलाहकार का दावा, जिले में पांच लाख लोग कर रहे धूम्रपान, तंबाकू सेवन करने वालों से वसूल रहे जुर्माना

# धूम्रपान का वार लोगों के फेफड़ों को कर रहा है बीमार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में तंबाकू उत्पादों का सेवन करने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। इससे लोग बीमार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। अत्याधिक धूम्रपान लोगों के फेफड़ों को प्रभावित कर सांस का रोगी बना रहा है। तंबाकू नियंत्रण सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खां बताते हैं कि जिले में करीब पांच लाख लोग धूम्रपान की लत को छोड़ नहीं पा रहे हैं। अभियान चलाकर तंबाकू का सेवन करने वालों और तंबाकू उत्पाद बेचने वालों से जुर्माना भी वसूला जाता है।

धूम्रपान करने वालों में युवा व बुजुर्ग भी शामिल हैं। जिला अस्पताल के छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. डीके वर्मा बताते हैं कि फेफडे. संबंधी रोग क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिसीज यानी सीओपीडी के मरीज की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। धूम्रपान सेहत के लिए हानिकारक है। यह श्वसन तंत्र से संबंधित रोग व कैंसर की वजह बनता है। धूम्रपान से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल मार्च के दूसरे बुधवार को धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जाता है।




नो स्मोकिंग दिवस पर हस्ताक्षर करते सीएमएस डा. एके मित्रा। ● अमृत विचार

### ये लक्षण दिखे तो हो जाएं सावधान

- ▶▶ लंबे समय तक खांसी के साथ बलगम आना।
- ▶▶ सांस लेने में कमी महसूस होना।
- ▶▶ घबराहट, चेस्ट में जकड़न होना।

चिकित्सकों के अनुसार, धूम्रपान किसी भी तरह का हो, वह श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। सीओपीडी ग्रसित मरीजों को खांसी से फेफड़ा बढ़ जाता है। इससे रोगी का चलन मुश्किल हो जाता है। मरीज मुहं से सांस छोड़ता है। चेस्ट फिजिशियन ने बताया कि जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 100 से 150 मरीज आते हैं।

### एक सिगरेट छह मिनट की जिंदगी करती है कम

छाती रोग चिकित्सक के अनुसार, धूम्रपान करने वालों के फेफड़े, उन लोगों से कम काम करते हैं, जो धूम्रपान नहीं करते है। किशोरवस्था में धूम्रपान की वजह से दिल की बीमारियों का कारण बनती है। धूम्रपान और तंबाकू का सेवन कई घातक बीमारी जैसे- हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों की बीमारी व कई प्रकार के कैंसर को जन्म दे सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, एक सिगरेट का सेवन करने से व्यक्ति की छह मिनट की जिंदगी कम हो जाती है।

### अभियान में तंबाकू के दुष्प्रभावों की दी जानकारी

जिला अस्पताल में नो स्मोकिंग दिवस के उपलक्ष्य में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके मित्रा ने की। सीएमएस ने युवाओं को तंबाकू के सेवन न करने के लिए प्रेरित किया। जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन ने कहा कि कोटपा अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान प्रतिबंधित है। तंबाकू से उपयोग करने वालों का उपचार चिकित्सालय के कमरा नंबर 27 में संपूर्ण उपलब्ध है। इस दौरान मोहम्मद रिजवान, तैयब, अनुभव भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने किसान के घर में की फायरिंग, तीन पर रिपोर्ट

संवाददाता, बिलासपुर

▶▶ गांव सिरसखेड़ा की घटना महिलाएं और बच्चे सहम गए

**अमृत विचार :** गांव सिरसखेड़ा में बुधवार को कहासुनी के बाद लोगों ने किसान के घर में घुसकर फायरिंग कर दी। इससे महिलाएं व बच्चे सहम गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर तीन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के सिरसखेड़ा गांव का रहने वाला अमनदीप सिंह बुधवार सुबह अपने परिवार के साथ कोतवाली पहुंचा। उसने प्रभारी निरीक्षक को तहरीर सौंपी। परिजनों ने आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी हरपाल सिंह से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। विवाद बढ़ने पर वह गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गया।

आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो वह अपने कुछ साथियों के साथ उनके घर में आ धमका। आरोपियों ने उनके घर में फायरिंग कर दी। इससे किसान के बच्चे व महिलाएं डर गईं और चीख-पुकार करने लगीं। तभी आसपास के अन्य लोग भी आ गए।

फायरिंग करने वालों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन उन्होंने कई फायर झोंक दिए, उधर, फायरिंग की घटना से गांव सहित आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि हरपाल और दो अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# पड़ोसियों ने घर में बंद कर किसान को लाठी-डंडों से पीटकर मार डाला

## गांव स्वार खुर्द में घटना के बाद माहौल तनाव पूर्ण

संवाददाता, रामपुर/केमरी

**अमृत विचार :** गांव स्वार खुर्द में बुधवार शाम रंजिश के चलते पड़ोसियों ने अपने घर में बंद कर लाठी डंडों से पीटकर किसान को मार डाला। हालांकि परिजनों व पुलिस ने आरोपियों से छुड़ाकर उसे अस्पताल में भी भर्ती कराया।



लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।

केमरी थाना क्षेत्र के गांव स्वार खुर्द निवासी किसान अमर सिंह (56) व पड़ोसी रामचरन सिंह के बीच रंजिश चल रही है। बुधवार शाम छह बजे अमर सिंह किसी काम से कही जा रहे थे। इस दौरान पड़ोसियों ने उन्हें पकड़कर अपने घर में बंद कर लिया। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने लाठी-डंडों से पीटकर उन्हें घायल कर दिया। सूचना मिलने के बाद अमर सिंह के भतीजे कमल ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस व परिजनों ने आरोपियों के घर का दरवाजा खुलवाकर घायल अमर सिंह को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां करीब नौ बजे उपचार के दौरान किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया दिया है। गांव में तनाव पूर्ण माहौल है। पीड़ित पक्ष की ओर से देर रात तक थाने में तहरीर नहीं दी गई थी।



किसान की मौत के बाद बिलखतीं परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

> अमर सिंह आए दिन पड़ोस के रहने वाले लोगों के साथ नशे में गाली-गलौज करता था। शाम को भी इस बात को लेकर विवाद हो गया थ। कुछ लोगों ने उसे लाठी डंडों से पीट दिया था, जहां उसकी मौत हो गई। तहरीर आने के बाद कार्रवाई होगी।
>
> – सतेंद्र यादव, केमरी प्रभारी

## दो बाइकों की भिड़त में गई किसान की जान

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** दढ़ियाल काशीपुर मार्ग पर गांव बरखेड़ा के पास उत्तराखंड में दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। नगर निवासी किसान को पुलिस उपचार के लिए काशीपुर लेकर गई। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



दढ़ियाल नगर के मोहल्ला भरतपुर निवासी किसान टीकाराम सिंह (60) मंगलवार रात नौ बजे अपने घर से उत्तराखंड के काशीपुर में निर्माणधीन मकान जा रहे थे। जैसे ही टीकाराम गांव बरखेड़ा के पास पहुंचे तो सामने से बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां टीकाराम सिंह को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी बाइक सवार सचिन सैनी (21) निवासी उदमावाला थाना भगतपुर, मुरादाबाद को भी चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को किसान का शव घर पहुंचा। बाद में उनका अंतिम संस्कार नगर स्थित श्मशान घाट पर कर दिया गया।

# सड़क हादसों में किसान समेत तीन लोगों की मौत

संवाददाता,मिलक/दढ़ियाल

**अमृत विचार :** मिलक और दढ़ियाल क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में किसान समेत तीन लोगों की मौत हो गई। ये हादसे गांव कुंदनपुर और गांव बरखेड़ा के पास हुए। हादसों में जान गंवाने वालों में रामपुर, बरेली और मुरादाबाद के लोग शामिल हैं।



जिले बरेली के भोजीपुरा थाना क्षेत्र के समसपुर गांव निवासी राहुल (20) अपने ममेरे भाई आदेश के साथ बाइक से पटवाई थाना क्षेत्र के गांव निस्बा में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। मंगलवार रात घर लौटते समय गांव कुंदनपुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे राहुल व आदेश गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस से मिलक के सरकारी अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने दोनों को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ देर बाद परिजन घायल आदेश को बरेली लेकर पहुंचे और एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। बुधवार सुबह राहुल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव घर ले गए।

### तीन सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग गंभीर घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बुधवार रात हाईवे के स्थानों पर हुईं तीन सड़क दुर्घटनाओं में बाइकों पर सवार चार लोग गंभीर घायल हो गए। इनमें से भोट थाने के पेमपुर गांव निवासी राम सिंह (40) को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पिपलिया गोपाल गांव निवासी पातीराम (38) व मोहल्ला शीरी मियां निवासी दिलशाद (35) व फैजान (19) शामिल हैं। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि रात में ये चारों लोग घर जा रहे थे।

## सार-संक्षेप

### नाले पर स्लेब नहीं डालने के विरोध में प्रदर्शन

**मसवासी, अमृत विचार :** मंदिर के सामने नाले पर स्लेब डलवाने को लेकर नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर स्लेब बनवाने की मांग की। बुधवार को नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या तीन के लोग एकत्र हुए। मंदिर जाने वाले रास्ते पर नाले पर स्लेब नहीं डलवाने को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया। ज्ञापन में बताया कि नाले पर स्लेब नहीं होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। शिकायत के बाद भी नगर पंचायत प्रशासन ने स्लेब नहीं डाला है। इस दौरान मुकेश मौर्य, महेंद्र सिंह मौर्य, हरिप्रसाद, आकाश कुमार, चांदलाल, कमल सिंह, रिंकू, बहादुर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### पत्नी हुई गायब, युवक ने पुलिस को दी तहरीर

मसवासी, अमृत विचार : पांच माह पहले प्रेमी के घर आकर बैठी प्रेमिका से अनबन हो गई। प्रेमी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर पत्नी के अचानक गायब होने का मामला दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। गांव खुशहालपुर निवासी विशाल कुमार ने बुधवार को पुलिस चौकी में तहरीर दी। बताया कि पांच माह पहले मानपुर उतरी की एक युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते उससे मंदिर में विवाह किया था। वह उसके साथ दांपत्य जीवन बिता रहा था। अचानक दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान पत्नी रिया दो दिन पहले घर छोड़कर चली गई। तलाश करने पर उसका कोई पता नहीं चल सका है।

### जमीन का सौदा 70 लाख में कराने वाले चार पर रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** बुजुर्ग के साथ धोखाधड़ी कर साढ़े तीन करोड़ की जमीन का सौदा 70 लाख रुपये में कराने वाले चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मिलक थाना क्षेत्र के गांव बरा गजेजा निवासी जानकी प्रसाद के अनुसार, शाहबाद के गांव गहनी में उनकी जमीन है। अगस्त 2023 में इस जमीन का सौदा उन्होंने मुरादाबाद के सिविल लाइंस हरथला के नया गांव इस्लामनगर निवासी रिजवान और राजीव को तीन करोड़ 48 लाख 30 हजार रुपये में किया था। 18 अगस्त को दोनों व्यक्ति शाहबाद में उप निबंधक कार्यालय पहुंचे। उनके साथ रोहताश कुमार निवासी शाहपुर चमरान रहतौल संभल और अब्दुल रहमान निवासी छज्जुपुरा तहसील कांठ मुरादाबाद भी थे। आरोप है कि वहां उन्होंने 10 लाख रुपये उनके खाते में जमा करने की रसीद दिखाई। शेष धनराशि 15 फरवरी तक अदा करने का वादा कर कागजात पर अंगूठा लगवा लिया। नोटिस मिलने पर उसे पता चला कि उन्होंने महज 69 लाख 72 हजार रुपये में एग्रीमेंट करा लिया है। 10 लाख रुपये एग्रीमेंट के वक्त अदा कर दिए हैं। अब पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। इस पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### साहनी हत्याकांड के आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**बिलासपुर, अमृत विचार :** डेढ़ माह पहले घर में सो रहे बुजुर्ग मुसाफिर साहनी की हमलावरों ने गला रेतकर की दी थी। लेकिन कोतवाली पुलिस अभी तक हत्यारोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। इस पर परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। बुधवार दोपहर रूद्र-बिलास चौकी क्षेत्र के गांव डिबडिबा की सेठी कॉलोनी निवासी सुदमया देवी पौत्र शंकर साहनी सहित अन्य परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची। वह प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह से मिली। जहां उसने बताया कि उसके बुजुर्ग पति मुसाफिर साहनी की 24 जनवरी की रात हमलावरों ने गला रेतकर हत्या कर दी थी। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी थी। लेकिन घटना को डेढ़ माह से अधिक वक्त बीत गया। अभी तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। आरोप लगाया कि पुलिस की तफ्तीश धीमी गति से चलने से सवालिया निशान लग रहे हैं। इस पर प्रभारी निरीक्षक ने आश्वासन देते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी कर घटना का पर्दाफाश करने को कहा है।

### सिलईबड़ा कांड में तहसीलदार का होमगार्ड गिरफ्तार

**रामपुर/मिलक, अमृत विचार :** गांव सिलईबड़ा में हुए बवाल में तहसीलदार के हमराह पातीराम को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गांव सिलईबड़ा में ग्राम समाज की खाली जमीन पर बच्चे खेला करते थे। करीब एक माह पहले किसी ने उस जगह पर डॉ. भीमराव आंबेडकर का बोर्ड लगा दिया था। कुर्मी जाति के लोग बोर्ड को हटाने की मांग कर रहे थे। 27 फरवरी की शाम करीब 6 :30 बजे एसडीएम मिलक पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे। बोर्ड को हटाने का प्रयास कर रहे थे कि इस बीच जाटव समाज के कुछ लोग एकत्र हो गए थे। अधिकारियों से नोकझोंक हो गई थी। इस दौरान फायरिंग में किशोर सुमेश की मौत हो गई थी। बुधवार को मिलक पुलिस ने तहसीलदार के हमराह होमगार्ड पातीराम गंगवार निवासी ग्राम जीवाई जदीद को गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया। जहां उसे जेल भेज दिया है।

### पंचायत में किसानों को भाकियू की सदस्यता दिलाई

**मिलक, अमृत विचार :** गांव जालिफ नगला स्थित शिव लाल मौर्य के प्रतिष्ठान पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में सदस्यता अभियान को लेकर पंचायत हुई। इसमें संगठन को विस्तार देने के लिए पदाधिकारी निर्वाचित किए गए। पंचायत में जिलाध्यक्ष ने कई किसानों को भाकियू अराजनैतिक की सदस्यता दिलाई। राजेंद्र मौर्य को मिलक क्षेत्र का ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किया गया। इस पर किसानों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी जताई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता 17 मार्च को किसान मेला रठौंडा में होने वाली पंचायत में अवश्य पहुंचे। बैठक में तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र गंगवार, महेश बाबू गंगवार, सुरेश शर्मा, ओमकार पांडे, विजय पांडे, सत्यपाल मौर्य, रवि मौर्य, अंकित सक्सेना व अरविंद आदि मौजूद रहे।

### डूंगरपुर मामले में अभियोजन पक्ष की बहस पूरी

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के मामले में बुधवार को अभियोजन पक्ष की बहस पूरी हो गई है। अब इस मामले में 18 मार्च को सुनवाई होगी। गंज थाना क्षेत्र में डूंगरपुर बस्ती खाली कराने को लेकर कई मामले वर्ष 2019 में दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों ने दर्ज कराए थे। घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड़्यंत्र रचने के आरोप सपा के पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन समेत कई अन्य लोगों पर लगे थे। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है।

### ऑक्सीजन प्लांट को कार्यदायी संस्था ने कराया चेक

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में स्थापित 10 हजार लीटर लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट का कार्यदायी संस्था ने पांच हजार लीटर ऑक्सीजन आपूर्ति के चेक किया। इस दौरान उसके मीटर, वॉल्व को देखा गया। प्लांट के संचालन के लिए तैनात ऑपरेटर को प्रक्रिया के बारे में समझाया। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग ने 10 हजार लीटर का लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट को 55 लाख रुपये की लागत से बनवाया है। बुधवार को लखनऊ की कार्यदायी संस्था ने ऑक्सीजन डलवाकर चेक किया गया।

## बिना अनुमति के सड़क की खोदाई करने वाले ठेकेदार को नोटिस जारी

**रामपुर, अमृत विचार :** बिजली के खंभे लगाए जाने के लिए विद्युत निगम द्वारा शहर की सड़कों को बिना परमिशन खोदा जा रहा है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खोदाई के मामले में पालिका प्रशासन द्वारा ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा है कि अगर कहीं खंभा लगाना है तो पहले इसकी सूचना पालिका प्रशासन को दी जाए। इसके बाद ही आगे कार्य कराया जाएगा।

तीन दिन पहले ही डीएम आवास के सामने बिजली का खंभा लगाने के दौरान लाइन फट गई थी। पालिका की टीम ने पाइपलाइन की मरम्मत कराई थी। इस मामले में अब पालिका प्रशासन ने ठेकेदार को नोटिस दिया है। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पालिका प्रशासन की बिना अनुमति के सड़क की खोदाई नहीं की जाएगी।

# धान खरीद में धांधली करने वाले भेजे जाएं जेल : शंखधार

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि जिला प्रशासन को समय-समय पर धान खरीद में धांधली की जानकारी दी थी। धांधली करने वालों को जेल भेजा जाए।

मिलक में हुई पंचायत में जिलाध्यक्ष ने कहा कि धान क्रय केन्द्रों पर किसानों का धान आए बिना ही केवल कागजों में खरीद दिखाई जा रही है कहा कि जनपद में लगभग नव्वे हजार क्विंटल धान राइस मिलों तक नहीं पहुंच सका है। यह धान न तो क्रय केन्द्रों पर है और न ही राइस मिलों पर आखिर इतनी बड़ी मात्रा में धान है कहां,इतना बड़ा फर्जीवाड़ा किसकी सह पर किया जा रहा था। धान की कीमत लगभग उन्नीस करोड़ रुपये बनती है। इसके लिए सीधे तौर जिला खाद्य विपणन अधिकारी जिम्मेदार हैं।इनके द्वारा ही उनकी बात को अनसुना किया गया था। जिसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि जिन लोगों के द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। उनसे इसकी तत्काल वसूली के लिए निर्देशित किया जाए। इस प्रकरण में जिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही रही है उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। पंचायत में विभाग संगठन मंत्री रमेश चन्द्र, विशाल दुबे, राजेश लोधी, हुलास राय, रमेश गंगवार, आदित्य गंगवार, विपिन पटेल, अंकित रुहेला आदि रहे।

## नशे में धुत युवक ने स्कूल में घुसकर छात्र को पीटा

**मसवासी, अमृत विचार :** नशे में धुत युवक ने प्राथमिक विद्यालय में हंगामा किया। आरोप है कि युवक ने कक्षा में बैठे एक छात्र की पिटाई कर दी। शिक्षकों ने विरोध किया तो आरोपी ने उनसे भी अभद्रता की। आरोपी युवक के खिलाफ पीड़ित छात्र के पिता ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव मानपुर-उत्तरी स्थित परिषदीय स्कूल में नशे में धुत जमील अहमद ने हंगामा किया। आरोपी ने कक्षा में अमरीक सिंह के छह वर्षीय बेटे युवराज सिंह की पिटाई कर दी। शिक्षकों ने उसे स्कूल से बाहर निकालने की कोशिश की तो आरोपी युवक ने शिक्षकों से भी अभद्रता की। छुट्टी के बाद घर पहुंचे युवराज सिंह ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। अमरीक सिंह ने जमील अहमद के घर पहुंचकर विरोध जताया तो उससे गाली-गलौज करते हुए मारपीट की कोशिश की गई।



जिलाधिकारी से मिलने जाते भाकियू तोमर के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# साठा धान उगाने की अनुमति मांगी

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** शांति समिति की बैठक में भारतीय किसान यूनियन तोमर के किसानों ने जिलाधिकारी से साठा धान की फसल उगाने की मांग की। जिलाधिकारी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

पुलिस लाइन में बुधवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें किसानों ने डीएम से साठा धान की बुवाई की अनुमति प्रदान करने की मांग की। भाकियू तोमर के जिला अध्यक्ष शारिक इकबाल ने कहा कि पिछले दिनों बेमौसम बारिश से किसानों की फसलों में नुकसान हुआ है। इस बार साठा धान नहीं लगवाया गया तो किसान को बड़ी क्षति हो जाएगी। डीएम ने आश्वासन दिया है कि जनपद के किसानों के हित में जल्द से जल्द कोई हल निकाला जाएगा। इस मौके पर जिला महासचिव नईम अहमद, ब्लाक महासचिव शेरा पहलवान, युवा तहसील संयोजक शहादत हुसैन आदि मौजूद रहे।

# दो पैन कार्ड मामले में कोर्ट पहुंचे गवाह, अब 18 को होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में बुधवार को अभियोजन पक्ष की ओर से गवाह प्रवीण कटियार कोर्ट पहुंचे। लेकिन बचाव पक्ष के गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 18 मार्च को सुनवाई होगी।

समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में भाजपा से शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की जांच पूरी कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में हो रही है। अब इस मामले में गवाही की प्रक्रिया चल रही है। बुधवार को अभियोजन पक्ष की ओर से गवाह कोर्ट पहुंचे, लेकिन आजम खां के अधिवक्ता नही आने कारण सुनवाई टल गई।

### टिप्पणी मामले में गवाहों के दर्ज बयान

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां के आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में बुधवार को दो गवाहों ने कोर्ट में बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में एक अप्रैल को सुनवाई होगी। आजम खां ने वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव में लड़ा था। इस दौरान उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें वह अधिकारियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते सुने गए थे। भोट थाने में उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में हो रही है। बुधवार को दो गवाहों ने कोर्ट में बयान दर्ज कराए। उधर, शत्रु संपति के मामले में गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 20 मार्च को सुनवाई होगी।

विकास | बिलासपुर-स्वार क्षेत्र में ओवरलोडिंग की समस्या होगी दूर

# मिलकखानम में जल्द शुरू होगा बिजलीघर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिलासपुर-स्वार क्षेत्र में ओवरलोड की समस्या दूर करने के लिए मिलकखानम में 220 केवीए का बिजलीघर जल्द ही शुरू होगा। विद्युत निगम के अधिकारियों ने सितंबर तक बिजलीघर बनकर तैयार होने का दावा किया है। इसके बाद लाइनों में करंट दौड़ना शुरू हो जाएगा।

बिलासपुर और स्वार तहसील क्षेत्रों में ओवरलोडिंग की समस्या दूर करने के लिए बिजलीघर का निर्माण कराया जाएगा। दोनों तहसीलों में 132-132 केवीए के दो बिजली उपकेंद्र बनाने की तैयारी की थी। लेकिन इसके लिए ग्राम पंचायत में राजस्व क भूमि उपलब्ध नहीं हो रही थी।



बिलासपुर में 765 केवीए का बनाया बिजलीघर। ● अमृत विचार

इसके लिए स्वार और बिलासपुर तहसीलों की सीमा पर भूमि की तलाश की गई। दोनों तहसीलों के उपजिलाधिकारियों को पत्र भेजे गए। लेकिन एक उपकेंद्र के लिए जमीन निशुल्क नहीं मिल पाई।

जमीन नहीं मिलने पर विद्युत निगम के अधिकारियों ने मिलकखानम में 220 केवीए क्षमता का उपकेंद्र बनाने का निर्णय लिया। निगम ने भूमि खरीदकर उपकेंद्र बनाने तैयारी की। मिलकखानम क्षेत्र में साढ़े 12 हेक्टेयर भूमि देखी गई है। इसके लिए शासन स्तर से उपकेंद्र बनाने को पिछले दिनों हरी झंडी मिल चुकी है। इस समय बिजलीघर का निर्माण चल रहा है।

### शंकरपुर के 220 उपकेंद्र से ग्रामीण क्षेत्रों को मिलती है आपूर्ति

मिलक खानम में 220 केवीए उपकेंद्रों की संख्या जनपद में अब दो हो जाएगी। एक उपकेंद्र शंकरपुर में है। इससे पनवड़िया समेत ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति दी जा रही है। अब मिलक खानम में बन रहे उपकेंद्र से बिलासपुर और स्वार तहसील उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। शहर में भी तीन स्थानों पर 20-20 केवीए के उपकेंद्र हैं। नवाबगेट डिवीजन के अधिकारियों ने पत्राचार किया है। बिजलीघर अजीतपुर, आश्रम पद्धति रोड, डूंगरपुर में बिजलीघर बनना है। बिजलीघर बनाए जाने के लिए ट्रांसमिशन एक्सईएन के अधिकारियों को बताया गया। जिले की आपूर्ति को सुदृढ़ बनाए जाने के लिए बिलासपुर में 765 केवीए का बिजलीघर बनाया गया है। जिससे रामपुर, संभल, मुरादाबाद और उत्तराखंड तक के लोगों को बिजली मिलेगी।

> मिलकखानम में 220 केवीए का उपकेंद्र का कार्य चल रहा है। यह साढ़े 12 हेक्टेयर भूमि में बनाया जा रहा है। इसके बनने से दोनों तहसील क्षेत्रों में ओवरलोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी।
>
> –शिवम खरायत, ट्रांसमिशन एक्सईएन

## एक नजर

### औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों पर मारा छापा

मिलक, अमृत विचार : औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने नगर में संचालित मेडिकल स्टोरों पर बुधवार को कार्रवाई की। कार्रवाई देख मेडिकल स्टोरों के शटर गिरकर कुछ संचालक भाग गए। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोरों पर पाई गई अनियमिताओं व कमियों को निरीक्षण आख्या में अंकित किया गया। कार्रवाई के दौरान औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों से संदिग्ध दवा के नमूने भी लिए। फर्म स्वामियों को जीवन रक्षक दवा की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निर्धारित मूल्यों पर दवा बेचने के निर्देश दिए। निरीक्षक ने बताया कि किसी भी दवा दुकानदार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लिया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन के आदेश की अवहेलना करने वाले एवं अनिमित्ताएं बरतने पर मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति की जाएगी।

### बरेली से चाचा के साथ आ रही किशोरी लापता

केमरी, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी बुधवार को रिश्तेदारी गांव गुगई थाना मीरगंज जिला बरेली से अपने चाचा और चचेरी बहन के साथ बाइक से घर आ रही थी। रास्ते में मिलक-बिलासपुर रोड पर डंडिया चौराहे पर पहुंचते ही उसने अपने चाचा से बाइक रुकवा ली। इस बाद वह गायब हो गई। 20 से 25 मिनट इंतजार करने के बाद जब वह लौटकर नहीं आई। किशोरी के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना प्रभारी सत्येंद्र यादव ने बताया शिकायत मिली है, किशोरी की तलाश की जा रही है।

### अधिवक्ता के निधन पर सभागार में जताया शोक

मिलक, अमृत विचार : बुधवार को बार एसोसिएशन के सभागार में शोकसभा हुई। जिसमें एल्डर कमेटी के सदस्य सतीश चंद्र सक्सेना के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख की सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की गई शोकसभा में उमेश चंद्र गंगवार, राजीव जैन, देश वीर गंगवार, जतिन सक्सेना, सुभाष चंद्र आर्य, बाबूराम गंगवार, विपिन तिवारी, राजपाल सिंह, नौबत सिंह, त्रिलोक चंद्र, शेर सिंह, देवेश गंगवार, रईस अहमद, धर्मेंद्र प्रकाश शर्मा, सोमपाल भारती, कैलाश वीर सक्सेना, रविंद्र कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# रुद्राभिषेक कर श्री बामेश्वर महादेव को लगाए 556 भोग

## शिव भक्तों ने गंगाजल, घी, दूध, दही और गन्ने के रस से किया शिवलिंग का अभिषेक, भजन गाकर मस्ती में झूमे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मिलक रठौंडा स्थित प्राचीन स्वयं भू-शिव मंदिर में भक्तों ने मंगलवार शाम पांच बजे से भगवान का रुद्राभिषेक किया। श्री बामेश्वर महादेव को 556 भोग लगाए। बाद में भंडारा हुआ।

नगर क्षेत्र से लगभग आठ बसें व अपने निजी वाहनों से भक्तों का आना आरंभ हुआ था। शिवलिंग का विधि विधान से रुद्राभिषेक कराया गया। पंडित मुन्ना हरि, मंदिर के पुजारी शिवा शर्मा व पंडित अनुज शर्मा ने गणेश वंदना कराई। बाद में उत्तराखंड के हल्द्वानी क्षेत्र से पधारे आचार्य राकेश मिश्रा, दिनेश जोशी ने रुद्राभिषेक कराया। भक्तों ने गंगाजल, घी, दूध, दही, गन्ने के रस, फल से शिवलिंग का अभिषेक किया। पंडित मुन्ना हरि ने मंदिर परिसर में भगवान शिव, मां पार्वती की मूर्ति का श्रृंगार किया। भगवान की मूर्ति के आगे 556 भोग लगाए गए। इसमें कई प्रकार की मेवा, फल व मिठाइयां शामिल थीं। शिवलिंग को फूल, फल मेवा और आभूषणों से सजाया गया। मंदिर परिसर में शिव भक्त ओम नमः शिवाय का जाप व भोले बाबा निराले दूल्हे में सुंदर भजन गाकर मस्ती में झूम रहे थे। मंदिर परिसर में रात्रि 12 बजे भगवान गणेश, मां पार्वती, भगवान श्री कृष्ण, भगवान हनुमान, माता गंगा, भगवान श्रीराम, ओम जय जगदीश हरे की आरती हुई। इस मौके पर सोमानंद शर्मा, मनोज शर्मा, अश्वनी त्यागी, गोपाल शर्मा, सांसद घनश्याम सिंह लोधी, आशीष सिंगल, प्रशांत गुप्ता, नरेंद्र अरोड़ा, राजेंद्र अग्रवाल, शैलेंद्र गुप्ता, नरेश यादव, आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे। बाद में शिव भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया।



रठौंडा में स्थित प्राचीन स्वयं भू शिव मंदिर में आरती करते भक्त। ● अमृत विचार

**भगवान गणेश, मां पार्वती, श्री कृष्ण व हनुमान की गई आरती**



कोसी मंदिर में 108 शिवलिंग के रुद्राभिषेक के दौरान मौजूद भक्त। ● अमृत विचार

### कोसी मंदिर में 108 शिवलिंग का हुआ रुद्राभिषेक

रामपुर, अमृत विचार : कोसी मंदिर स्थित शिवालय में 108 शिवलिंग का रुद्राभिषेक हुआ। इसमें 108 शिवलिंग स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मंदिर में पुजारी पंडित विष्णु शर्मा ने फुलेरा दूज के अवसर पर 108 शिवलिंग की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराई। बताया कि मंदिर में शिवलिंग स्थापित कर मित्रों से यजमान के द्वारा विधि विधान से शिवलिंग पर अभिषेक कराया गया। भक्तों ने भोलेनाथ के जयकारे लगाए। मंदिर में महिलाओं ने भजन कीर्तन और भोले का गुणगान किया। भोलेनाथ के भजनों पर भक्त झूम उठे। आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मंदिर के प्रबंधक सुशील गुप्ता, शिखा गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, कमल तुरैहा, राजीव अग्रवाल, संजय सिंह, मुकुल रावत, नीरज जौहरी, अमन गर्ग, सिद्धार्थ भटनागर, सुधीर बरनवाल, अनुज रावत, सोनू प्रजापति, चमन अरोड़ा, विजय सैनी विनोद राजेंद्र भाटिया, शुभम सक्सेना, शुभम राठौड़, ऋषभ शर्मा, संजीव, विनय बरनवाल, राजीव चंद्र आदि मौजूद रहे।

### प्रत्येक बूथ पर होंगी दुर्गा बहनें : विधायक

रामपुर, अमृत विचार : शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इस बार नगर विधानसभा क्षेत्र के बूथों पर दुर्गा बहनों को लगाया जाएगा। महिला कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। इनकी जिम्मेदारी प्रचार करना, महिलाओं को बूथ तक पहुंचान और उनका वोट डलवाना होगी।

बुधवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने अपने विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडल अध्यक्षों व प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस बार नगर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पुरूषों के साथ ही महिलाओं को भी लगाया जाएगा। महिलाएं अपने बूथ पर प्रचार करने के साथ ही मतदाताओं को घरों से निकालकर बूथों तक लेकर आएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब कल्याण और सशक्त राष्ट्र के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। देश को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए जुटे हैं। उन्होंने मंडल अध्यक्षों को बूथवार मतदाताओं की सूची सौंपी और प्रत्येक परिवार तक पहुंच बनाने के लिए आह्वान किया। इस मौके पर कुंवर बहादुर राजपूत, विवेक रूहेला, आशू गुप्ता और महेंद्र सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# मंदिर के पास भूमि कब्जा मुक्त कराएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भमरौआ महादेव मंदिर की भूमि से कब्जा हटवाने की मांग को लेकर पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी मोनिका सिंह को ज्ञापन दिया।

मंदिर कमेटी के प्रमुख सेवादार संदीप अग्रवाल सोनी ने बताया कि पौराणिक काल महाभारत के समय से भमरौआ महादेव मंदिर का इतिहास रहा है। इसका जिक्र 550 वर्ष पुराने अभिलेखों में भी मिला है। इसलिए इस स्थल को ऐतिहासिक राष्ट्रीय पर्यटन स्थल विकसित कराने में भमरौआ महादेव मंदिर से जुड़ी 40 बीघा भूमि को मंदिर में शामिल किया जाना आवश्यक है। आरोप है कि मंदिर की भूमि पर असामाजिक तत्वों ने अवैध कब्जा व निर्माण कर लिया है। इससे शिव भक्तों में रोष है। इसलिए खलिहान भूमि को भी मंदिर में शामिल किया जाए। इस पर उपजिलाधिकारी ने अतिशीघ्र इस समस्या के समाधान का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान सत्य प्रकाश, सल्वेन्द्र विराट, महेंद्र सैनी, हरिओम सैनी, मिलन सक्सेना, लालमन सैनी, प्रवीण गुर्जर, विष्णु यादव, बबलू, अमित गुप्ता मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी।

**तालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

### खत्री सभा की नई कार्यकारिणी घोषित

रामपुर, अमृत विचार : राहे रजा स्थित एक होटल में बुधवार को खत्री सभा की नई कार्यकारिणी बनाई गई। इसमें संरक्षक मोहन कपूर, जगदीश कपूर, सुधीर सरन कपूर को बनाया गया। अध्यक्ष संतोष कपूर, उपाध्यक्ष अमृत कपूर को महासचिव अमित कपूर को बनाया गया। सचिव पुनीत कपूर और विनीत मेहरोत्रा को बनाया। कोषाध्यक्ष संजय कपूर, सह कोषाध्यक्ष घनश्याम कपूर को बनाया। ऑडिटर विपुल कपूर, मीडिया प्रभारी मोहित मेहरोत्रा, विमल कुमार को बनाया। सांस्कृतिक मंत्री अनिल मेहरोत्रा और संजुल कपूर बने। कार्यकारिणी में अमित कपूर, शोभित कपूर, दिनेश खन्ना, शिवेंद्र कपूर, पराग कपूर, मनीष खन्ना, प्रकाश, वीरेंद्र कपूर, आकाश कपूर और अभिषेक कपूर को शामिल किया गया।

### पांच लोगों का शांतिभंग में किया चालान

सैफनी, अमृत विचार : पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में पांच लोगों का शांति भंग करने की आशंका के चलते चालान किया है। बुधवार को गांव चंद्रपुर खुर्द निवासी अर्जुन, विनोद को पकड़ने के बाद उनका शांति भंग में चालान कर दिया। शाहबाद के बदे की मंडैया निवासी बाबू दूसरे पक्ष के चंद्रपुर खुर्द गांव निवासी अमरजीत का भी चालान किया गया। पुलिस ने बदायूं के थाना अजीतपुर के फैजगंज बेहटा गांव निवासी संजय को रायपुर गांव से गिरफ्तार किया।


## कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास) रामपुर

पत्राक- 1341/जि०का०अधि०/विज्ञप्ति/2023-24 दिनांक 13 मार्च, 2024

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-19/2023/3975/ 58-1-2022-2/1(22)10 टी.सी. दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद रामपुर के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाडी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों पर परियोजनावार विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र०स० | परियोजना का नाम | आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पद | | कुल रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| | | ग्रामीण | शहरी | |
| 1. | स्वार ग्रामीण | 93 | 07 | 100 |
| 2. | शाहाबाद | 42 | 01 | 43 |
| 3. | बिलासपुर | 43 | - | 43 |
| 4. | सैदनगर | 38 | - | 38 |
| 5. | चमरव्वा | 43 | - | 43 |
| 6. | मिलक | 26 | - | 26 |
| 7. | रामपुर शहर | - | 42 | 42 |
| 8. | स्वार शहर | - | 10 | 10 |
| | कुल योगः- | 285 | 60 | 345 |

उपरोक्त पदों का ग्राम सभा/ वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

**विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं अवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः-**

1. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।
2. आंगनबाडी कार्यकत्री पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी। मेरिट का निर्धारण इण्टरमीडिएट से परास्नातक तक की योग्यता के आधार पर किया जायेगा।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड / ग्राम सभा का निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत की निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट आफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
5. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होंगे। ऑफलाईन अवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य / स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
6. विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 03 अप्रैल, 2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।

**वरीयता-**

- उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की विधवा महिला/विधिक तलाकशुदा / परित्यक्ता महिला।
- विधवा/ तलाकशुदा / परित्यक्ता महिला के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की गरीबी रेखा से नीचे यापन करने वाले परिवार की अन्य महिलाएं।
- उपरोक्तानुसार कोई अभ्यर्थी न मिलने पर उपरोक्त वरीयता के क्रम में ही (विधवा / तलाकशुदा / परित्यक्ता) गरीबी रेखा के ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार की महिला।
- उपरोक्तानुसार न मिलने पर गरीबी रेखा के ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलायें।
- उसी ग्राम सभा में उपरोक्त किसी भी श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर सम्बन्धित न्याय पंचायत में से उपरोक्तानुसार श्रेणीवार चयन किया जाएगा।

**आरक्षणः-**

- जो पद जिस श्रेणी हेतु आरक्षित है, उसी श्रेणी के आवेदन मान्य होंगे। अनारक्षित श्रेणी के पदों पर किसी भी जाति के अवेदन स्वीकार किये जा सकेंगे।

**नोटः-**

- विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी / सम्बन्धित नगर निकास द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल ही मान्य होंगे।
- तलाकशुदा /परित्यक्ता के सम्बन्ध में मा० न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होंगे।
- आय के सम्बन्ध में तहसील द्वारा निर्गत नवीन (विज्ञापन जारी होने की तिथि से 06 माह पूर्व का मान्य नही) ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत आय प्रमाण-पत्र ही मान्य होंगे।
- निवास एवं जाति प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध में तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास एवं जाति प्रमाण-पत्र ही मान्य होंगे।
- रिक्तियों की संख्या घट बढ़ सकती है।

उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है। साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(जितेन्द्र कुमार जायसवाल)
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
रामपुर




भाजपा पदाधिकारियों से चर्चा करते लोकसभा सह प्रभारी मंजू दिलेर।

# बूथ क्षेत्रों की सूची दुरुस्त कराएं पदाधिकारी : मंजू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पुरानी आवास-विकास स्थित लोकसभा कार्यालय में बुधवार को भाजपा के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने कहा कि पदाधिकारी पूरी तरह तैयार हैं। सभी मंडलों में सेक्टरों पर कार्यकर्ताओं की टोली लगाई जा रही है। हर विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रमों को पूरी प्रमुखता से किया जा रहा है। इस बार भी सांसद घनश्याम सिंह लोधी दोबारा सांसद बनेंगे। लोकसभा सह प्रभारी मंजू दिलेर ने कहा कि सभी विधानसभा के बूथ की सूची दुरुस्त कर दी जाए। पदाधिकारी पार्टी के प्रचार-प्रसार में जुट जाएं। इस मौके पर सुरेश गंगवार, मोहनलाल सैनी, पूर्व विधायक बिना भारद्वाज, जगपाल सिंह यादव, दिनेश शर्मा, शिवा शर्मा, जागेश्वर दयाल दीक्षित, दिलीप अरोड़ा, गोपाल आदि रहे।

### मतदाता जागरूकता के लिए बनाई मानव श्रृंखला

बिलासपुर, अमृत विचार : कोठा जागीर गांव स्थित कंपोजिट अपर प्राइमरी स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय स्टाफ के साथ मानव श्रृंखला बनाकर नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाई। इससे पूर्व मतदान प्रेरणा पर आधारित बच्चों की निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई गई। निबंध में पहले तीन स्थानों पर अंकित, आंचल व फैजिया तथा पोस्टर में अंजली, कुणाल व कीर्ति ने बाजी मारी। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक ममता सक्सेना ने बच्चों से आग्रह किया। अपने-अपने परिजनों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाएं। उनसे कहें कि वह दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें। उमेश राठौर, नवनीत कौर, मीनाक्षी कश्यप, शालू जैन, रिंकी रानी, लखविंदर सिंह, सुमन आदि रहे।



प्रमाण पत्र देते एआरपी तहसीन आलम खां। ● अमृत विचार

# प्रतियोगिताओं से बच्चों की सोच में आता है बदलाव

संवाददाता, स्वार

अमृत विचारः राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान प्रतियोगिता में विजेता बालक एवं बालिकाओं को सम्मानित किया गया। विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

जटपुरा स्थित कंपोजिट विद्यालय में बुधवार को कार्यक्रम हुआ। इस दौरान विज्ञान के एआरपी मनोज कुमार ने प्रतियोगिता में विजेता रहे 24 से अधिक छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया। हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम के तहत भी सम्मानित किया गया। निपुण बने बालकों को प्रशस्ति पत्र दिए। एआरपी तहसीन आलम खां ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिए इस तरह के आयोजन होना चाहिए। इस दौरान राकेश कुमार वर्षा गर्ग, नीतू सिंह, अतीक अहमद, अब्दुल रऊफ, रवि पाल, नजाकत अली आदि मौजूद रहे।

**सीबीएसई** | 10वीं के इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी व कम्प्यूटर एप्लीकेशन की हुई परीक्षा

# 10वीं और 12वीं के 2973 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सीबीएसई 10वीं के इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विषय की 11 व कम्प्यूटर एप्लीकेशन की तीन परीक्षा केंद्रों पर बुधवार को परीक्षा हुई। दोनों विषयों के कुल 2663 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 12वीं के 310 परीक्षार्थियों ने होम साइंस की परीक्षा दी। इसमें चार परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। 10वीं का बुधवार को अंतिम पेपर हुआ। इससे 10वीं के परीक्षार्थी काफी खुश नजर आए।

परीक्षार्थी निर्धारित समय सुबह 10 बजे परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। परीक्षार्थियों की गेट पर तलाशी हुई। परीक्षा 10:30 बजे शुरू हुई जो 1:30 बजे तक हुई। 10वीं के इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विषय की परीक्षा में 2454 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया, इसमें 2436 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 10वीं में ही कम्प्यूटर साइंस विषय की परीक्षा में 227 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया। इसमें 227 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, कोई परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहा। 12वीं के होम साइंस विषय की परीक्षा में 314 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया। जबकि 310 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि चार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों कक्षा के कुल 2995 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया। इसमें से दोनों कक्षा के कुल 2973 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा केंद्रों पर आंतरिक सचल दल ने सघन निरीक्षण किया। परीक्षा व्यवस्थित रूप से हुई। कुछ परीक्षार्थियों ने पढ़ाई से कुछ समय का अवकाश मिलने पर हिल स्टेशन पर जाने की बात कही। सभी परीक्षार्थी साल भर की पढ़ाई करने के बाद परीक्षा देने पर संतुष्ट नजर आए।



परीक्षा केंद्र से बाहर आकर खुशी जाहिर करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



पेपर बहुत अच्छा हुआ। हालांकि पेपर देने से पहले बहुत डर लग रहा था। जब प्रश्न पत्र देखा तो राहत मिली। – इमरा



परीक्षा की तैयारी अच्छी तरह से की थी। माता-पिता पढ़ाई में मेरी सहायता करते हैं। प्रश्न पत्र सरल आया। – अनु



परीक्षा में वही प्रश्न आए जो तैयार किए थे। सब प्रश्न सिलेबस में से ही आए थे। प्रश्न आसान पूछे गए। – प्रियांशी वर्मा



साल भर पढ़ाई अच्छे से की थी। इसलिए परीक्षा अच्छी हुई। नंबर भी अच्छे ही मिलने की आशा है। – पायल गंगवार

## एक नजर

### रोटरी क्लब की होली सभा में खूब हुई मस्ती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद ईस्ट की ओर से बुधवार को कांठ रोड स्थित निजी बैंक्वेट हाल में होली सभा का आयोजन किया गया। सभा में सबसे पहले सभी सदस्यों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम हुए। इसमें कपल डांस, होली पर आधारित गीत, गेम व हास्य आदि सम्मेलन भी आयोजित किए गए। इसमें क्लब के सभी सदस्यों का पूरा योगदान रहा। सभा के संयोजक अमरीश जैन व आरती जैन रही। जिन्होंने बहुत ही सुंदरता से सभा का आयोजन व संचालन किया। इस दौरान क्लब अध्यक्ष विपिन कुमार अग्रवाल, सचिव संजय गुप्ता, प्रशांत गर्ग, विवेक अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, नलिन अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, एके सिंघल, मुकेश त्यागी, प्रवीण अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, सुमित अग्रवाल आदि मौजूद है।

# एफडीए की टीम ने लिए सात नमूने

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** होली व रमजान को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग (एफडीए) ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री व प्रयोग रोकने को टीम बनाकर जांच की। बुधवार को विभाग की टीम ने महानगर के कई बाजारों में खाद्य पदार्थों की दुकानों पर छापेमारी की। कुट्टू का आटा, सरसों का तेल सहित कुल सात नमूने एकत्रित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने सर्किट हाउस के समीप एसएस इंटरप्राइजेज स्थित प्रतिष्ठान पर जांच की। यहां से कुट्टू का आटा व मसूर दाल का एक-एक नमूना लिया। टीम ने कंजरी सराय स्थित भूमि जनरल स्टोर से कुट्टू के आटे का नमूना लिया। इसी क्रम में कटरा नाज में राजीव एंड ब्रदर्स प्रतिष्ठान से रंगीन कचरी, यहीं पर परमानंद कृष्णा अवतार की दुकान



प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थों का नमूना लेती खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम।

- मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए चलाया अभियान खाद्य एवं पेय पदार्थों की जांच की

से रंगीन कचरी के दो नमूने टीम ने लिए। जबकि किसरौल स्ट्रीट निकट इब्राहिम मस्जिद के आमान स्पेलर स्थित प्रतिष्ठान से टीम ने सरसों के तेल का एक नमूना लेकर राजकीय खाद्य प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि त्योहार को देखते हुए मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों की बिक्री पर शिकंजा कसने के लिए छापेमारी कर संदेह के आधार पर नमूने लिए गए हैं। जांच में मानक के विपरीत मिलने पर कार्रवाई होगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश, वीरेश पाल, एसएसडी सच्चन, अमिता जिज्ञासु, ज्योत्सना त्रिपाठी, जगदंबा प्रसाद, पीके त्रिपाठी, ओमपाल सिंह, राजीव कुमार वर्मा, धर्मपाल सिंह आदि शामिल रहे।

### महानगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक गीतों के स्थान पर अब बजते हैं फूहड़ गीत

# रासायनिक रंगों से बदरंग हो रहा होली का त्योहार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर हो ग्रामीण क्षेत्र समय के साथ हर जगह होली खेलने का ढंग बदल गया है। परंपरागत उल्लास में कमी से पुरानी पीढ़ी चिंतित है। वह अपने समय की होली पर उमंग और रिश्तों को मजबूती देकर त्योहार की खुशियों को याद कर रहे हैं। बुजुर्ग अपने समय और वर्तमान की होली में काफी बदलाव महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि पहले होली संस्कृति और संस्कार से जुड़ी थी। लेकिन अब फूहड़पन व राग-द्वेष कचोट रहा है। होली में रंग नहीं केमिकल एक-दूसरे को लगा रहे हैं। पहले जैसा प्यार भी नहीं है।

होली का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया जाता है। लेकिन, समय के साथ होली खेलने के तरीकों में भी बदलाव आया है। आजकल डीजे



लाल बहादुर



विनोद कुमार



समरपाल सिंह

और मदिरा होली के रंग में भंग डाल रही है। न तो फगुआ गीतों की बहार है और न दिलों का आपसी मेल। होली पर जहरीली शराब के सेवन से नशे में कितनों की जान चली जा रही है। वहीं रसायनों के प्रयोग से चेहरे और आंख को नुकसान की आशंका बनी रहती है।

कोकरपुर गांव निवासी लाल बहादुर ने बताया कि पहले होली शिष्टाचार से मनाई जाती थी। लेकिन अब होली के नाम पर अशिष्टता होती है। पहले गाए जाने वाले होली के पारंपरिक गीतों का स्थान अब फूहड़ गीतों ने ले लिया है। हमीरपुर निवासी विनोद कुमार ने कहा कि पहले रंग, गोबर, कीचड़-माटी की होली होती थी। अब उसके स्थान पर जले मोबिल, केमिकल युक्त रंगों व वार्निश आदि का इस्तेमाल धड़ल्ले से हो रहा है। इससे चर्म रोग होने का खतरा बना रहता है। अब होली के नाम पर किसी के कपड़े फाड़ देना और नशा कर कुछ भी बक देना आम बात हो गई है। पहले होली में

**बदलाव**

- रासायनिक रंगों के प्रयोग से नुकसान का रहता है डर
- होली पर बजने वाले गीत भारतीय संस्कृति का कराते थे अहसास

मजाक भी काफी शालीनता से होती थी पर अब फूहड़ता हावी है।

मानपुर निवासी समरपाल सिंह बताते हैं कि पहले काफी दिनों पहले फाग गीत शुरू हो जाते थे। पुरुष गांव की चौपाल पर इकट्ठा होते थे और महिलाएं घरों में पकवान की तैयारियों में जुट जाती थीं। लेकिन अब होली की वह मिठास नहीं रही। पहले होली शांतिपूर्वक उत्साह से खेली जाती थी। होली पर बजने वाले गीत देश की संस्कृति से जुड़े होते थे लेकिन अब तो अश्लील गीत शर्मिंदगी का कारण बन रहे हैं।

# काजीपुरा में अमृत वाटिका को खत्म कर नये निर्माण पर उठे सवाल

## नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित मूल बजट को सदन में चर्चा के बाद दी स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को पीलीकोठी स्थित शिविर कार्यालय में हुई। इसमें 2024-25 के प्रस्तावित मूल बजट क्लोजिंग बैलेंस को जोड़कर 68,355 लाख रुपये पर चर्चा की गई। इसमें फरवरी तक के खर्च पर भी जानकारी दी गई। निगम के वित्त एवं लेखाधिकारी एके मिश्र और अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार ने बजट के विभिन्न प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। विपक्ष के कई पार्षदों ने बजट में जनहित व विपक्ष के पार्षदों की उपेक्षा का आरोप लगाया।

महापौर विनोद अग्रवाल व नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल की उपस्थिति में कार्यकारिणी की बैठक हुई। नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने बैठक में अपने वार्ड में पूर्व एजेंसी द्वारा घर-घर कूड़ा उठान में की गई उगाही का मुद्दा उठाया। उन्होंने संबंधित फर्म के कार्यों की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की। वहीं उन्होंने देश की माटी वीरों को नमन अभियान के अन्तर्गत वार्ड नंबर 10 काजीपुरा में



बैठक में जानकारी देते अपर नगर आयुक्त व मौजूद महापौर विनोद अग्रवाल व अन्य।

- पार्षदों ने कई बिंदुओं पर उठाई आपत्ति, नगर आयुक्त व महापौर की उपस्थिति में हुई बैठक
- बरसात से पहले बुध बाजार में नाला निर्माण कराने की पार्षद देशरत्न कत्याल ने रखी मांग

बनी अमृत वाटिका को खत्म कर नया निर्माण कराने को गलत बताया। कहा कि यह प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पहल थी। इसकी अनदेखी कर निर्माण कराना अनुचित है। इसके अलावा उन्होंने मृतक सफाई कर्मियों के रिक्त पदों पर जल्द तैनाती करने की मांग की। कार्यकारिणी में भाजपा के पार्षद देशरत्न कत्याल ने बुध बाजार में 13 दुकानों का मामला उठाया। पूछा कि जो 13 दुकानें यहां से हटाई गई हैं उन्हें कहां व्यवस्थित किया जाएगा। जिस पर बताया गया कि उन्हें टाउनहाल पर जगह दी जाएगी। साथ ही बरसात से पहले नाला निर्माण कराने के लिए तेजी से कार्य कराने पर जोर दिया। बैठक में वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील दोहरे सहित निगम के अन्य अधिकारी व कार्यकारिणी के सदस्य पार्षद मौजूद रहे।

### टैक्स से नगर निगम की आय बढ़ाने पर जोर

बैठक में नगर निगम की आय बढ़ाने पर जोर दिया गया। 2024-25 के मूल बजट में 430 करोड़ आय व 412 करोड़ व्यय प्रस्तावित किया गया है। वित्त एवं लेखाधिकारी ने बताया कि निगम की आय बढ़ाने के लिए गृहकर व जलकर पर फोकस रहेगा। महापौर ने ई-रिक्शा और ऑटो को हर हाल में पंजीकरण के बाद ही उनको चलने देने की अनुमति देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कर के दायरे से छूटे लोगों को इसमें शामिल कर आय बढ़ाने की बात हुई।



सफाई कार्य का निरीक्षण करते अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार। ● अमृत विचार

### नाला सफाई व झाड़ियों के कटान का निरीक्षण करने पहुंचे अपर नगर आयुक्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** त्योहारों पर महानगर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के नगर आयुक्त के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त वार्डों में भ्रमण पर निकले। उन्होंने वार्ड 18 हरथला के आशियाना रामगंगा विहार वाले रोड पर नाला सफाई, सिल्ट व कूड़ा उठान में लापरवाही न बरतने का निर्देश सफाई निरीक्षकों व कर्मियों को दिया। अपर नगर आयुक्त ने सुबह पहले वार्ड 18 का भ्रमण किया। आशियाना फेज एक में मुख्य मार्ग से रामगंगा विहार जाने वाले रोड पर नाला सफाई कर निकाले गए सिल्ट का तत्काल उठान करने, कूड़ा सड़क से उठाने व नाले के किनारे झाड़ियों को अपने सामने कटवाया। इसके बाद उन्होंने वार्ड 64 व वार्ड 67 में झब्बू के नाले से नियारियो वाले चौराहे तक भूमिगत नाले व उसकी सफाई व्यवस्था देखी। जलभराव की शिकायत क्षेत्रीय पार्षद व नागरिकों ने की। जिस पर उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद ने नाले पर अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी करने और अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। उनके निर्देश पर प्रतिबंधित प्लास्टिक व प्रदूषण फैलाने व अतिक्रमण करने वालों का जुर्माना लगाकर 7,400 रुपये अर्थदंड वसूला। अधिकारियों ने अपने सामने भूमिगत नाला व मैनहोल की सफाई कराई। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे, सफाई व खाद्य निरीक्षक सुरेंद्र व पवन कुमार, क्षेत्रीय पार्षद जुनैद व मोहित गौड़ आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में आने वाली समस्याओं के प्रति जागरूक किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सेवार्थ विद्यार्थी की ओर से बुधवार को ओम भवन संघ कार्यालय पर करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉ. विशेष गुप्ता, डॉ. अंकित कुमार, प्रांत प्रमुख (एसएफएस) गिरिराज सिंह, महानगर संयोजक एसएफएस छविनाथ अरोड़ा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्य वक्ता मेरठ प्रांत प्रमुख गिरिराज सिंह ने करियर काउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में आने वाली समस्याओं के प्रति जागरूक किया। सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्टार्टअप के बारे में भी बताया। डॉ. विशेष कुमार गुप्ता ने कहा कि पहले हमें अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। उसके बाद उसकी पूर्ति के लिए पूर्ण ऊर्जा के साथ जुट जाना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष कोठीवाल डेंटल कॉलेज के सर्जन डॉ. अंकित गुप्ता द्वारा मेडिकल से संबंधित तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को आने वाले किसी भी समस्या से संबंधित जानकारी के लिए सदैव उपलब्ध रहने के लिए कहा। इस अवसर सरल शर्मा, योगेंद्र सिंह, अमन शर्मा, पुनीत अग्रवाल, रितिक चौहान, गौरव, अस्मित चौधरी, शिवांगी शर्मा, सोहित राघव, आकाश सैनी, सचिन राजपूत, काजल ठाकुर, अंशुल सैनी आदि मौजूद रहे।




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. विशेष गुप्ता।

# अस्पताल में बढ़े खांसी, जुकाम के मरीज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मौजूदा समय में सुबह व रात की ठंड और दोपहर में तेज धूप से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। इस बदलते मौसम में लोग वायरल फीवर, खांसी-जुकाम की गिरफ्त में आ रहे हैं। जिसके चलते जिला अस्पताल व निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

मार्च का आधा महीना पूरा हो चुका है। दिन में कई बार मौसम का मिजाज बदलने से लोगों में संक्रमण की शिकायतें बढ़ रही हैं। तापमान के उतार-चढ़ाव का असर बच्चों व बुजुर्गों पर ज्यादा दिखाई दे रहा है। सुबह और रात की ठंड लोगों को वायरल फीवर का शिकार कर रही हैं। वहीं चिकित्सकों का कहना है कि मौसम परिवर्तन के चलते खास तौर से पेशाब में जलन के मरीज भी अधिक आ रहे हैं। उल्टी व दस्त के मरीजों की



जिला अस्पताल की ओपीडी में पर्चा बनवाने के लिए लगी भीड़। ● अमृत विचार

संख्या काफी है। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि मौजूदा समय में सर्दी-खांसी व जुकाम के फैलने का मुख्य कारण सर्दी से बचाव में लापरवाही है। लोग बीमार होते हुए भी सार्वजनिक स्थान पर मुंह में कपड़ा नहीं रखते, जिसके कारण सर्दी-जुकाम के कीटाणु हवा में फैलते हैं और अन्य लोगों के संपर्क में आते ही उन्हें भी बीमार बना देते हैं। ऐसे में वायरल फैल रहा है। जिला अस्पताल में मौसमी बीमारी के चलते गत चार-पांच दिनों से कुछ ज्यादा ही मरीज पहुंच रहे हैं। मरीजों की संख्या पिछले दिनों के मुकाबले में अधिक है। चिकित्सक कक्ष और दवा काउंटरों पर लोगों की लंबी कतारें सुबह से लग जाती हैं। निजी अस्पतालों में मौसमी बीमारियों से परेशान मरीज आ रहे हैं।

## सीबीएसई की दसवीं की परीक्षाएं समाप्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10 की परीक्षाएं बुधवार को समाप्त हो गईं। आखिरी दिन कक्षा 10वीं की कंप्यूटर एप्लिकेशन, इन्फॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय की परीक्षा हुई। सीबीएसई 12वीं की परीक्षाएं 2 अप्रैल को समाप्त होंगी।

सीबीएसई की परीक्षा की शुरुआत 15 फरवरी से हुई और बुधवार को कक्षा 10 का आखिरी पेपर था। परीक्षा समाप्त होते ही विद्यार्थियों ने परीक्षा केंद्रों के बाहर जमकर होली खेली। एक दूसरे पर रंग और गुलाल डाला। विद्यार्थी काफी प्रसन्न दिखाई दिए। परीक्षार्थी राहुल ने बताया कि उसका आईटी का पेपर था। सभी पेपर काफी अच्छे गए हैं। यह पेपर भी काफी अच्छा हुआ है। चेतन ने बताया कि पेपर काफी अच्छा गया है और रिजल्ट काफी अच्छा आएगा।

# अर्थव्यवस्था में नारी की भागीदारी अहम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के अंतिम दिन बुधवार को चतुर्थ तकनीकी सत्र का ऑनलाइन संचालन किया गया। इसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र केजीके कॉलेज प्रो. गिरीश चंद्र पाण्डेय ने किया।

सत्र में लगभग 55 प्रतिभागियों ने अपना शोधपत्र पढ़ा। समापन सत्र महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा, मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक ट्रैफिक आशीष प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रेलवे अंजू सिंह, महिला उद्यमी आर्किटेक्ट शिविका मेहरोत्रा गुप्ता द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ। प्राचार्या ने कहा-किसी भी देश की




राष्ट्रीय सेमिनार में मौजूद प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा व अन्य। ● अमृत विचार

**सेमिनार**

- गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन
- 300 प्राध्यापकों व शोधार्थियों ने ऑनलाइन-ऑफलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया

अर्थव्यवस्था में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। सेमिनार में देश भर से आए लगभग 300 प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने ऑनलाइन-ऑफलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. किरन त्रिपाठी, प्रो. सीमा गुप्ता, डॉ. अपर्णा तिवारी, डॉ. प्रीति पांडेय, डॉ. शेफाली अग्रवाल, डॉ. रेनू शर्मा, डॉ. प्रज्ञा मित्तल, डॉ. सीमा रानी, डॉ. मोनिका सिंह की समग्र आयोजन में सक्रिय सहभागिता रही। उप प्राचार्या प्रो. अंजना दास, प्रो. अंशु सरीन, प्रो. कविता भटनागर आदि मौजूद रहीं।

## शांतिपूर्ण हुईं 12वीं कक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षाएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट के छूटे परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं तीन केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुईं।

प्रयोगात्मक परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न हुईं। राजकीय इंटर कॉलेज लाइनपार में रसायन विज्ञान में 61, जीव विज्ञान में 70 और भौतिक विज्ञान में 68 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। अंबिका प्रसाद इंटर कालेज में भूगोल विषय में 40 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज में गृह विज्ञान की 7 और संगीत गायन में एक परीक्षार्थी ने परीक्षा दी।

## तालाब का निर्माण कार्य अधर में लटका

**अगवानपुर, अमृत विचार:** नगर पंचायत में ईदगाह रोड स्थित तालाब का निर्माण कार्य ठेकेदार की लापरवाही के चलते अधर में लटक गया है। जिसको लेकर अधिशासी अधिकारी व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील कुमार धनवंता ने बताया कि यह निर्माण कार्य ठेकेदार की लापरवाही के कारण अधूरा पड़ा है। हमने ठेकेदार को नोटिस भेजा है। जिसमें एक सप्ताह के भीतर तालाब का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए कहा है। ऐसा न होने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण 2022 से निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है।

**जागरूकता** धूम्रपान निषेध दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया आयोजन

# रैली निकालकर धूम्रपान न करने को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** धूम्रपान निषेध दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से रैली निकाली गई। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से निकली रैली महानगर के विभिन्न मार्गों से होकर जिला चिकित्सालय में वापस लौटी। रैली में शामिल एनसीसी के कैडेट्स व स्वयंसेवियों ने लोगों से तंबाकू उत्पादों का सेवन व धूम्रपान न करने के लिए अपील की। कहा कि इससे बीमारियां बढ़ती हैं।

रैली का आरंभ अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भारत भूषण ने हरी झंडी दिखाकर किया। इसमें शामिल 23 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेट्स व एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की प्रशिक्षुओं ने शामिल होकर लोगों




धूम्रपान निषेध दिवस के उपलक्ष्य में रैली में लोगों को जागरूक करते एनसीसी कैडेट्स व अन्य।

को धूम्रपान से होने वाले नुकसान की जानकारी देकर इससे दूर रहने को प्रेरित किया। रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्रारंभ होकर पीलीकोठी चौराहे से आयुक्त कार्यालय होते हुए जिला चिकित्सालय में आकर समाप्त हुई। रैली के दौरान पंफलेट और स्लोगन के माध्यम से तम्बाकू उत्पाद और धूम्रपान का सेवन न करने के लिए लोगों को जागरूक किया। इसके बाद जिला चिकित्सालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान को युवाओं पर केंद्रित किया गया। हस्ताक्षर कर यह संकल्प लिया गया कि भविष्य में कभी भी धूम्रपान और तम्बाकू का सेवन नहीं करेंगे। जिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने चिकित्सालय व ओपीडी में उपस्थित कर्मचारियों, चिकित्सकों और मरीजों को तम्बाकू उत्पाद का सेवन न करने और धूम्रपान छोड़ने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की सफलता में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र कुमार, जनपदीय सलाहकार तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. प्रशान्त राजपूत, मेजर राजीव ढल, फिरोज बी, रीमा यादव, सामाजिक कार्यकर्ता तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम श्योवीर सिंह, जिला चिकित्सालय प्रबंधक रजनीश, कुलदीप सक्सेना, दीप्ति यादव एनसीडी काउन्सलर, आकाश चौधरी आदि का सहयोग रहा।

## निशुल्क शिविर में हुई लोगों की सेहत की जांच

**मुरादाबाद अमृत विचार:** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। इसका आरंभ विद्यालय के प्रबंधक दया किशन गुप्ता और सचिव दिलीप कुमार ने किया।

शिविर में फिजिशियन डॉ. दीपक शर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हबीब बेगस, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. इंद्रानी हलदर, कपिल त्यागी ने लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। चिकित्सकों की टीम द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र व अन्य जांच की गई। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक और आसपास क्षेत्र के लोग जांच कराने पहुंचे। इस मौके पर प्रबंध समिति के राजीव अग्रवाल, अरुण कुमार शुक्ला, मेजर राजीव ढल, स्मिता सक्सेना, तान्या, ऋतिक सैनी आदि मौजूद रहे।

# यूविन पोर्टल पर स्लॉट बुक कर कराएं बच्चों का टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बुधवार को लांच हुआ यूविन पोर्टल अभिभावकों को मिली सहूलियत

**अमृत विचार:** टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए टीके लगवाने के लिए अभिभावकों को पोर्टल की सहूलियत दी गई है। कोरोना महामारी के दौरान संचालित हुए पोर्टल की तर्ज पर बुधवार को यूविन पोर्टल लांच कर दिया गया है। यह सुविधा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कराने में भी लागू रहेगी।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. कुमेश वार्ष्णेय ने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से अभिभावक अपने छह साल तक के बच्चों को टीका लगवाने के लिए उसी तरह स्लॉट बुक करा सकेंगे जैसे कोरोना से बचाव को टीका लगवाने के लिए कराया जा रहा था। स्लॉट बुकिंग से देश में कहीं पर भी टीका लगवाया जा सकेगा। जैसे जनपद निवासी कोई अभिभावक अगर दक्षिण भारत गया हुआ है तो वह यूविन पोर्टल पर स्लॉट बुक कराकर वहां नजदीक के टीकाकरण केंद्र पर बच्चे को टीका लगवा सकेगा। बुधवार को पोर्टल की लांचिंग के बाद डॉ. कुमेश वार्ष्णेय के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभिन्न टीकाकरण केंद्रों का दौरा किया और शुरुआत में सामने आईं व्यावहारिक दिक्कतों को निस्तारित कराया। टीका लगाने के बाद संबंधित एएनएम को तत्काल यूविन पोर्टल पर इसका ब्योरा ऑनलाइन फीड किए जाने के निर्देश दिए।


REQUIRED TEACHERS
The Parv's Academy
(An English Medium Academy)
Need Teachers for Nur. to 12th- All Subject
Salary- 5000/- to 15000/-
Add- Village & Post :- Fatehpur
Bishnoi,- 244001 (MBD)
Contact No.- 9917980436, 7500109306
Walk in Interview from 12/03/2024
Whatsapp your Resume or mail on
theparvsacademy@gmail.com

एक नजर

### 55 बकायेदारों के काटे बिजली के कनेक्शन

**अमरोहा, अमृत विचार :** मंगलवार को बिजली विभाग ने बड़े बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 55 बड़े बकायेदार के घरों के कनेक्शन काट दिए गए। तृतीय विद्युत वितरण खंड के अधिकारी जीडी प्रजापति के नेतृत्व में बड़े बकायेदारों के खिलाफ बिजली विभाग ने अभियान चलाया। छापेमारी कर बड़े बकायेदारों के घरों के कनेक्शन काट दिए गए। जीडी प्रजापति ने बताया कि 30,000 से ऊपर वाले जितने भी बड़े बकायेदार हैं। उनसे वसूली के लिए पावर कारपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को तीनों बिजली घर क्षेत्र में 55 बड़े बकायेदारों के घरों के कनेक्शन काटे गए हैं। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिए निर्देश

**हसनपुर, अमृत विचार :** अपर आयुक्त प्रशासन ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिए। अपर आयुक्त बृजेश कुमार प्रशासन ने बुधवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त ने तहसील के रिकॉर्ड को देखा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान राजस्व वसूली रजिस्ट्री, अधिकारियों व कर्मचारी के उपस्थिति रजिस्टर भी गहनता से देखे। इस दौरान अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। अपर आयुक्त ने तहसील परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी, तहसीलदार सुदीप कुमार आदिरहे।

### पुलिस ने पैदल मार्च कर लोगों को दिलाया भरोसा

**सैदनगली, अमृत विचार :** देश में सीएए लागू होने, होली, रमजान और लोकसभा चुनाव को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में नगर में पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के साथ पैदल मार्च किया। सीएए लागू होने, लोकसभा चुनाव, रमजान तथा होली को सकुशल संपन्न कराने और भाईचारे से त्योहार मनाने की अपील की गई। थाना अध्यक्ष वरुण कुमार ने बताया कि त्योहार, होली व रमजान आपसी भाईचारे का पर्व हैं। सभी नागरिकों से प्रशासन व पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। थाना अध्यक्ष वरुण कुमार समेत पुलिसकर्मी एवं पैरामिलिट्री फोर्स के जवान मौजूद रहे।

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

## दूसरा युवक घायल, शादी समारोह में जा रहे थे दोनों

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** अलीगढ़ मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दोनों युवक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।


नितिन की फाइल फोटो

कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कलां निवासी 25 वर्षीय नितिन पुत्र रनवीर गांव निवासी अपने साथी सुशील पुत्र कुंवरसेन के साथ मंगलवार रात बाइक से गांव निवासी नरेश के पुत्र की शादी में थाना रहरा के ग्राम खेलिया पट्टी जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक रहरा थाना क्षेत्र के बुरावली बिजली घर के सामने पहुंची तो वहां उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में नितिन की मौत हो गई, जबकि सुशील गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर जुटी भीड़ व पुलिस ने घायल को रहरा सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। नितिन के परिवार में पत्नी व एक बेटी है।

वह मजदूरी कर परिवार की गुजर बसर कर रहा था। थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई है।


हसनपुर क्षेत्र के गांव शाहपुर कलां में विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

### वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा-नौगांवा सादात मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव रजाकपुर के गांव सरफुद्दीनपुर में स्व. फूल सिंह का परिवार रहता है। सोमवार रात उनका बेटा विनीत कुमार बाइक से अमरोहा आ रहा था। जैसे ही वह गांव रजाकपुर के सामने पहुंचा तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में विनीत घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन ने उसे निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई है, मृतक के तहेरे भाई नरेश कुमार की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### बाइकों की टक्कर में दो लोगों की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

क्षेत्र के तिगरी गांव निवासी गिरीश कुमार गुप्ता (45) गांव में दुकान चलाते थे। बुधवार शाम गिरीश बाइक से सामान लेकर घर वापस लौट रहे थे। उसी समय सम्भल के नखासा थाना क्षेत्र के पाली गांव निवासी लोकेश कुमार भी बाइक से तिगरी से वापस लौट रहे थे। गजरौला-तिगरी मार्ग पर गंगा बांध के निकट दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार गिरीश व दूसरी बाइक सवार लोकेश की मौत हो गई। जबकि हादसे में एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने लोगों की मदद से घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। जानकारी मिलने पर गिरीश के परिवार वाले भी सीएचसी पहुंच गए थे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


सीसी रोड निर्माण का फीता काटकर शिलान्यास करते विधायक व अन्य।

## चार गांवों में सीसी रोड का विधायक ने किया शिलान्यास

संवाददाता, हसनपुर/ रहरा

**अमृत विचार :** चार गांवों में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने सीसी एवं डामर की चार सड़कों का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार बिना भेदभाव के सड़कों का जाल बिछा रही है।

बुधवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम कुदैना चक में ग्राम बिजौरा से कबीरपुर होकर गंगा बांध तक जाने वाली सड़क पर 200 मीटर सीसी एवं 800 मीटर पीसी, ग्राम सुल्तानठेर से मोहम्मदपुर तक 125 मीटर सीसी एवं 650 मीटर पीसी, ग्राम सादुल्लापुर से तिगरिया खादर तक 300 मीटर लंबी आरसीसी सड़क एवं ग्राम कांकाठेर में नागेश्वर मंदिर से गांव की ओर तक 300 मीटर सीसी सड़क व 1200 मीटर लंबी डामर रोड का निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

इस मौके पर देवेंद्र सिंह खड़गवंशी, डॉ. महावीर सिंह, मुन्नालाल, सत्य प्रकाश, रोहतास कुमार, नदीम, धर्मपाल, नरोत्तम, सरजीत, देशराज, जयदीप, प्रमोद, कामिल आदि रहे।

## ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात युवक और महिला की मौत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं, बुधवार को जोया ओवर ब्रिज के नीचे रेल लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई।

मंगलवार देर रात शहर में बूढ़े बाबू मठ के निकट गजरौला-मंडी धनौरा रेलवे ट्रैक पर मुरादाबाद-नजीबाबाद पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर युवक (25) की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर आरपीएफ व थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस युवक की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है। युवक की पहचान नहीं हो पाई है।

### ट्रेन से कटकर महिला की गई जान

**अमरोहा, अमृत विचार :** जोया ओवर ब्रिज के नीचे रेल लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। महिला के शव की पहचान नहीं हो पाई है। बुधवार सुबह जोया मार्ग स्थित ओवर ब्रिज के नीचे महिला रेलवे लाइन पार कर रही थी। इस दौरान वहां से गुजरी ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौके पर ही मौत हो गई। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर जीआरपी व पुलिस मौके पर पहुंच गई। काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं सकी। जीआरपी ने शव को मोर्चरी में रखवाया है।

## एटीएम कार्ड बदलकर बैंक खाते से निकाले 32500 रुपये, रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** एटीएम कार्ड बदलकर 32500 रुपये निकालने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव पशुवा नंगला सोहत निवासी मुकेश कुमार आठ मार्च को किसी काम से गजरौला आए थे। उनका इंदिरा चौक के निकट एटीएम बूथ पर रुपये निकालने में मदद करने की बात कहते हुए एटीएम कार्ड बदल दिया। कुछ देर बाद दूसरे एटीएम से चार बार में 32 हजार 500 रुपये उनके खाते से निकाल लिए गए। मोबाइल पर बैंक खाते से रुपये निकासी का मैसेज आने के बाद मुकेश को इसकी जानकारी हुई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मामले में मुकेश की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी कर रुपये निकालने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही है।

# तीन दिन में पूरे कराएं मंडी समिति के काम : डीएम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ चुनाव के मद्देनजर मंडी समिति में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने पहुंचे थे डीएम व एसपी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने मंडी समिति में पहुंचकर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां उन्होंने बैरीकेडिंग, वाहन पार्किंग सहित अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कार्य की धीमी प्रगति पर मंडी सचिव को फटकार लगाई। उन्होंने तीन दिन के अंदर सभी कार्य पूरा करने की हिदायत दी।

बुधवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां को लेकर मंडी समिति में पहंचे। यहां पर उन्होंने स्ट्रांग रूम का जायजा लेते हुए ईवीएम रूम, बैरिकेडिंग वाहन पार्किंग, सुरक्षा सहित अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने सुरक्षा को चाक चौबंद करने को लेकर कहा कि बैरिकेडिंग को सही तरीके से लगाया जाए। जिलाधिकारी ने भी स्ट्रांग रूम की साफ सफाई, रंगाई-पुताई, खिड़की और दरवाजों की टूट मरम्मत के कार्य, दुकानों को खाली कराने के कार्य वाहन पार्किंग, पोलिंग पार्टी की रवानगी, सामग्री वितरण सहित विभिन्न विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में मंडी सचिव से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कार्य की धीमी प्रगति पर मंडी सचिव से नाराजगी जताते हुए कहा कि तीन दिनों में सभी कार्य पूर्ण करा लिए जाएं। कहा कि यदि कार्य पूरा नहीं किया गया तो कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि वाहन पार्किंग और बैरीकेडिंग के लिए जो स्थान चिह्नित है, उसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली जाएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। कहा कि सभी हॉल की सफाई, टूट-फूट मरम्मत व जो खुला स्थान है उसको बंद करने का कार्य प्राथमिकता के साथ तीन दिन के अंदर पूरा कर लिया जाए। कहा कि तीन दिन के अंदर कार्य पूर्ण नहीं होने पर पुनःनिरीक्षण करने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिला अधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार, अपर उप जिलाधिकारी भगत सिंह, सुनीता सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी आदि रहे।



मंडी समिति में निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, एसपी व अन्य।

# राष्ट्रीय महिला योगासन चैम्पियनशिप सम्पन्न, प्रतिभागियों को दिए पदक

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** खेल मंत्रालय एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इण्डिया एवं राष्ट्रीय योगा आयोग के संयुक्त तत्वावधान में उप्र योगासन फेडरेशन द्वारा आठ मार्च से 13 मार्च तक हुई कन्या गुरुकुल चोटीपुरा में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का बुधवार को समापन हो गया। इसमें 29 राज्यों के 582 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

चतुर्थ सीनियर महिला नेशनल योगासन चैम्पियनशिप के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. जयदीप आर्य ने सबसे पहले गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा में डॉ. सुमेधा आर्य एवं गुरुकुल की छात्राओं के साथ यज्ञ किया। उसके बाद सभी योगासन एथलीटों के साथ योग सत्र का प्रारंभ किया। डॉ. जयदीप आर्य ने सभी प्रतिभागियों को पदक देकर पुरस्कृत किया गया। नमामि गंगे के सभी वालिंटियरों को प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने सभी खिलाड़ियों को वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय की तरफ से उपहार देकर सम्मानित किया। कहा कि प्रधानमंत्री के नारी शक्ति वंदन, बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ जैसी योजनाओं से महिला सशक्तीकरण देश में चरम पर है। राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश की बेटियां पदक तालिका में बेटों से अधिक पदक जीतकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाने का काम कर रहीं हैं। इस अवसर पर डॉ. सुमेधा आर्य, आनंद डिग्री कॉलेज के चेयरमैन नेमपाल सिंह, योगासन भारत के कोषाध्यक्ष रचित कौशिक, उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव रोहित कौशिक, पीयूष कांत मिश्रा, जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन अमरोहा के जिलाअध्यक्ष जोगिन्द्र सिंह, नौबहार सिंह, पुरुजीत सिंह, पूनम शर्मा, सचिन चौधरी, कोमल, गौरव धारीवाल आदि उपस्थित रहे।



खिलाड़ी को सम्मानित करते डॉ. राजीव त्यागी व अन्य। ● अमृत विचार

## कार और ट्रैक्टर के लिए मांगे चार लाख रुपये, पांच पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

कार्रवाई

▸▸ मारपीट कर महिला को घर से निकाल दिया था

▸▸ महिला के पति समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** महिला ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया। साथ ही ननदोई पर भी छेड़खानी का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। मामले में पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

यह मामला रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव का है। यहां के निवासी किसान की बेटी की शादी 28 जून 2021 को हरियाणा के कैथल जिले के गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल वालों ने महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उससे रोजाना दहेज की मांग की जाती थी।

दहेज में कार और ट्रैक्टर खरीदने के लिए मायके से चार लाख रुपये लाने का दबाव बनाया गया था। महिला ने इसका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की गई। आरोप यह भी है कि ननदोई ने छेड़छाड़ करते हुए मोबाइल से अश्लील मैसेज किया।

इतना ही नहीं महिला ने इसका विरोध किया तो ससुराल वालों ने बीते साल में उसे को मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसके बाद वह मायके में आकर रहने लगी। पीड़िता ने अब इसकी शिकायत पुलिस से की है। जिसमें पुलिस ने आरोपी पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपार्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सीएचसी में उमड़ी मरीजों की भीड़

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी के साथ बढ़ रहा है। सीएचसी सहित निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। बुधवार को सीएचसी में दवाई की खिड़की एवं पंजीकरण कक्ष के बाहर मरीजों की कतार लग रही है।

सीएचसी में बुधवार को बुखार, खांसी, जुकाम समेत अन्य बीमारियों से ग्रस्त 200 मरीजों ने पंजीकरण कराया। पंजीकरण कक्ष से लेकर दवा की खिड़की के बाहर मरीजों की लंबी कतार लगी रही। अस्पताल में इन दिनों वायरल, बुखार और खांसी जुकाम समेत त्वचा रोग के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मौसमी बीमारियों के पैर पसारने से सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतार लग रही है। चिकित्सकों के अनुसार मौसम के उतार-चढ़ाव के चलते और लापरवाही के कारण लोग कई बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। सीएससी प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मौसम बदलने से मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। बुधवार को लगभग 200 मरीज को ओपीडी में परामर्श दिया गया।






आयोजन

शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से पौधरोपण करने को कहा

# स्वयंसेवियों ने लोगों को पर्यावरण का महत्व बताया

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** भागीरथी देवी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने मोहल्ला महादेव स्थित आनंद धाम में चल रहे सात दिवसीय शिविर का दूसरा दिन पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता अग्रवाल के निर्देशन में स्वयंसेवियों ने आनन्द धाम आश्रम के परिसर में साफ-सफाई कर मोहल्ला महादेव में रैली निकाल कर मोहल्लेवासियों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक किया गया।

रैली में स्वयंसेवी टोलियों में पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित बैनर लेकर चल रहे थे। स्वयंसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर गोष्ठी भी की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता अग्रवाल ने स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को पर्यावरण प्रदूषण से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने सभी से कहा कि सभी को अपने जीवन में कम से कम दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए। स्वयंसेवियों ने आनन्द धाम आश्रम के परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभय कुमार, डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. सुधा रानी, बृजेश कुमार, देवेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में पर्यावरण के प्रति जागरूक करते स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

### स्वच्छता अभियान के तहत सफाई का दिया संदेश

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के शेरपुर रोड स्थित अमर सिंह डिग्री कलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर के दूसरे दिन स्वच्छता अभियान चलाया। शिविर में स्वयंसेवियों ने गांव शहबाजपुर गुर्जर की मडैयों में स्वच्छता जागरुकता को लेकर स्वयंसेवियों ने गांव में पोस्टर बैनर के माध्यम से रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार कटारिया ने कहा कि साफ-सफाई से मनुष्य शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर प्रवक्ता डॉ. अशोक कुमार गोला, शिवा सैनी, पूनम शर्मा, निसार अहमद, समरपाल, विजयपाल सिंह, निशिन सैनी, अली अजीम, अर्शी आदि मौजूद रहे।

### गंगा के किनारे प्रसाद की दुकान में तोड़फोड़ पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** तिगरी में गंगा के किनारे लगी प्रसाद की दुकान में तोड़फोड़ कर आरोपियों ने महिला से मारपीट भी की। मामले में पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

क्षेत्र के गांव लठीरा निवासी संध्या तिगरी में गंगा के घाट पर प्रसाद बेचती हैं। वह 10 मार्च को प्रसाद की दुकान पर थीं। आरोप है कि उनके देवर के साथ कुछ लोग आए और दुकान में तोड़फोड़ करते हुए सामान फेंक दिया। आरोपियों ने संध्या के साथ भी मारपीट की। मौके पर शोर होने पर भीड़ जमा हुई तो आरोपी फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मामले में धर्मपाल उर्फ डीपी, मुनेश, कुलदीप, दीपांशु व राजेंद्र झा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही है।

## एक नजर

### चोरों ने तीन ट्रैक्टरों से चोरी की बैटरी

**संभल/सौंधन अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक की रात में तीन ट्रैक्टरों से बैटरियां चोरी कर लीं। थाना क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर में मंगलवार देर रात चोर रामकिशोर घर के दरवाजे पर खड़े ट्रैक्टर से बैटरी निकाल ली। इसी तरह होराम सिंह के ट्रैक्टर से, होराम सिंह के यहां रिश्तेदारी में आए गांव सारंगपुर निवासी डम्बर सिंह के ट्रैक्टर से बैटरी व पटिया चोरी का ली। बुधवार को सुबह घटना जानकारी हुई। पीड़ित किसानों ने पुलिस को सूचना दे दी है।

### रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**संभल/गुन्नौर अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर बाइक को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिसमे बाइक सवार युवक घायल हो गया। जनपद बदायूं के सहसवान निवासी अमरपाल बुधवार को सुबह बाइक से अलीगढ़ जा रहा था। जैसे वह गांव रसूलपुर के पास पहुंचा पीछे आई रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में अमरपाल घायल हो गया। लोगों ने अमरपाल को सीएचसी में भर्ती कराया।

### आसिफ इकबाल बने मजदूर सभा के राष्ट्रीय सचिव

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :**



समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर सिरसी के मुहल्ला शर्की निवासी आसिफ इकबाल जैदी को मजदूर सभा का राष्ट्रीय सचिव नामित किया है।

### पिता पुत्रों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला तकिया निवासी उवैस बुधवार को बकरियों को खिलाने के लिए मुहल्ला में ही पेड़ों के पत्ते बेच रहा था। आरोप है कि मुहल्ला का ही एक व्यक्ति आकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर व्यक्ति ने पेड़ों के पत्ते उठाकर सड़क पर फेंक दिए और अपने बेटों के साथ मिलकर उवैस के साथ मारपीट की। जिसमें उवैस घायल हो गया।

# पुल के नीचे पड़ा मिला अधेड़ का शव परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

## मंगलवार शाम घर से निकला था रामनिवास, देर रात मिला शव

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में मुख्य मार्ग के किनारे पुल के नीचे अधेड़ का शव टपरी में बंद पड़ा मिला। अधेड़ के सिर पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। फोरेंसिक टीम ने मौके पर साक्ष्य जुटाए। मां और परिजनों ने पत्नी पर ही अधेड़ की हत्या कराने की आशंका जताई है। हालांकि मामले में पुलिस को तहरीर नहीं दी गई।

थाना क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर निवासी रामनिवास (40 वर्ष) पुत्र मानिकचंद मंगलवार को अमरोहा जनपद के आदमपुर की साप्ताहिक बाजार से खरीदारी करके घर लौटा। शाम को रामनिवास मुबारिकपुर अड्डे पर जाने की बात कहकर घर से गया। देर रात संभल-गवां मार्ग पर गांव कमालपुर के पास पुल के नीचे टपरी (प्लास्टिक के कट्टों से बना तिरपाल ) में बंद रामनिवास का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जांच पड़ताल की तो रामनिवास के हाथ पैरों पर गंभीर चोटें और सिर पर धारदार हथियार से वार के निशान दिखे। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे तो रामनिवास के शव को देखकर बिलखने लगे। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने कहा कि रामनिवास की मौत की सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर सामने आएगी। अभी परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



ग्रामीण की मौत के बाद शोकाकुल परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

### परिजनों ने पत्नी पर लगाया हत्या का आरोप

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** रामनिवास की मां रमनिया देवी और अन्य परिजन बिलख रहे हैं। इन्होंने रामनिवास की पत्नी राजवती पर हत्या कराने की आशंका जताई है। कहा कि रामनिवास की पत्नी चार महीने से चार बच्चों को लेकर उत्तराखंड के ऋषिकेश में अपने जीजा के साथ रह रही है। जीजा के पास रहने को लेकर रामनिवास का पत्नी से विवाद भी हुआ था।

## लूट के विरोध पर फायर किया, बट मारी, घायल

**संभल, अमृत विचार:** कैलादेवी थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात बाइक लेकर पैदल जा रहे मजदूर ने रुपये लूटने का विरोध करने पर एक व्यक्ति पर फायर करने व तमंचे की बट सिर पर मारकर घायल करने का आरोप लगाया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मजदूर का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव अतरासी निवासी गोपाल कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव कैलमुडी में स्थित सीमेंट की ईंट बनाने की फैक्ट्री पर काम करता है। मंगलवार की रात साढ़े दस बजे गोपाल फैक्ट्री स्वामी से पांच हजार रुपये लेकर बाइक से घर जा रहा था। थाना क्षेत्र के गांव चकरपुर के पास गोपाल की बाइक अचानक से खराब हो गई। जिसके बाद गोपाल पैदल बाइक लेकर वापस फैक्ट्री पर जा रहा था। आरोप है कि कैलमुडी के पास एक व्यक्ति ने रोक लिया और तमंचा लहराते हुए जेब में रखे रुपये मांगने लगा। विरोध करने पर व्यक्ति ने फायर झोंक दिया और बाल बाल बचने पर व्यक्ति ने तमंचे की बट सिर में मारकर गोपाल को घायल कर दिया।

## सार संक्षेप

### अनुशासन में रहकर सामाजिक बुराइयां दूर करें

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** जवाहर लाल मेमोरियल नगर पंचायत इंटर कॉलेज सिरसी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर उच्च प्राथमिक विद्यालय मिलक मझरा सिरसी से लगा। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल एवं आसपास की जगह पर सफाई कर श्रमदान किया। शिविर का उद्घाटन प्रधान फय्याज सैफी और इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रवीन्द्र कुमार शर्मा, बहजोई डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ .वीरेंद्र कुमार गुप्ता, स्कूल की प्रधानाध्यापिका अनीता सागर ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि डॉ . वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व और उद्देश्य पर युवाओं की भूमिका के बारे में बताया। प्रधानाध्यापिका अनीता सागर ने स्वयंसेवकों को स्वच्छ रहने, नियमित निरंतर योग करने को कहा ताकि स्वस्थ रह सकें। प्रधानाचार्य रवीन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि अनुशासन में रहते हुए समाज के अंदर फैली बुराइयों को दूर करने का प्रयास करना है। शिक्षक चितेंद्र कुमार भटनागर, नूरे हसन ने विचार रखे। कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार रस्तोगी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### मायके से रुपये न लाने पर दिया तलाक, मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** मुहल्ला नई सराय निवासी शाहरुख की पत्नी अंजुम ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि दस माह पहले शादी मुहल्ला के ही शाहरुख के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले अंजुम से मायके से रुपये लाने की मांग करने लगे थे। मना करने पर मारपीट करते थे। इसी बात को लेकर शनिवार की रात दस बजे ससुराल वालों ने डेढ़ माह की गर्भवती अंजुम के साथ ससुराल वालों ने लात घूसों से मारपीट की और शाहरुख ने अंजुम को तलाक दे दिया। मारपीट से अंजुम को रक्तस्राव होने लगा। सूचना मिलने पर मायके वाले मौके पर पहुंचे और डॉक्टर से अंजुम का उपचार कराया।

### आठ किसानों के नलकूपों से सामान चोरी

**संभल/ओबरी अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव अखबंदपुर निवासी राजेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, संजीव पाल, संजीव चौधरी, अजीत सिंह, दिलेराम, चेतन सिंह के नलकूपों को चोरों ने मंगलवार को रात निशाना बनाया। चोर नलकूपों से स्टार्टर और केबल चुराकर ले गए। बुधवार को सुबह घटना की जानकारी हुई। राजेंद्र सिंह आदि ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग उठाई। वहीं गांव धामपुर के इंदर सिंह के नलकूप से भी स्टार्टर और केबल चोरी की घटना हुई।

### वोट का प्रयोग कर अच्छी सरकार चुनें युवा

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष सात दिवसीय शिविर के छठे दिन उद्देश्य मतदान में युवाओं की भूमिका रहा, कैंप के स्वयंसेविकों ने गांव में भ्रमण किया। ग्रामीणों को मतदान के महत्व के बारे में बताया। गांव श्रीनगर कनेटा में चल रहे शिविर के छठे दिन गांव में भ्रमण कर छात्र-छात्राओं ने गांव के युवाओं को बताया गया कि वह किस प्रकार एक मतदान से अपनी मनचाही सरकार को चुनकर देश को विकास के रास्ते पर ले जा सकते हैं। द्वितीय सत्र में मतदान में युवाओं की भूमिका पर गोष्ठी आयोजित की गई।

### चारपाई पर सो रहे ग्रामीण की करंट से मौत



**संभल/पंवासा, अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र में कमरे के अंदर छत से होकर जा रहा केबिल अचानक टूटकर लोहे की चारपाई पर गिर गया। करंट से चारपाई पर सो रहे ग्रामीण की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव किसौली निवासी अवनीश 32 वर्ष मंगलवार की रात कमरे में लोहे की चारपाई पर सो रहा था और अवनीश की पत्नी सीटू देवी अपने दो बेटों व एक बेटी के साथ बरामदे में सो रही थी। रात को किसी समय कमरे की छत से होकर जा रहा केबिल अचानक से टूटकर चारपाई पर गिर गया और करंट की चपेट में आकर अवनीश की मौत हो गई। बुधवार की सुबह जब अवनीश सोकर नहीं उठा तो पत्नी सीटू देवी ने पति को जगाने के लिए कमरे का दरवाजा खटखटाया। आवाज नहीं आने पर खिड़की से झांककर देखा तो अवनीश मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ा था। दरवाजा तोड़कर अवनीश का शव कमरे से बाहर निकाला।



ओबरी में अर्द्धसैनिक बल के साथ पैदल मार्च करते कोतवाल। ● अमृत विचार

## सीएए को लेकर सतर्कता बरकरार

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचारः** सीएए लागू होने पर जिलेभर में सतर्कता का माहौल बरकरार है। बुधवार को भी चप्पे चप्पे पर पुलिस मुस्तैद नजर आई। अधिकारियों ने हरेक गतिविधि पर नजर रखी। असमोली क्षेत्र के कई गांवों में एसएसबी के जवानों और पुलिस ने पैदल मार्च किया।

जिले में पुलिस प्रशासन अलर्ट है। संभल में कोतवाल पवन कुमार ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ शहर में पैदल मार्च किया। असमोली क्षेत्र के गांव गुमसानी, शाहपुर डसर, मढ़न, ओबरी, शहबाजपुर कला, इटायला माफी में पैदल मार्च हुआ। जिसमें पुलिस के साथ ही एसएसबी के जवान शामिल रहे। इस दौरान थाना प्रभारी हरीश कुमार, चौकी इंचार्ज मढ़न उपेंद्र मलिक, चौकी इंचार्ज मंसूरपुर संजय कुमार भी रहे।

## पशु बांधने को सफाई कर रही युवती को सांप ने काटा, मौत

**संभल, अमृत विचारः** ऐंचोडा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव सतूपुरा निवासी अनिल त्यागी की 17 वर्षीय पुत्री चेष्टा त्यागी बुधवार की सुबह साढ़े छह बजे घर के पास ही खाली जगह में पशुओं को बांधने के लिए सफाई कर रही थी। घास-फूस से निकलकर चेष्टा को सांप ने काट लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन युवती को लेकर आसपास में निजी डॉक्टरों व झाड़-फूंक करने वालों के यहां पहुंचे।

लेकिन उसकी हालत बिगड़ती चली गई।इसके बाद परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया। शाम छह बजे उपचार के दौरान चेष्टा त्यागी की मौत हो गई।

## मिलावटी रसगुल्ले व नकली डीजल का स्टाक मिला

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव अशरफपुर में बुधवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर दो स्थानों पर छापेमारी की तो मिलावटी रसगुल्ले और नकली डीजल का स्टाक मिला लेकिन कार्रवाई के नाम कुछ नहीं हो सका। भले ही अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन जांच और कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी कर लौट आए। जिसे लेकर इनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े होने लगे।

गांव अशरफपुर में बुधवार को खाद्य निरीक्षक ने सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर दूध और तहरी का नमूना लिया। बताते हैं कि स्कूल के बाद खाद्य निरीक्षक एक मिलावटी रसगुल्ले की फैक्ट्री पर पहुंचे। जहां मिलावटी रसगुल्ले का स्टाक मिला तो नमूना लेने की कार्रवाई की गई। वहीं पूर्ति निरीक्षक अंकित अवस्थी भी एक पनीर की फैक्ट्री पर पहुंचे। यहां पनीर फैक्ट्री की आड़ में नकली डीजल बेचे जाने की शिकायत अधिकारियों से की गई थी। पूर्ति निरीक्षक ने जांच पड़ताल करते हुए नकली डीजल का नमूना लिया लेकिन मौके पर क्या कार्रवाई की गई इस बारे में बोलने से बचते रहे। पूर्ति निरीक्षक ने रात तक मामले को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की।

गांव अशरफपुर में नकली डीजल मामले में जांच के लिए गांव में गए थे। जांच का विवरण अभी नहीं बता पाएंगे। -अंकित अवस्थी, पूर्ति निरीक्षक असमोली

▶▶ अशरफपुर में दो स्थानों पर की छापेमारी, लिए गए नमूने

## सभी महीनों का सरदार रमजान माह, इसमें खूब करें इबादत

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** रमजान मुबारक महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखकर इबादत करने में जुटे हैं। लोगों में उत्साह का माहौल नजर आ रहा है।

रमजान महीने की फजीलत बयां करते हुए गांव ओबरी निवासी राबिया फातिमा कादिरी कहती हैं कि रमजान महीना में अल्लाह पाक फरिश्तों को हुक्म देता है कि जन्नत के दरवाजे खोल दो, जहन्नम के दरवाजे बंद कर दो और ना फरमान शयातीन को कैद कर दो। रमजान महीना तमाम महीनों का सरदार है। इसमें दुनिया का सामान महंगा और आखिरत का सामान सस्ता हो जाता है। इस महीने की खूब कद्र करनी चाहिए। इबादत ज्यादा से ज्यादा करने की कोशिश की जाए। वहीं मौलाना निजामुद्दीन कहते हैं कि इस महीने में नेकी और सबाब बढ़ जाता है। निफल का सबाब फर्ज के बराबर, फर्ज का सबाब 70 गुना कर दिया जाता है। हदीस में आता है कि इस महीने एक बार दरूद ए पाक पढ़ने व सुबहान अल्लाह कहने से एक-एक लाख बार का सबाब मिलता है। रोजेदार को पानी पिलाने से अपने गुनाहों से पाक हो जाता है। उन्होंने कहा कि रोजेदारों की कद्र की जाए। खासकर उन लोगों की जो गरीब हैं। उन्हें लोगों का इफ्तार और सहरी में ख्याल रखा जाए।

### इन बातों से बचना चाहिए

- पीठ पीछे बुराई करना
- रोजेदार के सामने खाना पीना
- ज्यादा सोना
- झूठ बोलना
- फिजूल बात करना
- इबादत में सुस्ती करना

## संत जोगा सिंह की समाधि पर उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सिख पंथ के दसवें गुरु गोविंद सिंह के अनन्य शिष्य एवं सेनापति संत जोगा सिंह चाहल के बलिदान दिवस पर गांव भारतल सिरसी में चाहल गोत्रीय जाट समाज का समागम हुआ। जिसमें कई प्रदेशों के अनुयायी शामिल हुए। नवविवाहित महिलाओं ने संत जोगा सिंह की समाधि पर मिट्टी चढ़ाकर आशीर्वाद लिया।

गांव भारतल सिरसी में स्थित संत जोगा सिंह चाहल की समाधि पर हुए समागम में बुधवार को हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, उत्तराखंड एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में अनुयायी पहुंचे। महिलाओं ने उनकी समाधि पर मिट्टी चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। गुरुद्वारे में माथा टेक कर प्रसाद लिया। चाहल परिवार की नवविवाहित महिलाओं ने समाधि पर मिट्टी चढ़ाते हुए विशेष पूजा अर्चना की।समागम में कहा गया कि उन्होंने मुगलों से कई युद्ध किए थे तथा अपना बलिदान देकर धर्म की रक्षा की थी। गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी पर आधारित सत्संग में ज्ञानी उदित सिंह ने संत जोगा सिंह के त्याग और बलिदान पर विस्तार से चर्चा की।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, ब्लाक प्रमुख पति कुलदीप सिंह पिंकू, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, विकास चाहल, चाहल समाज के अध्यक्ष चौधरी धर्मेंद्र सिंह गुड्डू, एडीएम अमरोहा सुरेंद्र सिंह चाहल, दिल्ली सरकार में असिस्टेंट कमिश्नर दयानंद सिंह, पूसा यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.युद्धवीर सिंह, आदि रहे।



संत जोगा सिंह की समाधि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### समागम

▶▶ नवविवाहिताओं ने चढ़ाई मिट्टी,समागम में कई प्रदेशों से पहुंचे अनुयायी

## लाठी डंडों से मारपीट कर मां बेटी को किया घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव पीपली रहमापुर निवासी इकबाल की 17 वर्षीय पुत्री भूरी बुधवार की सुबह नौ बजे गांव के बाहर गोबर डालने जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही छह सात ग्रामीणों ने रोक लिया और लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। मारपीट की सूचना मिलने नसरत पत्नी इकबाल बेटी भूरी को बचाने मौके पर पहुंची। तो ग्रामीणों ने नसरत को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद घायल नसरत व भूरी थाने पहुंचे और तीन लोगों के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

## क्रिटिकल बूथों पर शांतिपूर्ण चुनाव को पूरी करें तैयारी

**बहजोई, अमृत विचारः** जनपद में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराए जाने को लेकर जिला प्रशासन ने कवायत शुरू कर दी है। जनपद में चिह्नित किए गए बरनेबिल व क्रिटिकल बूथों को लेकर डीएम एसपी ने समीक्षा की। बूथों का निरीक्षण कर रिपोर्ट 2 दिन के अंदर प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने वलनरेबल एवं क्रिटिकल बूथों को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। जिलाधिकारी ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण निष्पक्ष संपन्न कराए जाने को लेकर जनपद में बरनेबिल व क्रिटिकल बूथ चिन्हित किए गए हैं इन बूथों पर जाकर सीओ व एसडीएम स्थलीय निरीक्षण कर लें। यह देखें कि वहां पर शांति व्यवस्था के साथ निष्पक्ष चुनाव कराए जाने में किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है। 16 मार्च तक सभी सीओ एसडीएम अपनी रिपोर्ट प्रेषित करें।

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने को अधिकारियों के साथ किया मंथन

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रभारी अधिकारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ मंथन किया। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी प्रभारी अधिकारियों से मतदान कार्मिकों की ड्यूटी लगाने से लेकर मतदान केन्द्रों तक पोलिंग पार्टियों का पहुंचने व कार्मिकों का प्रशिक्षण किए जाने पर चर्चा की।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर प्रभारी अधिकारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों को उनके दायित्व के बारे में विस्तार से बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रभारी अधिकारी व सहायक प्रभारी अधिकारी को जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी सत्य निष्ठा के साथ निभाएंगे। मैनपॉवर मैनेजमेंट के अंतर्गत कार्मिकों की ड्यूटी लगाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रभारी अधिकारी कार्मिकों का एक्सेल शीट पर ऑनलाइन डाटा भी तैयार करें। चुनाव में आने वाले आब्जर्वर के लिए अंग्रेजी व हिंदी के स्टेनो को भी चिन्हित किया जाए। ट्रेनिंग मैनेजमेंट के अंदर पीठासीन अधिकारी अन्य कार्मिक का प्रशिक्षण व्यवस्थित रूप से कराए जाने को लेकर तैयारी पूरी रखें। इस दौरान सीडीओ भारत कुमार मिश्रा, एसीएम प्रदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में मतदान प्रतिशत बनाने को लेकर एक शेड्यूल बनाया जाए। ताकि अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जाए। रैली प्रभात फेरी, बच्चों द्वारा मतदान से संबंधित पेंटिंग के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए।

### जिलाधिकारी ने कहा, ड्यूटी लगने के बाद किसी भी कार्मिक को नहीं मिलेगी प्राथमिकता

**बहजोई, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने प्रभारी अधिकारी कार्मिक सीडीओ भरत कुमार मिश्रा को निर्देश देते हुए कहा कि मैन पावर मैनेजमेंट के तहत कार्मिकों की ड्यूटी एवं पोलिंग पार्टी आदि की रवानगी की को लेकर पूरी योजना बनाई जाए। 40 प्रतिशत से दिव्यांग अगर अक्षम है तथा गर्भवती महिलाओं एवं अगर कोई पुरुष एवं महिला कार्मिक पति-पत्नी है दोनों की ही ड्यूटी लगाई गई है। इसको लेकर देख लें जो ड्यूटी करने में सक्षम हो उन्हीं की ड्यूटी लगाई जाए।

▶▶ मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण को लेकर डीएम ने की चर्चा

## सपा नेता शिवपाल सिंह का दो दिवसीय गुन्नौर दौरा कल से

**गुन्नौर, अमृत विचार :** बदायूं लोकसभा सीट से सपा का प्रत्याशी घोषित होने के 23वें दिन सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव 15 मार्च को दो दिन के दौरे पर गुन्नौर आएंगे। उनका कार्यक्रम जारी हो चुका है।

पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव की जगह बदायूं लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित होने के बाद शिवपाल यादव का यह पहला दौरा है। उनके निजी सचिव अंकुर शर्मा के मुताबिक, शिवपाल सिंह यादव 15 मार्च को बदायूं जिले के सहसवान से जरीफनगर होते हुए गुन्नौर इलाके में आएंगे। बदायूं लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर लोगों से मुलाकात करेंगे। रात्रि विश्राम यारा फर्टिलाइजर गेस्ट हाउस में करेंगे और 16 मार्च भी गुन्नौर इलाके के गांवों में भी भ्रमण करेंगे।


रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी )
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन

हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

## एक नजर

### रोजगार मेले में हुआ 27 अभ्यर्थियों का चयन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 27 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में एशियन ऑटोमोटिव, मैराथन इलेक्ट्रिक, प्रनव विकास, संदर विकास, पॉलीमेड ग्रुप आदि पांच कंपनियों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में 153 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिसमें साक्षात्कार के बाद 27 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिसमें रोजगार मेला प्रभारी गौरव पूठिया, संस्थान के प्रधानाचार्य एसके वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्र सेवा करने का लिया संकल्प

**संभल, अमृत विचार :** समाज कल्याण समिति के कार्यकर्ताओं ने समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को शहर के मुहल्ला ठेर में कार्यकर्ता आशीष के आवास पर बैठक आयोजित की। बैठक में समिति को मजबूत करने के लिए नए नए कार्यकर्ता बनाए गए। नवनिर्मित हुए कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र सेवा करने का संकल्प लिया। इस दौरान सागर, सोनू, कपिल, मानशी, ममता आदि मौजूद रहे।

### चंदौसी की पूर्व चेयरमैन रेनू कुमारी ,असमोली के पूर्व प्रत्याशी असरार अहमद भी भाजपा में शामिल

# सपा-बसपा के कई दिग्गजों ने थामा भाजपा का दामन

**कार्यालय संवाददाता,संभल**



मेरठ भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव से पहले जनपद संभल के कई राजनीतिक दिग्गजों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। चंदौसी की पूर्व चेयरमैन व रेनू कुमारी के साथ ही असमोली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके असरार अहमद व बसपा नेता सुशील पाल सहित 28 लोगों को मेरठ भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने पार्टी की सदस्यता दिलाई।

भारतीय जनता पार्टी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में संभल लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की थी लेकिन 2019 में यहां हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय जनता पार्टी इस बार संभल लोकसभा सीट पर जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए है। ऐसे प्रभावशाली लोगों को भाजपा के साथ जोड़ने की कवायद चल रही जो अपनी जाति और क्षेत्र के मतदाताओं में प्रभाव रखते हों। बुधवार को भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ पर दूसरी राजनीतिक पार्टियों से जुड़े लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

**दल-बदल**
- बसपा नेता सुशील कुमार पाल ने भी थामा भाजपा का दामन
- भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने ग्रहण कराई पार्टी की सदस्यता

भारतीय जनता पार्टी पश्चिम क्षेत्र अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल व संभल के जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह की उपस्थिति में चंदौसी की पूर्व चेयरमैन रेनू कुमारी, असमोली से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े हाजी असरार बाबू, जिला पंचायत सदस्य तौसीफ अहमद, बसपा नेता सुशील कुमार पाल सहित संभल जनपद के 28 लोगों ने भाजपा का दामन थामा। भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने बताया कि भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी से प्रभावित होकर जनपद के 28 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

### समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता रहे रेनू कुमारी के पति

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बुधवार को मेरठ में पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू कुमारी, उनके देवर राजीव कुमार समेत सुशील पाल एडवोकेट को पटका पहना कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई। पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू कुमारी का परिवार पिछले 32 साल से समाजवादी पार्टी में था। उनके पति स्व. विनोद कुमार चुलबुल 1992 से 2013 तक समाजवादी पार्टी के नगराध्यक्ष चन्दौसी रहे। रेनू कुमारी वर्ष 1998-2003 तक और 2006 से 2010 तक चन्दौसी नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रहीं। पति के निधन के बाद कुछ समय सपा की नगराध्यक्ष साथ ही बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष भी रहीं। बुधवार को उनके परिवार सहित भाजपा में शामिल होने की खबर चन्दौसी पहुंची तो समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# महिला का शव ले जा रहे ट्रैक्टर का टायर फटने से पलटी ट्राली, 5 घायल

### अंतिम संस्कार के लिए ट्रैक्टर ट्राली से असदपुर गंगा घाट जा रहे थे परिजन व ग्रामीण

**कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई**


जुनावई में खंदक में पलटी ट्रैक्टर ट्राली। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर का टायर फटने से अनियंत्रित हुई ट्राली पोल से टकराकर खंदक में पलट गई। जिससे पांच लोग घायल हो गए। चालक की हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एएसपी दक्षिणी ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। हादसा तब हुआ जबकि लोग महिला का शव अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे।

थाना क्षेत्र के गांव लावर निवासी राम सिंह जाटव की पत्नी रामश्री देवी की मौत हो गई थी। बुधवार को परिजन और ग्रामीण शव को अंतिम संस्कार के लिए असदपुर गंगाघाट पर ले जाने लगे। लोग शव को पप्पू सिंह यादव की ट्रैक्टर ट्राली में रखकर रवाना हुए। जुनावई थाना क्षेत्र में जुनावई-पाठकपुर लिंक पर पर ट्रैक्टर के अगले पहिये का टायर और टयूब फट गया। जिससे अनियंत्रित होकर ट्राली बिजली के पोल से टकराने के बाद खंदक में जाकर पलट गई। पोल ट्रैक्टर के ऊपर गिरा तो चालक राकेश कुमार घायल हो गया। वहीं ट्राली में सवार रामनिवास, राजेश, कल्याण सिंह और महावीर भी घायल हो गए। राकेश कुमार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि अन्य घायलों का भी उपचार हुआ। जिसके बाद लोग दूसरी ट्रैक्टर ट्राली से शव लेकर गंगाघाट के लिए रवाना हुए। एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने घटनास्थल का जायजा लिया। जिसके बाद गांव लावर पहुंचकर हादसे और घायलों के बारे में जानकारी ली।

# दुल्हन को गोद में उठाया तो दूल्हे को बना लिया बंधक

**कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी**

- भड़के दुल्हन पक्ष के लोग, दुल्हन ने किया शादी से इनकार

**अमृत विचार:** ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र में शादी की कई रस्में और दावत होने के बाद जयमाला के वक्त दूल्हे ने दुल्हन को गोद में उठा लिया तो लोग भड़क गए। दुल्हन ने भी अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए शादी से इनकार कर दिया। लोगों ने दूल्हे को बंधक बना लिया तो बाद में दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू हो गई।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की बेटी की शादी को लेकर बुधवार को क्षेत्र के एक गांव से बरात आई। नाश्ते के बाद बरात चढ़त और फिर दावत शुरू हो गई। जयमाला की रस्म के वक्त दूल्हे ने अचानक दुल्हन को गोद में उठा लिया। यह देखकर दुल्हन पक्ष के लोग भड़क गए और आपत्ति करने लगे। दुल्हन ने भी दूल्हे पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए शादी से इंकार कर दिया। भड़के लोगों ने दूल्हे को बंधक बना लिया तो अफरातफरी का माहौल बन गया। इस बीच दोनों पक्षों के समझदार लोगों में बातचीत शुरू हो गई। दुल्हन पक्ष का कहना रहा कि रस्मों और दावत में जो खर्च हुआ है उसकी रकम दी जाए। वह शादी नहीं करना चाहते। इस मामले को लेकर देर रात तक दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी रही।

ऐंचोडा कंबोह थाने की प्रभारी निरीक्षक पूनम राठी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मैं मौके पर पहुंची हूँ। बरात अभी गांव में ही है लेकिन विवाद का हल नहीं निकल पाया है।


पैदल अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं का स्वागत करते ब्राह्मण शक्ति संघ के लोग।

# संभल से पैदल अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं का स्वागत

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** कल्कि नगरी संभल से दो युवा श्वेतांक शर्मा व दीपक कुमार पैदल अयोध्या धाम की यात्रा पर निकले हैं।

बुधवार की सुबह उनके चन्दौसी पहुंचने पर ब्राह्मण शक्ति संघ के कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। उनकी इस कठिन प्रतिज्ञा को सरल बनाने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर ब्राह्मण शक्ति संघ से मुकेश गौड़, विभोर भारद्वाज, डॉ. पीके पांडे, अनुराग शर्मा, सचिन शर्मा, विवेक मिश्रा, अभिनव शर्मा, अमोल शर्मा, निशान्त शर्मा विवेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### पैसों को लेकर मारपीट में महिला समेत दो घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव सैजनी निवासी राजकुमार पुत्र डाल चंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की रात करीब साढ़े दस बजे उसके घर पर मेहमान आए हुए थे। उसी समय कुमार लोग उसकी परचून की दुकान पर आए और खरीदारी की। सामान खरीदने के बाद पैसे कम देने को लेकर कहासुनी हो गई। जिससे उक्त लोग गाली-गलौच करने लगे। उसने गाली देने से मना किया तो उसके साथ मारपीट की। लाठी डंडों से पीटा। जिससे उसके चोटें आयी हैं। शोर शराबा सुन कर उसकी बहन ममता पत्नी दीपक गांव गुलरिया थाना सिरौली जिला बरेली बचाने आयी तो उसके साथ भी मारपीट की। सिर पर डंडा लगने से ममता घायल हो गई। मोहल्ले वालों के आने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

# जयंती पर बरगुला रामकृष्ण को किया याद

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**


बरगुला रामकृष्ण की जयंती मनाते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने संयुक्त रुप से बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी बरगुला रामकृष्ण राव की जयंती सुभाष प्राथमिक विद्यालय में मनाई गई। चित्र पर माल्यार्पण पर दीप प्रज्जवलित कर नमन किया।

मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी बरगुला रामकृष्ण राव बहुभाषी शिक्षा विद थे। वह हैदराबाद राज्य कांग्रेस के संस्थापक सदस्य थे। उन्होंने तेलंगाना समाज को दिशा दी और जमींदार व्यवस्था को समाप्त किया। सरदार पटेल के नेतृत्व में हैदराबाद रियासत को भारतीय संघ में विलय करने के लिए विशेष भूमिका निभाई। 1952 में हुए पहले संप्रभु चुनाव में उन्हें शानदार निर्वाचन क्षेत्र से जीत मिली और हैदराबाद राज्य के दूसरे और आखिरी मुख्यमंत्री बने। 1956 में आंध्र प्रदेश के गठन के बाद केरल राज्य के प्रथम राज्यपाल बने। 1960 में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे। 15 सितंबर 1967 को उनका स्वर्गवास हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र कुमार एवं अजय शर्मा ने संयुक्त रूप से की। संचालन दिनेश चंद्र गुप्ता ने किया। इस अवसर पर देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, वेदराम मौर्य, नवीन कुमार गुप्ता, डॉ. जितेन्द्र वर्मा, पूजा गुप्ता, दीपेंद्र नाथ गुप्ता, रामवती ने विचार व्यक्त किए। राधिका, अभय कुमार, मन्तशा, अंजली, अजान, जानकी, इरम, जीतू, राघव छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत और कविताएं प्रस्तुत कीं।

- महापुरुष स्मारक समिति का सुभाष चंद्र प्राइमरी स्कूल में कार्यक्रम


दिल्ली महापंचायत के लिए रवाना होते भाकियू टिकैत के सदस्य। ● अमृत विचार

# दिल्ली महापंचायत के लिए रवाना हुए किसान

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

- संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में होगी महापंचायत

**अमृत विचार:** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर दिल्ली रामलीला ग्राउंड में होने वाली महापंचायत में शामिल होने के लिए भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बुधवार की देर शाम ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हुए।

भाकियू टिकैत प्रदेश प्रमुख महासचिव/प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता रात आठ बजे रेलवे स्टेशन चन्दौसी पर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए ट्रेन में सवार होकर दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान प्रदेश प्रमुख ने कहा कि वर्तमान सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है। सरकार ने किसान आन्दोलन के दौरान वायदा किया था कि एमएसपी पर लिखित में कानून बनेगा। परंतु सरकार ने ऐसा नहीं किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रचार मंत्री महावीर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता देशराज सिंह, मुकेश कुमार यादव, किशन गोपाल यादव, राजकुमार, महेश यादव, चंद्रपाल सिंह, नीरज यादव, सुदेश यादव आदि मौजूद रहे।

### हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बदायूं रोड स्थित मई भट्ठे के सामने रिक्शा चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल की निजी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान बुधवार की सुबह मौत हो गई। परिजन शव को लेकर कोतवाली पहुंचे।

कोतवाली क्षेत्र के हनुमानगढ़ी निवासी अमर सिंह 50 वर्ष पुत्र सिपट्टर सिंह बदायूं रोड पर पकौड़ी का ठेला लगाता था। घर में दुधारू पशु पाल रखे हैं। मंगलवार की सुबह पांच बजे अमर सिंह रिक्शा लेकर बदायूं रोड स्थित मटर फैक्ट्री से मटर के छिलके लेने जा रहा था। जब रिक्शा चालक बदायूं रोड स्थित गांव मई भट्ठे के सामने पहुंचा तो सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल को मुरादाबाद स्थित एक निजी हॉस्पिटल ले गए। बुधवार की सुबह पांच बजे घायल ने दम तोड़ दिया।


बूम टूटने पर ट्रैक्टर चालक से पूछताछ करती आरपीएफ। ● अमृत विचार

# आलू से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मारकर बूम तोड़ा

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

- वैकल्पिक व्यवस्था कर ट्रेनों को गुजारा गया

**अमृत विचार:** मंडी समिति रेलवे फाटक को बंद करते समय आलू से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मारकर बूम को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद वैकल्पिक व्यवस्था कर ट्रेन गुजारी गई। पौन घंटे के बाद फाटक के बूम को दुरुस्त किया जा सका।

बुधवार की शाम 4.15 बजे टकनपुर-दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस को गुजारने के लिए मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक को बंद किया जा रहा था। तभी सीओ कार्यालय की ओर से जा रही आलू से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने फाटक के बूम को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। फाटक पर मौजूद गेटमैन ने घटना से कंट्रोल रूम को सूचित किया। कुछ देर बाद आरपीएफ व स्टेशन अधीक्षक आशीष मिश्रा मौके पर पहुंच गए। आरपीएफ ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया।

## सार संक्षेप

### जीवन ज्योति की सदस्यों ने चारा खिला कर की गो सेवा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप आफ जीवन ज्योति ने कैथल स्थित गोशाला पहुंच कर गायों को 100 पैकेट ब्रेड, गुड़, आटा तथा हरा चारा खिला कर सेवा की। इस दौरान ग्रुप अध्यक्ष प्रिया टनाटन ने कहा कि भारत में गाय को मां का दर्जा प्राप्त है। ऐसी मान्यता है कि गाय के शरीर में 33 करोड़ देवताओं का निवास है। यही कारण है कि दिवाली के दूसरे दिन गोवर्धन पर गायों की विशेष पूजा की जाती है और उनका मोर पंखों आदि से श्रृंगार किया जाता है। भारतीय संस्कृति में गाय को सबसे ज्यादा पवित्र माना गया है। इसलिए उसे गो माता भी कहा जाता है। कार्यक्रम में ग्रुप अध्यक्ष प्रिया टनाटन, डौली वार्ष्णेय, स्मिता शर्मा, शीला, सुनीता, अंजना, भावना, रूचि, ममता, कमलेश ठाकुर, कमलेश गुप्ता का सहयोग रहा। डॉ. मधुपमा वार्ष्णेय भी उपस्थित रहीं।

### गर्भवती के साथ मारपीट में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव नेहटा में गर्भवती को मारपीट कर घायल करने के मामले में घटना के 15 दिन बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। महिला का उपचार निजी हॉस्पिटल में हो रहा है। गांव नेहटा निवासी महिला आसमा पत्नी मुस्तकीम ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि 27 फरवरी की दोपहर 12 बजे वह घर में अकेली थी। तभी उसके जेठ मुश्ताक के पुत्र मुशाहिद व नासिब उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। जब महिला ने विरोध किया तो दोनों युवकों ने लाठी-डंडों से जमकर पीटा। महिला सात माह की गर्भवती है। घटना की शिकायत जब महिला के पति ने शिकायत की तो दोनों युवकों के साथ उनकी मां शकीला ने महिला को फिर से पीट दिया। जिससे महिला की हालत बिगड़ गई। महिला की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शकीला पत्नी मुश्ताक व उनके दो पुत्र मुशाहिद व नासिब के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### शिविर में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण, दी दवा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज में हैल्थ एंड हाइजीन कमेटी की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालयों की छात्राओं जांच कराई गई। शिविर में पहुंचे डॉ. हिमांशु वार्ष्णेय ईएनटी सर्जन ने छात्राओं के कान, नाक व गले की जांच की तथा इनसे पीड़ित छात्राओं को निशुल्क दवा दी गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका रानी अग्रवाल ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि अभी गर्मी का मौसम आया नहीं है। इसलिए छात्राएं एहतियात बरतें। अभी ठंडी खाद्य सामग्री से दूरी बनाए रखें। इस अवसर पर डॉ. सुमन गुप्ता, डॉ. नीता गुप्ता, डॉ. बबिता आदि मौजूद रहे।



बहजोई में लाभार्थियों को पीपीटी किट देतीं मंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

### लाभार्थियों का जीवन स्तर उठा रही सरकार

**बहजोई, अमृत विचार :** वंचित वर्गों के लिए आउटरीच कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल को वर्चुअल लॉन्च किया। वहीं नमस्ते योजना के तहत लाभार्थियों को कार्य करने के लिए ऋण के चेक व आयुष्मान कार्ड माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) गुलाब देवी ने वितरित किए। अधिकारियों व लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण सुना। पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल पर सामाजिक उत्थान एवं आधारित जन कल्याण कार्यक्रम में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से नमस्ते योजना के अंतर्गत ऋण वितरित किया गया। इस पोर्टल के माध्यम से अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, वरिष्ठ नागरिक, विमुक्त घुमंतू तथा अर्ध घुमंतू जनजातियों, भिक्षावृत्ति में लिप्त लोग, ट्रांसजेंडर, सफाई कर्मी आदि को लोन के माध्यम से लाभ दिया जाएगा। इसके बाद मंत्री ने नमस्ते योजना के तहत लाभार्थियों को चेक के माध्यम से ऋण वितरण किया। आयुष्मान कार्ड, पीपीटी किट का भी वितरण किया गया। इस दौरान सीडीओ भरत कुमार मिश्रा, चेयरमैन बहजोई राजेश शंकर राजू, सीएमओ डॉ तरन्नुम रजा सहित आदि मौजूद रहे।

### मंत्री ने फीता काटकर किया सड़क का शिलान्यास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सीता रोड से आरआरके स्कूल तक 110 मीटर सड़क का माध्यमिक शिक्षा मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) गुलाब देवी ने फीता काटकर शिलान्यास किया। उक्त सड़क विधायक निधि कोटे से डाली जा रही है। मंत्री ने कहा कि सड़क क्षतिग्रस्त होने से जलभराव की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। बच्चों व आमजन की समस्या को देखते हुए उक्त सड़क का निर्माण विधायक निधि से कराया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री के पति रामपाल सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार पांडे, उप्रधानाचार्य डॉ. अर्चना शर्मा, भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल आदि रहे।

### पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ऑल इंडिया हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की एक बैठक घंटाघर स्थित कैंप कार्यालय पर हुई। बैठक में पश्चिम बंगाल में लोकसभा के निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए ममता बनर्जी की सरकार बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की पुरजोर मांग की गई। जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जबसे ममता बनर्जी की सरकार बनी है तबसे वहां चुनावों के समय हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। संदेशखाली में टीएमसी विधायक द्वारा जबरन जमीन कब्जाने और दलित महिलाओं के ऊपर अमानुषिक अत्याचारों ने कानून व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। अशोक कुमार गुप्ता ,जेसी राणा ने भी संबोधित किया। बैठक में डॉ. जयशंकर दुबे, संजय गुप्ता, योगेन्द्र कुमार शर्मा, अरुण शर्मा, केजी गुप्ता, बृजेश सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता विनय अग्रवाल ने व संचालन योगेन्द्र मोहन शास्त्री ने किया।


बैठक में खड़गवंशी खागी समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी।

### लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने का ऐलान

**बहजोई, अमृत विचार :** खड़गवंशी खागी समाज कल्याण समिति की बैठक में लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर परिवर्तन के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया। वहीं लोकसभा चुनाव में संभल व अमरोहा में निर्दलीय के तौर पर समाज से प्रत्याशी उतारने का ऐलान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष सौरज सिंह ने कहा कि समाज के लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करना चाहिए। शिक्षा ही समाज में अच्छाई बुराइयों में अंतर बताती है। बेटों के साथ-साथ बेटियों को भी शिक्षित करना चाहिए। अध्यक्ष सुनील कुमार राणा उर्फ पप्पू भैया ने कहा कि खड़गवंशी समाज को अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के लिए राजनीतिक भागीदारी करनी होगी नहीं तो पार्टी उनका वोट लेकर उन्हें छलती रहेंगी। उन्होंने कहा कि इस बार समाज के लोग संभल व अमरोहा में खड़गवंशी समाज से प्रत्याशी उतारेंगे। जिला उपाध्यक्ष अशोक राणा ने भी संबोधित किया।

अर्चयेदेव मित्राणि सति वाऽसति वा धने।
नानर्थयन् प्रजानाति मित्राणं सारफल्गुताम्॥

मित्रों का हर स्थिति में आदर करना चाहिए-चाहे उनके पास धन हो अथवा न हो तथा उससे कोई स्वार्थ न होने पर भी वक्त-जरूरत उनकी सहायता करनी चाहिए।

## संपादकीय

# कांग्रेस की मुश्किल

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव पास आ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। साथ ही कांग्रेस का कुनबा भी कम होता जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से शायद ही ऐसा कोई दिन गया हो जिस दिन कांग्रेस के किसी नेता ने पार्टी न छोड़ी हो। बुधवार को उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के बड़े नेता और कानपुर की राजनीति का बड़ा चेहरा माने जाने वाले पूर्व विधायक अजय कपूर बीजेपी में शामिल हो गए। अजय कपूर राहुल गांधी और प्रियंका के बेहद करीबी नेताओं में थे। इसके अलावा महाराष्ट्र में पूर्व कांग्रेस विधायक पद्माकर वलवी भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। वलवी उत्तरी महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। लोस चुनाव से ऐन पहले दिग्गज कांग्रेसी नेताओं का पार्टी को छोड़ना कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी साबित होता जा रहा है। उधर इंडिया गठबंधन भी कांग्रेस को कोई खास तवज्जो नहीं दे रहा है। बीते दिनों तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने बंगाल की सभी 42 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर यह संदेश दे दिया कि वह अकेले ही चुनाव लड़ेंगी। ममता की यह घोषणा कांग्रेस के साथ-साथ विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के लिए भी झटका है। इसके पहले हाल ही में केरल में वाम दलों ने भी कांग्रेस को ऐसा ही झटका दिया था। वाम दलों ने तो राहुल गांधी की वायनाड संसदीय सीट यह कहकर अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया कि यदि उन्हें भाजपा का मुकाबला करना है तो वह उत्तर भारत जाकर चुनाव लड़ें।

एक ओर नेताओं का पार्टी छोड़कर जाना, दूसरी ओर कांग्रेस की गठबंधन में कमजोर स्थिति भविष्य में पार्टी के अस्तित्व पर भी सवाल खड़े कर रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस स्थिति के लिए कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ही जिम्मेदार है। क्योंकि जब पार्टी प्रमुख राहुल गांधी को लोस चुनाव के मद्देनजर पार्टी को जोड़कर रखना चाहिए था, तब वे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त हैं। साथ ही पार्टी का शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस छोड़ने वालों को रोकने या उनसे संवाद करने के बजाय उलटा उनकी आलोचना और उनके पार्टी छोड़ने पर यह कहकर समस्या से मुंह मोड़ रहा है कि वे सत्ता के भूखें और लालची लोग हैं। शीर्ष नेतृत्व का यह तंज कहीं से भी तर्क संगत नहीं कहा जा सकता है। कांग्रेस को समझना होगा कि शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सर गड़ा लेने से आंधियों से पार नहीं पाया जा सकता है। यदि कांग्रेस वाकई चुनावों और देश हित को लेकर गंभीर है तो उसको आत्ममंथन कर पार्टी के बिखराव को रोकना होगा। यही देश व उसके हित में भी होगा, क्योंकि देश की उन्नति में सशक्त विपक्ष की भी महती भूमिका होती है।

# काश! कावेरी को सहेजा होता



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह किसी से छुपा नहीं है कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है, लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा अधिक करने की तत्परता ही दिखती है।

गौरतलब है कि केआर नगर, कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगुड शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कोल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, लेकिन इसे चलते हुए कभी किसी ने नहीं देखा। शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। ज्यादा फसल लेने के लालच में जमकर रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल ने कावेरी का पानी जहर कर दिया है।

देश के सबसे सुंदर शहरों में से एक बेंगलुरु का जल संकट इन दिनों चर्चा में हैं। कहा तो यह जा रहा है कि लगातार दो साल से बरसात कम हो रही है। हकीकत यह है कि स्थानीय तालाबों को सुखाने के साथ-साथ कावेरी नदी के प्रति सरकार और समाज की बेपरवाही इसके मूल में हैं। बेंगलुरु शहर की कोई एक करोड़ चालीस लाख आबादी के लिए हर दिन 2600 एमएलडी पानी की जरूरत है, जबकि कावेरी नदी से मात्र 1460 मिल रहा है। कोई 1200 से अधिक नलकूप सूख चुके हैं। बरसात अभी कम से कम दो महीने दूर है और इसीलिए कई स्कूल-कालेज-दफ्तर बंद कर दिए गए। पानी के दुरुपयोग पर पांच हजार के जुर्माने सहित कई पाबंदियां लगा दी गई हैं।

यह किसी से छुपा नहीं है कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है, लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा अधिक करने की तत्परता ही दिखती है। कावेरी नदी कर्नाटक के कुर्ग जिले के पश्चिमी घाट के घने जंगलों में ब्रह्मगिरी पहाड़ी पर स्थित तलकावेरी से निकलती है। कोई आठ सौ किलोमीटर की यात्रा के दौरान कई सहायक नदियां इसमें आकर मिलती हैं, लेकिन जब दो लाख घन मीटर से अधिक वार्षिक जल बहाव वाली कावेरी का समागम तमिलनाडु में थंजावरु जिले में बंगाल की खाड़ी में होता है तो यह एक शिथिल व छोटी सी जलधारा मात्र रह जाती है।

कावेरी के पानी को लेकर दो राज्यों के बीच का विवाद संभवतया दुनिया के सबसे पुराने जल विवादों में से एक है। 17 वीं सदी में टीपू सुल्तान के शासनकाल में जब तत्कालीन मैसूर राज्य ने इस पर बांध बनाया था तब मद्रास प्रेसीडेंसी ने इस पर आपत्ति की थी। इस झगड़े का एक पड़ाव सन् 1916 में सर विश्वेश्वरय्या की पहल पर बनाया गया कृष्णराज सागर यानी के.आर.एस. बांध था, पर जब दोनों राज्यों में पानी की मांग बढ़ी तो यह बांध भी विवादों की चपेट में आ गया। कावेरी की लपटों में न जाने क्या-क्या झुलसा, लेकिन पानी पर सियासत करने वालों ने इस बात की सुध कभी नहीं ली कि कावेरी का मैला होता पानी अब जहर बनता जा रहा है। कुछ साल पहले बेंगलुरू विश्वविद्यालय ने वन और पर्यावरण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय-एनआरडीसी की मदद से एक विस्तृत शोध किया था जिसमें बताया गया था कि के.आर.एस. बांध से नीचे आने वाला पानी ऊपरी धारा की तुलना में बेहद दूषित हो गया है।

गौरतलब है कि केआर नगर, कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगुड शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कोल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, लेकिन इसे चलते हुए कभी किसी ने नहीं देखा। शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। ज्यादा फसल लेने के लालच में जमकर रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल ने कावेरी का पानी जहर कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बरसात के दिनों में कावेरी के पानी में हर रोज 1051 टन सल्फेट, 21 टन फास्फेट और 34.88 टन नाइट्रेट की मात्रा मिलती है। गर्मी के दिनों में जब पानी का बहाव कम हो जाता है, तब सल्फर 79 टन, 2.41 टन फास्फेट और 3.28 टन नाइट्रेट का जहर हर रोज इस पावन कावेरी को दूषित कर रहा है। याद रहे कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक नाइट्रेट के रूप में नाइट्रोजन की इतनी मात्रा वाला पानी बच्चों के लिए जानलेवा है। कौल्लेगेल क्षेत्र में शहरी सीवर के कारण कावेरी का पानी मवेशियों के लिए भी खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। यहां पानी में कैडमियम, एल्यूमिनियम, जस्ता और सीसा की मात्रा निर्धारित स्तर को पार कर जाती है। ये नदी किनारे रहने वालों के लिए आए दिन नई-नई बीमारियों की सौगात लेकर आ रहे हैं। वैसे तो अन्य नदियों की ही तरह कावेरी में भी खुद-ब-खुद शुद्धीकरण की विशेषता है, लेकिन आधुनिक जीवनशैली के लिए आवश्यक बन गए रासायनों की बढ़ती मात्रा से नदी का यह गुण नाकाम हो गया है। कावेरी के किनारों पर रेत की बेतरतीब खुदाई, शौचकर्म और कपड़ों की धुलाई ने भी नदी का मिजाज बिगाड़ दिया है।

कावेरी के दूषित होने की चेतावनियां सन् 1995 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रपट में दर्ज थी। उसमें कहा गया था कि कावेरी का पानी अपने उद्गम तालकावेरी से मैसूर शहर की सीमा तक सी ग्रेड का है, जबकि यह होना ए ग्रेड का चाहिए। विदित हो कि ए ग्रेड के पानी की 100 मिलीलीटर मात्रा में कॉलीफार्म बैक्टीरिया की मात्रा 50 होती है, जबकि सी ग्रेड में यह खतरनाक विषाणु छह हजार होता है। पानी की अम्लीयता का पैमाना कहे जाने वाले पीएच वैल्यू में काफी अंतर दर्ज किया गया था। प्रदूषण बोर्ड की उस रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि केआर बांध से होगेनक्कल तक और बेंगलुरु से ग्रेंड एनीकेट तक और उसे आगे कुंभकोणम तक पानी की क्वॉलिटी ई ग्रेड की है। सनद रहे कि इस स्तर का पानी पीने के लिए कतई नहीं होता है। तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले के मन्नारगुडी का सीबीएम यानी कोल बेड मीथेन क्षेत्र कावेरी की जान का दुश्मन बना है। यहां गहरी खुदाई के लिए और उसके बाद वहां से निकलने वाले कोयले को नदी के पानी से साफ किया जाता है और इस तरह दूषित जल सीधे नदी में फिर बहा दिया जाता है, तभी मन्नारगुडी के आस-पास कई किलोमीटर तक नदी का पानी काला-नीला दिखता है।

सिंचाई, सफाई और सियासत के भंवर में फंसी 770 किलोमीटर लंबी कावेरी की सबसे ज्यादा दुर्गति कर्नाटक के कुर्ग जिले में ही है। यह इलाका काफी उत्पादक है और सरकारी रिकॉर्ड कहता है कि चार लाख पचहत्तर हजार टन कॉफी का कचरा सीधे नदी में जा रहा है। कुर्ग शहर की एक लाख आबादी का पूरा निस्तार बगैर सफाई के नदी में मिलता है। यह इलाका सूअर के गोश्त के व्यापार के लिए भी जाना जाता है और हजारों बूचड़खाने का गंदा पानी इसमें सीधे मिलाने में किसी को कोई संकोच नहीं होता।

कुछ समय पहले प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक और राज्य ज्ञान आयोग के अध्यक्ष प्रो. के. कस्तूरी रंगन ने राज्य शासन को एक रपट सौंपी थी जिसमें कावेरी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए त्वरित विशेष प्रयास करने व उसके लिए अलग से बजट की बात की थी। रपट में बताया गया था कि कावेरी के किनारे उभर आए कई पर्यटनस्थल नदियों में सीवर की गंदगी बढ़ा रहे हैं, वहीं इससे रेत का अवैध खनन इसके अस्तित्व के लिए खतरा बन रहा है। जब बेंगलुरु जैसे महानगर और व्यापारिक केंद्र पर जलसंकट आता है तो कावेरी की याद आती है। काश कावेरी को हर समय याद रखा जाए तो प्यास के नौबत ही नहीं आएगी।

## प्रसंगवश

# आनुवंशिकताएं और संस्कृतियां

लोकवार्ता के अध्ययन का कोई भी प्रयास जनगण के जीवन और जनमानस के समीप पहुंचने और उसके साथ संबंध स्थापित करने की साधना है। लोक को ज्ञान के केन्द्र में प्रतिष्ठित करने का अनुष्ठान है। लिखित अक्षर की महिमा के संबंध में कितना कुछ कहा जा सकता है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मनुष्य जीवन में वह क्रांतिकारी दिन था, जिस दिन मनुष्य ने लिपि का आविष्कार किया था। जिस दिन मानव सभ्यता के आंगन में पुस्तक का अवतार हुआ था, उस दिन मनुष्य व लोकजीवन ने पुस्तक के प्रति इतनी श्रद्धा व्यक्त की थी कि उसको ईश्वर की वाणी का अवतार माना था। भारत में ज्ञान की अधिष्ठात्री सरस्वती हैं और उसके हाथ में पुस्तक है-वीणा पुस्तकधारिणी, लेकिन पुस्तक कोई भी हो, वह असीम नहीं हो सकती।

पुस्तक में जो कल लिखा गया था, वह कल का जीवन ही तो था, लेकिन जीवन तो बह रहा है, बहता रहेगा। पुस्तक जो कल लिखी गई थी, उसमें कल तक का जीवन अनुभव था। सूरदास के शब्दों में कहें तो ऊधौ बंध्यौ ज्ञान पोथी कौ। कबीर ने जब संस्कृत को कूप जल कहा था तो उसका आशय उस बंधे हुए ज्ञान से ही था। बहता नीर निर्बन्ध है और वह वाचिक परंपरा है, श्रुति परंपरा है, मौखिक परंपरा है, ओरल ट्रेडीशन है। जीवन व्यवहार में लिखित का महत्व तो है, किंतु जीवन का समस्त व्यवहार तो लिखकर हो नहीं सकता। जीवन व्यवहार बोलने से होता है, कहने सुनने से होता है। इसलिए लोकवार्ता वाचिक परंपरा की महिमा को प्रतिष्ठित करती है।

विचार करने की बात है कि हमारी शिक्षा पाठ्य पुस्तकों के घेरे में किस कदर घिर गई कि विद्यार्थी और अध्यापक समझने लगे कि पुस्तक ही ज्ञान की परमावधि है। लोकवार्ता इस बंधी हुई दृष्टि का निराकरण करती है, जीवन पुस्तक ही नहीं है। जीवन पुस्तक के बाहर है।

हमारी राष्ट्रीयता और मनुष्यता का पक्का आधार उन असंख्य गाथाओं, कथाओं, मिथकों में जीवित है, जो हजारों-हजारों सालों से हमारे जातीय जीवन को शक्तिवान बनाते रहे हैं। हमारी लोकपरंपरा में हजारों आनुवंशिकताएं और संस्कृतियां उसी प्रकार अंतर्भुक्त हुई हैं, जैसे सहस्र धाराएं गंगा में समा जाती हैं।

# भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है हमारी चेतना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अपनी सूक्ष्मता और विशालता में ज्ञेय-अज्ञेय ब्रह्मांड जैसा है, वैसा है। सवाल है हमारे मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ, कोई लक्ष्य है? हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का, सदाशयता का, सामाजिक सरोकारों का कोई आधार, कोई प्रासंगिकता है या अनिश्चितता और आकस्मिकता के अंधकार में डूबा बस अंधकार ही अंधकार है? हमारी रहस्यमय चेतना महज भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है या इसका कोई अभौतिक स्रोत, अभौतिक नियामक और अभौतिक अभिप्रेत भी है?

ब्रह्मांड क्या है, यह कब और कैसे उत्पन्न हुआ, इसका आयतन स्थिर है या बढ़ रहा है। इन प्रश्नों को छोड़िए। बस ब्रह्मांड है और उसमें चेतन प्राणी के रूप में हमारी एक स्थिति है, एक भूमिका भी। हमें मोटा-मोटा मालूम है कि हमारी पृथ्वी हमारे सौरमंडल का एक ग्रह है जिसका एकमात्र उपग्रह चंद्रमा है।

पृथ्वी अन्य ग्रहों की भांति हमारे सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है, ऐसा करते हुए वह अपनी धुरी पर भी घूर्णन करती रहती है। हम आकाश की ओर देखते हैं तो कम-ज्यादा चमकते हुए, दूर-पास नक्षत्र (ग्रह) और तारे दिखाई पड़ते हैं। हमें बताया गया है कि हर तारा एक सूर्य है, जो स्वयं भासमान है, किंतु हर ग्रह सूर्य के प्रकाश से ही चमकता है। हमारी आकाशगंगा में हमारे सूर्य-जैसे अनेक सूर्य हैं और हर सूर्य के अपने कम-ज्यादा संख्या में ग्रह हैं।

अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को और भी बहुत कुछ ज्ञात है। उनके अनुसार ब्रह्मांड की विशालता हमारी कल्पना से परे है। अब देखिए हम शुक्र को साफ-साफ देख पाते हैं, क्योंकि वह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह है और अन्य ग्रहों में बस मंगल की अपेक्षा हमसे दूर है, बाकी सबसे करीब है। अंतरिक्ष-वैज्ञानिक बताते हैं कि शुक्र की दूरी पृथ्वी से तकरीबन आधा अरब मील है। प्रकाश की रफ्तार (लगभग) 1,86,000 मील प्रति सेकेंड है। प्रकाश को शुक्र से पृथ्वी तक पहुंचने में 45 मिनट लग जाते हैं। जब हम अपने सौर मंडल से और आगे बढ़ते हैं तो दूरियां इतनी विस्तीर्ण हो जाती हैं कि मील से काम नहीं चलता। तब हम दूरी को समय से मिलाकर उसे प्रकाश वर्ष में नापते हैं। एक प्रकाश वर्ष वह दूरी है जिसे तय करने में प्रकाश को एक वर्ष लगता है। एक साल में प्रकाश 60 खरब मील की दूरी तय कर लेता है। हमारी आकाशगंगा के सबसे करीब की आकाशगंगा एंड्रोमेडा है। उससे निकले जिस प्रकाश को हम आज देख रहे हैं वह 25 लाख साल पहले वहां से चला था।

दृश्यमान ब्रह्मांड में कितनी आकाशगंगा हैं? कम से कम 200 अरब और अधिक से अधिक 20 खरब। इतना विस्तार और इतनी संख्या में आकाशीय पिंड कि बस अनुमान ही अनुमान है, वह भी किसी अनुमान-जैसा अनुमान नहीं, बस लालबुझक्कड़ वाला। आयतन और आकाशीय पिंडों की संख्या की तरह ब्रह्मांड का आयु काल भी शुद्ध अनुमान है।

क्षमा करेंगे स्टीफ़न हॉकिंग का एक जर्रे के महाविस्फोट से 13.8 अरब साल पहले ब्रह्मांड की उत्पत्ति और लगातार विस्तार का सिद्धांत मुझे तो उतना ही वैज्ञानिक लगता है जितना ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में विराटपुरुष के भिन्न-भिन्न अंगों से ब्रह्मांड के भिन्न-भिन्न अवयवों की उत्पत्ति का रूपक। या अब्राहमिक धर्मों के धर्मग्रंथों में वर्णित ईश्वर द्वारा छह दिन में सृष्टि की रचना। कम से कम विज्ञान में बिना समझ में आए विश्वास कर लेने जैसी कोई चीज नहीं होनी चाहिए। वह शुभ घड़ी 13.8 अरब साल पहले ही क्यों आई, 13 या 14 अरब साल पहले क्यों नहीं?

वैज्ञानिक खोजों से प्राप्त इन और इन जैसी अनेक जानकारियों के प्रकाश में कपिल के निरीश्वर सांख्य और शंकर के अद्वैत वेदांत की क्या प्रासंगिकता है? अपनी सूक्ष्मता और विशालता में ज्ञेय-अज्ञेय ब्रह्मांड जैसा है, वैसा है। सवाल है हमारे मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ, कोई लक्ष्य है? हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का, सदाशयता का, सामाजिक सरोकारों का कोई आधार, कोई प्रासंगिकता है या अनिश्चितता और आकस्मिकता के अंधकार में डूबा बस अंधकार ही अंधकार है?

हमारी रहस्यमय चेतना महज भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है या इसका कोई अभौतिक स्रोत, अभौतिक नियामक और अभौतिक अभिप्रेत भी है? बस इसी संदर्भ में कपिल और शंकर के धर्म-निरपेक्ष और 'ईश्वर' निरपेक्ष चिंतन के प्रति एक जिज्ञासात्मक भाव है।

## सोशल फोरम

# ट्रेलिस सिस्टम



अधिकांशतः यह स्वीकार कर लेना बेहतर समझा जाता है कि ढर्रे में चल रही चीजें ही जीवन का अंतिम सत्य हैं। हम खुद से सोचना बंद कर नतमस्तक होकर इन रेडीमेड विचारों को शिरोधार्य कर लेते हैं। फिर चाहे वह धर्म हो राजनीति, समाज हो या व्यवसाय! पहले पहल जीरे जैसे सरकारी टैंक के अनुदान से ही हमने रेसवे का ऊंट बनाने का निर्णय लिया और आपदा में उसने पूरा प्रलय झेलकर इसे सही साबित कर के दिखा दिया।



पृथ्वी 'लक्ष्मी' राज सिंह
रामगढ़, उत्तराखंड

पिछले वर्ष कीवी के सरकारी लोहे के डंडों की जगह हमने एक शानदार स्ट्रक्चर का निर्माण किया। इस बार एप्पल मिशन के इतर अपने शानदार किसान भाई मुकेश दरम्वाल को खुद के सर्पोट पोल बनाते देखा तो लगा कि यह बहुत पैक्टिकल और बेहतर हैं। पिछले वर्ष ही एक किसान का एप्पल ट्रैलिस सिस्टम बर्फबारी में धाराशाही होते देखा था। इस हिसाब से मुकेश का यह प्रयोग स्थानीय स्तर पर ज्यादा बेहतर था।

इसी क्रम में हमने भी उसे थोड़ा और मोडिफाई कर अपनाने का निर्णय लिया। सेब और स्ट्रक्चर के स्थानीय विशेषज्ञ भाई चंदन बिष्ट के सुझावों से इसे प्रचलित ट्रेलिस सिस्टम के अनुरूप ढाला। इसमें हमने चौदह फिट लंबे डेढ़ इंच मोटे पुराने मजबूत जी आई पाइप को एक आठ फिट के अतिरिक्त सपोर्ट पोल से जोड़ा ताकि बहुत हवा या बर्फबारी/ ओलावृष्टि में भी यह सीधा बना रहे और उसकी टॉप में दो बाई दो फीट के वी सेप बार का निर्माण किया जिससे कि हेलनैट पेड़ों के ऊपर से एक दूरी बनाकर बाहर आए। उम्मीद है कि यह साझा अनुभव भविष्य में ज्यादा कारगर व बेहतर साबित होगा। इस वर्ष गिने चुने पेड़ों में फूल आने शुरू हुए हैं। जल्द ही यह दृश्य भी बदलेगा तब यहां हजारों बुके हाथ में लिए इन पेड़ों के बीच एक सेलेब्रिटी की तरह खड़े होंगे।

-फेसबुक वॉल से

# सोशल मीडिया की दुनिया में खोता बचपन



पूजा गुप्ता
स्वतंत्र लेखिका, मिर्जापुर

आजकल बच्चे एक पल भी अपने मोबाइल को अपने से दूर नहीं रखना चाहते हैं भले ही परिवार का कोई भी सदस्य उनसे दूर हो जाए। हमें इस तरह की बच्चे में बढ़ती विसंगतियों को रोकना होगा।

ऐसे तो सोशल मीडिया वरदान भी है और अभिशाप भी है। बच्चों में बढ़ रहा मानसिक विस्तार सोशल मीडिया की ही देन है। बच्चे इसका प्रयोग कैसे करते हैं यह उनके ऊपर निर्भर करता है। आजकल बच्चे अधिकतर मोबाइल में ऑनलाइन पढ़ाई करते हैं और क्या वह सच में पढ़ाई करते हैं? बच्चों के बीच परिवार का सामंजस्य बराबर नहीं बैठ पा रहा है। सवेरे उठना मंजन करना चाय पीना फिर मोबाइल लेकर के बैठ जाना घंटो मोबाइल के अंदर अपनी आंख लगाए रखते हैं जिसकी वजह से उनके स्वास्थ्य पर भी मोबाइल का असर होता है। अपने परिवार से ज्यादा बच्चे मोबाइल को महत्व देने लगे हैं और उसमें जुड़ी हुई हर गतिविधियों पर अपनी नजर बनाए रखते हैं, जहां उन्हें अच्छी चीजें भी देखने मिलती हैं और बुरी चीजें भी। युवा-बच्चे अक्सर सोशल मीडिया की चपेट में होते हैं, उनकी पढ़ाई-लिखाई सब दूर हो रही है। एक घंटा पढ़ाई करते हैं फिर मोबाइल से घंटों अपने दोस्तों के साथ गपशप करते हैं। बंद कमरे में रहने वाले बच्चे अपने मोबाइल के साथ खुद को बंद कर लेते हैं। फिर यदि परिवार का कोई सदस्य उन्हें किसी कार्य के लिए उठाता है तो यह बच्चे चिड़चिड़ा जाते हैं। बच्चों में बढ़ रही विद्रोह की भावना आने वाली पीढ़ी के लिए बेहद घातक है। पहले जमाने में बच्चे अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करते थे। अच्छा बुरा सबका ज्ञान लेते थे, लेकिन आजकल तो केवल मोबाइल में ही अच्छा बुरा देखते रहते हैं जिसमें से अच्छा कम बुरा देखने की ज्यादा प्रवृत्ति बच्चों में पाई जाती है जिसकी वजह से उनकी मानसिकता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जब परिवार का कोई व्यक्ति उन्हें हाथ में मोबाइल लेने से रोकता है तो उन्हें लगता है कि हमारी आजादी हमसे छीनी जा रही है। आजकल बच्चे एक पल भी अपने मोबाइल को अपने से दूर नहीं रखना चाहते हैं भले ही परिवार का कोई भी सदस्य उनसे दूर हो जाए। हमें इस तरह की बच्चे में बढ़ती विसंगतियों को रोकना होगा वरना परिणाम घातक हो सकते हैं।

आजकल देखा गया है कि छोटे -छोटे 3 या 4 साल के बच्चों के हाथ में भी मोबाइल होता है जिसका प्रभाव उनका सीधे आंखों पर पड़ता है। समय से पहले बच्चों को चश्मा लग जाता है उनकी आंखें खराब हो जाती हैं। सोचिए अगर यह बच्चे बड़े होंगे तब तक इनकी आंखें कितनी खराब हो जाएगी। मोबाइल से उठने वाली तरंगे भी बच्चों के हार्ट, लिवर व किडनी पर असर करती हैं। बच्चों को इन सब परेशानियों से दूर रखने के लिए सबसे पहले बहुत ही छोटे-छोटे बच्चों को मोबाइल उनके हाथों से ले लें, उन्हें खिलौना से खेलने की आदत डालें और उनके पास बैठकर उन्हें अच्छा बुरा का ज्ञान दें। उनके साथ खेले, समय व्यतीत करें, अधिकतर परिवार में यह देखा गया है कि वह कार्य के चलते अपने बच्चों पर ध्यान नहीं देते हैं जिसका परिणाम यह होता है कि बच्चे एक कमरे में अपने को अकेला कर लेते हैं। घंटों बैठकर कानों में ईयर फोन लगाकर गाने सुनते हैं जिसकी वजह से इनकी श्रवण शक्ति कमजोर पड़ जाती है। कानों में सख्त मैल जम जाता है, जो कि बहुत ही हानिकारक है। कभी-कभी यह मैल इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि कानों में सफाई कराने के लिए डॉक्टर की आवश्यकता पड़ती है। ईयर फोन के ज्यादा प्रयोग करने से बच्चों में बहरापन भी देखा गया है, हमें बच्चों को इनसे बचाना होगा।

बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं। इनका मन कोमल होता है, जिस तरह आप इन्हें रखेंगे यह उस प्रकार ढल जाएंगे तो इसकी शुरुआत इनके बचपन से कीजिए। क्योंकि यह बड़े होने पर किसी की नहीं सुनेंगे, समय रहते इन्हें मोबाइल से दूर रखें और इनके साथ समय व्यतीत करें।

# लापरवाही न बरतें किडनी की बीमारी में

किडनी के कई रोग बहुत गंभीर होते हैं और यदि इनका समय पर इलाज नहीं किया गया तो उपचार असरकारक नहीं होता है। विकासशील देशों में उच्च लागत, संभावित समस्याओं और उपलब्धता की कमी के कारण किडनी फेल्योर से पीड़ित सिर्फ 5-10 प्रतिशत मरीज ही डायालिसिस और किडनी प्रत्यारोपण का उपचार करवा पाते हैं। बाकी मरीज सामान्य उपचार पर बाध्य होते हैं जिससे उन्हें अल्पावधि में ही विषमताओं का सामना करना पड़ता है। किडनी खराब होने से बचने की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को होनी चाहिए। किडनी की बीमारी को कभी अनदेखा न करें। इसके लिए नियमित रूप से एरोबिक व्यायाम और दैनिक शारीरिक गतिविधियां, रक्तचाप को सामान्य रखने में और रक्त शर्करा को नियंत्रण करने में मदद करती हैं। इस तरह शरीरिक गतिविधियां, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के खतरे को कम कर देती है और इस प्रकार किडनी रोग के जोखिम को कम किया जा सकता है। इसके अलावा संतुलित आहार लें, वहीं जिनकी उम्र 40 के ऊपर है, वे भोजन में कम नमक और चीनी कम लें और वजन नियंत्रण रखें। साथ ही दर्द निवारक दवाओं से सावधान रहें। क्योंकि लंबे समय तक दर्द निवारक दवाइयां लेने से किडनी को नुकसान होने का भी भय रहता है। धूम्रपान और तंबाकू के उत्पादों का सेवन न करें। खूब पानी पीयें, किडनी का वार्षिक चेकअप कराएं। किडनी की बीमारियां अक्सर छुपी हुईं एवं गंभीर होती हैं। अंतिम चरण पहुंचने तक इनमें किसी भी प्रकार का लक्षण नहीं दिखता है। किडनी की बीमारियों की रोकथाम और शीघ्र निदान के लिए सबसे शक्तिशाली प्रभावी उपाय नियमित रूप से किडनी का चेकअप कराना है, लेकिन अफसोस है कि इस विधि का उपयोग ज्यादा नहीं होता है। किडनी रोग गंभीर रोग है। उचित देखभाल और संयम से ही इससे बचा जा सकता है।



डॉ. अर्चना श्रीवास्तव
चिकित्सक, लखनऊ

# बैंकिंग की बढ़ती शिकायतें

आरबीआई एकीकृत लोकपाल योजना 2021 के तहत सोमवार को जारी पहली रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों के खिलाफ 1,96,635 शिकायतें मिली ही हैं, जो कुल प्राप्त शिकायतों का 83.78 फीसदी हैं। यह शिकायतें बैंक सेवा में कमी, काम में विलंब, मोबाइल/इलेक्ट्रानिक बैंकिग, पैरा बैंकिग, लोन, एटीएम/ डेबिट कार्ड आदि को लेकर की गई हैं। बैंकिग लोकपाल को ग्राहक द्वारा शिकायत करना अत्यंत सरल होता है, अगर उसका बैंक उसकी शिकायत पर ध्यान नहीं दे रहा या ग्राहक उत्तर से असंतुष्ट है और उसकी शिकायत को 30 दिन का समय हो चुका है तो ऐसे में ग्राहक ऑनलाइन शिकायत भेज सकता है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इसके लिए कोई शुल्क भी देना नहीं होता। शिकायत के लिए उसको पर्याप्त समय भी दिया जाता है। वह अपनी शिकायत 13 महीने के अंदर लोकपाल को भेज सकता है, जिस पर लोकपाल 33 दिनों में समुचित कार्रवाई करेगा। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत ऑनलाइन या रजिस्ट्री द्वारा अपने विवरण जैसे नाम, संबंधित बैंक का नाम, खाते का विवरण, मोबाइल नंबर और अपने पते के साथ शिकायत कर सकता है। ऑनलाइन शिकायत सरकारी पोर्टल पर भेजी जा सकती है या CRPC@rbi.org.in पर में भेज कर भी दर्ज हो सकती है।

## एक नजर

### निर्माणाधीन दुकान का गिरा छज्जा, एक घायल

**कांठ, अमृत विचार :** ठाठ ग्राम पंचायत की निर्माणाधीन दुकानों का छज्जा अचानक गिर गया। छज्जा गिरने से परिवार के सदस्यों एवं काम कर रहे मजदूरों के गुम चोटें आई हैं। पीड़ित ने राजमिस्त्री के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। गांव के अनिल कुमार ने प्रार्थना में बताया है कि निर्माणाधीन दुकानों पर काम कर रहे राजमिस्त्री ने मेरे मना करने के बावजूद गलत तरीके से दरवाजे और शटर के ऊपर छज्जा बना दिया। गलत तरीके से बना छज्जा अचानक गिर गया, जिससे परिवार के सदस्यों एवं काम कर रहे मजदूरों के गुम चोटें आईं हैं। एक मजदूर अधिक घायल है।

### पुलिस के समक्ष की गई पेड़ संबंधी विवाद की जांच

**कांठ, अमृत विचार :** एसडीएम के निर्देश पर खेत की मेढ़ पर पेड़ संबंधी विवाद की जांच पुलिस बल के समक्ष की गई। ठाठ निवासी ओमप्रकाश व चंद्रपाल एक दूसरे के खेत की डाल पर पेड़ लगाने का विवाद काफी समय से है। गांव के ओमप्रकाश ने चंद्रपाल के विरुद्ध एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया था। एसडीएम विनय कुमार के निर्देश पर लेखपाल पुष्पराज एवं हल्का उप निरीक्षक वेदपाल जांच पड़ताल के लिए ठाठ पहुंचे, जहां उन्होंने नाप तौलकर चंद्रपाल को पेड़ काटने के लिए पांच दिन का समय दिया है।

### तमंचा और चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर युवकों को पकड़ लिया जिनके पास चरस तमंचा और कारतूस मिला है। पुलिस ने आरोपियों को बुधवार को जेल भेज दिया। थाना पुलिस का कहना है कि बाईपास कुन्दरकी प्लाईओवर से करीब 40 कदम आगे धनियाखेड़ा उर्फ शेरपुर माधो निवासी अर्चित यहीं के रहने वाले तेजराम को पकड़ लिया गया था। तलाशी में बरामदगी के बाद दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया।

### कायाकल्प अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन

**कुंदरकी, अमृत विचार :** बुधवार को नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कायाकल्प अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मी व संविदाकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# गेहूं खरीद शुरू, खेतों में फसल और केंद्र है जाम

## गेहूं खरीद प्रभारी व स्टाफ परेशान, केन्द्र पर पसरा सन्नाटा, मेज- कुर्सी और न दिखा स्टाफ

ग्राउंड रिपोर्ट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



ठाकुरद्वारा रतुपुरा रोड स्थित मंडी समिति में गेहूं खरीद केंद्र भवन के सामने खड़े पुलिस द्वारा पकड़े गए डंपर व ट्रक ।

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद का सच देखना हो तो यहां आइये। ठाकुरद्वारा रतुपुरा रोड स्थित मंडी समिति में गेहूं खरीद केंद्र भवन के सामने डंपर, ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रालियां खड़ी है। यह वाहन पुलिस विभाग खनन विभाग की ओर से पकड़े गए हैं। केंद्र शुरू होने के लिए एसडीएम ने पुलिस विभाग से इन वाहनों को हटाने के निर्देश दिए थे लेकिन, पुलिस विभाग द्वारा अभी तक इन वाहनों को हटाया नहीं गया है।

केंद्र के प्रभारी पर अन्य स्टाफ को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र पर इतना भी स्थान नहीं बचा है, जहां किसान पैदल गेहूं लेकर पहुंच सकें। आश्चर्य तो यह कि शासन के आदेश पर यहां गेहूं खरीद केंद्र का बैनर भी लगा दिया गया है। विभाग के रिकार्ड में इस केंद्र को क्रियाशील दर्शाया गया है जबकि, यहां न मेज कुर्सी है और न ही कोई स्टाफ आता है। चौपाल पर चर्चा हो रही है कि इस स्थिति में कैसे की जाएगी गेहूं की खरीद? किसान और सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले लोग प्रशासन के दावे पर सवालिया निशान उठाने लगे हैं ।

बताते चलें कि प्रदेश सरकार ने 1 मार्च से प्रदेश भर में सरकारी गेहूं खरीद केंद्र शुरू कर दिए गए हैं। गेहूं खरीद के लिए एजेंसियों को आदेश जारी कर दिए गए हैं। 3 मार्च से एजेंसियों ने खरीद की तैयारी भी पूर्ण कर ली है।

इंतजार है तो सिर्फ किसानों के गेहूं खरीद केंद्र पर गेहूं लाने का। मजे की बात तो यह है कि अभी तक गेहूं की फसल अन्नदाताओं के खेतों में लहरा रही है। गेहूं की फसल कच्ची है। होली के बाद किसान अपने गेहूं को सरकारी गेहूं खरीद केन्द्रों पर बेचने के लिए पहुंचेंगे ।

बुधवार को रतुपुरा रोड स्थित मंडी समिति केंद्र का अमृत विचार टीम ने जायजा लिया, यहां का नजारा ही कुछ और दिखा। केंद्र के सामने दो दर्जन से अधिक डंपर खड़े हैं। खरीद केंद्र पर कोई भी कर्मचारी नहीं मिला। मंडी समिति में मौजूद एसएमआई जगत नारायण सिंह ने बताया कि शासन द्वारा पहले 1 मार्च से गेहूं खरीद केंद्र शुरू करने के निर्देश मिले थे। निर्देश पर कार्य शुरू कर दिया है। केंद्र से ट्रकों और अन्य वाहनों को हटाने के लिए उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिल चुका हूं। ऐसे वाहनों को हटवाने की मांग की है ताकि, केंद्र पर मेज-कुर्सी और वारदाना पहुंच सके। एसएमआई ने बताया कि मंडी समिति में खाद्य रसद विभाग के दो व भारतीय खाद्य निगम के एक केंद्र खोलने के आदेश मिले हैं। क्षेत्र में गेहूं की फसल अभी हरी है। उप जिलाधिकारी अजय कुमार मिश्र ने बताया कि कोतवाली प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि तत्काल गेहूं खरीद केंद्र के सामने खड़े ट्रैकों व वाहनों को हटवायें, ताकि वहां गेहूं खरीद केंद्र संचालित किया जा सके।

# पैसेंजर ट्रेनों का किराया कम होने से यात्रियों में खुशी दिखी

संवाददाता, भगतपुर

- तीन वर्ष बाद किराए के दरों में संशोधन अब न्यूनतम किराया 10 रुपये
- रोशनपुर स्टेशन से 10 रुपये में कर सकेंगे मुरादाबाद-काशीपुर की यात्रा

**अमृत विचार:** रेल मंत्रालय ने कोरोना काल से बढ़ा किराया वापस ले लिया है। इससे यात्रियों में खुशी की लहर है। रोशनपुर रेलवे स्टेशन से रोजाना करीब एक हजार यात्री पैसेंजर ट्रेनों से यात्रा करते हैं। अधिकांश यात्री काशीपुर, रामनगर व मुरादाबाद के लिए यात्रा करते हैं। स्थानीय यात्री लंबे समय से आटो और अन्य वाहनों के संचालकों को अधिक किराया चुकाने को मजबूर थे।

कोरोना काल से पहले पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों के लिए रोशनपुर रेलवे स्टेशन से मुरादाबाद काशीपुर के लिये 10 रुपये का टिकट मिलता था। बाद में रेलवे ने पैसेंजर ट्रेन के टिकट में वृद्धि कर कम से कम 30 रुपये का किराया निश्चित कर दिया था। अब रेलवे ने तीन वर्ष बाद किराए के दरों में संशोधन किया है। अब न्यूनतम किराया 10 रुपये कर दिया है, जिससे दैनिक यात्रियों में खुशी का माहौल है। इधर, ट्रेन का किराया कम होने से यात्रियों को आटो व बसों के महंगे सफर से छुटकारा मिल गया है। ट्रेन का किराया कम होने से जहां यात्रियों में खुशी की लहर है, वहीं आटो संचालकों की मनमानी पर भी रोक लगेगी।

उल्लेखनीय है कि आटो संचालक रोशनपुर से काशीपुर तक 30 से 40 रुपये का किराया लेते हैं। रोशनपुर से काशीपुर के बीच दूरी मात्र 20 किलोमीटर है, जिसके कारण यात्रियों को काफी नुकसान होता था। ट्रेन का किराया कम होने से अब आटो संचालकों की मनमानी पर भी रोक लगेगी। दैनिक यात्रियों और विद्यार्थियों में खुशी की लहर है।

## बैठक में तहसील बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी भंग

**कांठ, अमृत विचार:** नये सत्र के कार्यकारिणी चुनाव के लिए तहसील बार एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर दी गयी। बुधवार को तहसील बार एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया। बैठक में महासचिव शुगम सिंह पवार ने वार्षिक आय व्यय का ब्योरा पेश किया। अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा नए कार्यकारिणी के गठन के लिए सात सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया गया। चुनाव समिति में एडवोकेट शमशाद अहमद, चौधरी गजेंद्र कुमार, महावीर सिंह, प्रदीप कुमार, डॉ.विनीत नैन, शहजाद रफी तथा दीपक कुमार विश्नोई अधिवक्ताओं को शामिल किया गया है, जिन पर नये सत्र के चुनाव कराने का दायित्व सौंपा गया है।

# अधिकारियों ने विलेज सारथी प्रोग्राम का किया निरीक्षण

संवाददाता, छजलैट



कार्यक्रम का निरीक्षण करते अधिकारी, साथ में सीडीओ। ● अमृत विचार

- अधिकारियों की टीम ने मौके पर निरीक्षण किया
- उद्यम सखी के रूप में चयनित समूह की महिलाओं से पूछताछ की

**अमृत विचार:** अधिकारियों की टीम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की चलाई जा रही विलेज सारथी कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया।

विलेज सारथी प्रोग्राम के तहत नेशनल ई-गवर्नेंस अवार्ड के लिए जनपद से आवेदन किया गया था, जिसे भारत सरकार स्क्रीनिंग कमेटी ने प्रथम दृष्ट्या अनुमोदित किया है। बुधवार को अधिकारियों की टीम ने मौके पर निरीक्षण किया। उद्यम सखी के रूप में चयनित समूह की महिलाओं से विस्तार से पूछताछ की और बारीकी से उनके कार्य की जानकारी ली। टीम ने विकास खंड ठाकुरद्वारा में महिला आजीविका स्टोर रतूपुरा, विकास खंड ठाकुरद्वारा महिला आजीविका स्टोर रसूलपुर गुर्जर, विकास खंड छजलैट में वेयरहाउस का भी निरीक्षण किया। रतूपुरा में ओमकार स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित किए गए सरसों तेल, जूट बैग एवं ग्राम पंचायत रसूलपुर गुर्जर में राधिका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित किये जा रहे झाड़ू को देखा। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील कुमार धनवंता, उपायुक्त स्वतः रोजगार, खंड विकास अधिकारी ठाकुरद्वारा व छजलैट डीएमएम, एडीओ आईएसबी, बीएमएम के साथ-साथ समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। वेयरहाउस के निरीक्षण के समय विलेज सारथी प्रोग्राम के प्रबंधक शिवम कुमार उपस्थित रहे।

### अधिकारियों ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**कांठ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए उच्चाधिकारी स्तर से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। बुधवार को प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी निरीक्षक ने आधा दर्जन मतदान केंद्रों का दौरा किया और लोगों से निर्भय होकर मतदान करने का आह्वान किया । प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ रनवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, रहबर-ए-आम मुस्लिम इंटर कॉलेज सहित आधा दर्जन विद्यालयों में घूम कर मतदान केंद्रों का दौरा किया। केंद्रों पर खिड़की विंडो आदि की व्यवस्थाएं देखीं, जहां व्यवस्थाएं अधूरी मिलीं, वहां पर पूरी दुरुस्त करने के निर्देश विभाग के कर्मचारियों को दिए। प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ रनवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## सार-संक्षेप

### कॉलेज में धूम्रपान निषेध दिवस मनाया

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के अमरपुर काशी स्थिति श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विश्व धूम्रपान निषेध दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्र ने बताया हमें अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए धूम्रपान से दूर रहने की आवश्यकता है। किसी भी प्रकार के बीड़ी, सिगरेट, गांजा, गुटका, नशे से दूर रहना जरूरी है। तभी हम अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। बुधवार को प्रधानाचार्य, युवाओं एवं अभिभावकों ने रहागीरों को बुलाकर नशा न करने की शपथ दिलायी। गोष्ठी में महेंद्र सिंह सैनी, राकेश कुमार गोला, ओंकार सिंह, दीपक कुमार, बिजेंद्र मौर्य, नेतराराम यादव, रितिक शर्माने धूम्रपान निषेध की शपथ ली।

### केबिल बदलने एवं ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि को सौंपा ज्ञापन



जेई को ज्ञापन देते सपा व्यापार सभा के नगर अध्यक्ष चिराग अग्रवाल।

**बिलारी, अमृत विचार :** समाजवादी व्यापारी सभा के नगर अध्यक्ष चिराग अग्रवाल ने बुधवार को ज्ञापन देकर बिजली विभाग के जेई को ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर में जर्जर हो चुके बंच केबिल बदलने एवं ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़वाने की मांग का उल्लेख है। नगर अध्यक्ष ने कहा कि होली का त्योहार भी नजदीक आ रहा है। नगर में रैली चौक, नई सड़क, होली चौक, सराफा बाजार इत्यादि क्षेत्र में जगह-जगह बंच केबिल लटके हुए हैं जिन्हें, शीघ्र बदलना जरूरी है। उधर, पूर्व में क्षेत्रीय विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने इस कार्य के लिए सरकार तक अपनी मांग पहुंचायी थी। विधायक का दावा है कि उन्होंने इस कार्य के लिए धन स्वीकृत करवा दिया है लेकिन, यह कार्य अभी तक लंबित चल रहा है।

### नायब सिंह के सीएम बनने पर मिठाई खिलाकर खुशी मनाई

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के अमरपुरकाशी रतनपुर मार्ग स्थित कृषि सेवा केंद्र के संचालक महेंद्र सिंह सैनी ने प्रतिष्ठान पर अपने समाज के लोगों को एकत्र कर नायब सिंह सैनी के हरियाणा राज्य के मुख्यमंत्री बनने पर एक दूसरे को लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया। कुरुक्षेत्र क्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री पद की कमान संभालने पर समाज के लोगों में काफी प्रसन्नता है। महेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि अभी वह हरियाणा राज्य के पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उन्हें लोकसभा चुनाव से पहले यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। राज्य में 18 प्रतिशत सैनी समाज के मतदाता हैं। सैनी पार्टी में समर्पित भाव से कार्य करने वाले नेता हैं। इसलिए उन्हें मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में विजयपुर के बूथ अध्यक्ष डोरीलाल सैनी, राजीव कुमार सोनकर, बिजनेस यादव, अजय सैनी, अक्षत दिवाकर, पंकज कुमार, हरपाल सिंह यादव, सचिन सैनी, मेघराज सैनी, कृष्ण सैनी, पान सिंह सैनी, सतबीर सैनी, विजेंद्र सैनी, रामवीर सैनी, साहित सैनी समाज के लोगों ने खुशी मनाई।

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया टीकाकरण का निरीक्षण

**कांठ,अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.कुलदीप सिंह एवं डीआईओ डॉ.संजीव बेलवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर चल रही टीकाकरण का निरीक्षण किया। ग्राम सलेमपुर में बीएचडब्लू का नियमित टीकाकरण का का लक्ष्य 32 का था, जिसमें 28 बच्चों का टीकाकरण हुआ। इसके उपरांत ग्राम गढ़ी में बीएचडब्लू नतिया देवी के टीकाकरण का निरीक्षण किया, जहां 30 बच्चों का टीकाकरण बताया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधीक्षक डॉ.राजीव सिंह, बीपीएम चंद्रशेखर यादव उपस्थित रहे। इस दौरान सभी टीकाकरण पोर्टल पर ऑनलाइन भी किए गए।

### छह वर्षीय इनायत फातिमा ने रखा पहला रोजा



**कुंदरकी,अमृत विचार :** रमजान-उल-मुबारक का महीना शुरू होते ही बड़ों से लेकर बुजुर्ग और यहां तक की छोटे बच्चे भी रोजा रख कर खुदा की इबादत करने में जुट गए हैं। क्षेत्र के महलौली निवासी भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष डॉ. मुकीम हुसैन की छह वर्षीय बेटी इनायत फातिमा ने पहला रोजा रखा। सारे दिन खुदा की इबादत की। बच्ची का पहला रोजा रखने की सभी ने हौसला अफजाई की। इनाया के हौसला अफजाई करते हुए उसकी मां ने इफ्तार पार्टी भी आयोजन किया, जिसमें परिवार के सभी लोगों ने इनाया के साथ मगरिब की अजान के साथ रोजा इफ्तार किया। इनाया ने बताया कि पिछले साल वह अपने ताया ताई को रोजा रखते हुए व इफ्तार पार्टी करते हुए देखती थी, उसके मन में भी यही बात रहती थी कि वह भी रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करेगी।

### मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

**बिलारी, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। बुधवार को एसडीएम बिलारी मणि अरोड़ा एवं पुलिस क्षेत्रधिकारी राजेश कुमार ने तहसील क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक स्कूलों का निरीक्षण किया।

# जल संरक्षण समझाने को गांव-गांव घूमे शिविरार्थी, ग्रामीणों से की बात

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेष शिविर के छठवें दिन का आरंभ बोवदवाला गांव के प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक मनोज कुमार ने मां सरस्वती की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिसमें शिविरार्थी संजना, सोनम, यशी शर्मा और कुनाल ने नृत्य से वाहवाही लूटी।

डा.रघुनाथ सिंह ने कार्यक्रमों की रूप रेखा प्रस्तुत की। भूमिगत जल के अत्यधिक दोहन से भूमिगत जलस्तर में कमी होने पर चिंता व्यक्त की।

कहा कि भूमिगत जल का दोहन होने से भविष्य में इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। विस्तार से समझाया कि जल है तो कल है। बताया कि विश्व जल संकट से जूझ रहा है।

इसके बाद चार-चार की संख्या में स्वयंसेवकों ने टोलियों में बंटकर ग्राम बोवदवाला व कालाझांडा में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। स्वयंसेवक- सेविकाओं ने अपने-अपने शिविर में पहुंचकर अपने अनुभव साझा किये। आयोजन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ.राजपाल सिंह, विपुल, कुनाल, अक्षय, मंजीत, आदित्य, कौशल, अनुराग, विशेष, यशी शर्मा, सोनम, वैशाली, संजना आदि उपस्थित रहे।

### सफाई अभियान चला ग्रामीणों को किया जागरूक

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज सुरजननगर जयनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर में बुधवार को टांडा अफजल गांव के सचिवालय प्रांगण में स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं ने सफाई अभियान चलाया। ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरूक किया। शिविरार्थियों ने सचिवालय परिसर में कूड़ा- कचरा एकत्र किया। ग्राम प्रधान किरण देवी ने छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अरविंद कुमार ने सरकारी योजनाओं का कैसे लाभ लें? इस बात की ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। आयोजन में महाविद्यालय के शिक्षक डा.अरुण कुमार यादव, संजीव कुमार, परविंदर सिंह, कुलदीप व्यास, शिवानी कुमारी, प्राची रानी, कुमारी रीता, विपिन कुमार, सना परवीन, रुबीना, सबीना, शाहिद,अफजल, रितिका विश्नोई आदि ने भाग लिया ।

## झूठी निकली युवक के अपहरण की सूचना

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मंगलवार की बोवदवाला मझरा गांव के प्रधान के पति प्रमोद कुमार द्वारा युवक को कार सवारों द्वारा अपहृत करने की सूचना झूठी निकली। पुलिस तड़के तक इधर से उधर दौड़ती रही।

पता चला कि बोवदवाला मझरा से दो अलग-अलग बाइक पर दो सगे भाई ठाकुरद्वारा आये थे। एक भाई के साथ उसकी पत्नी थी जबकि, दूसरे भाई की बाइक पर उसकी भाभी बैठी हुई थी। वापसी में पति-पत्नी आगे हो गए। देवर की वजह से उसकी भाभी बाइक से गिर गई। वह इस बात की शिकायत पति से करने को कहने लगी। इस बात से डरकर देवर रास्ते से फरार हो गया। अपना मोबाइल भी स्वीच ऑफ कर लिया। इस मामले में प्रमोद कुमार ने इस मामले में युवक के अपहरण की जानकारी पुलिस को दे दी। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र चौहान ने कहा कि सूचना झूठी निकली है।

# टीकाकरण निगरानी के यू-विन पोर्टल का आरंभ

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- भारत में कहीं भी लगाया जा सकता टीका
- सीएमओ ने किया यू-विन पोर्टल का उद्घाटन

**अमृत विचार:** नियमित टीकाकरण की निगरानी के लिए यू-विन पोर्टल का आरंभ बुधवार से किया गया। अब गर्भवती महिलाएं और छह वर्ष तक के बच्चे देश में कहीं भी टीकाकरण करवा सकेंगे। उनके टीकाकरण की तिथि भी ऑनलाइन होगी, जिसको कहीं भी देखा जा सकेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुलदीप सिंह ने उप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रतुपुरा में टीकाकरण पोर्टल का उद्घाटन किया। कहा कि भारत का वैश्विक प्रतिशोधक टीकाकरण के कार्य को सुगम बनाने के लिए सरकार की ओर से स्वास्थ्य विभाग में यू-विन पोर्टल शुरू किया है। इसमें कोविड की तरह से बच्चों, गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण का स्वयं रजिस्ट्रेशन कर टीकाकरण का स्थान बुक किया जा सकेगा। अब गर्भवती और बच्चों के टीकाकरण की जानकारी, प्रसव केंद्र पर प्रसूता के साथ बच्चों को लगे टीका की भी जानकारी भी ऑनलाइन दिखाई देगी।

आशा से लेकर एएनएम तक अपने मोबाइल फोन पर पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण अभियान को सफलतापूर्वक चलायेंगी।

इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक राजपाल सिंह सैनी, नरेश सिंह, कमल रावत, आशुतोष गुप्ता, एएनएम व आशा व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का प्रशिक्षण दिया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के पांचवें बैच के तीसरे दिन का प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश सिंह गोयल की निगरानी में हुआ।

प्रशिक्षण में एआरपी पीयूष कुमार प्रशान्त ने गणित शिक्षण की विधि ईएलपीएस चार ब्लॉक्स, एनसीएस के अनुसार गणित सीखने के पांच चरण (पंचादि) परिचय, बोध, अभ्यास, अनुप्रयोग और विस्तार पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से चर्चा की। एआरपी नवनीत विश्नोई द्वारा सभी प्रतिभागियों को विद्यालय में निपुण लक्ष्य एप से बच्चों का आंकलन करने, निपुण संवाद और दीक्षा एप का नियमित प्रयोग की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में नरेश चंचल, गोपाल यादव, महिपाल सिंह, विजय पाल सिंह, सपना, रचना, शालनी आर काम्बले, रेखा आदि शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

आयोजन — तीन वर्ष की आयु में नामांकित बच्चों का प्राथमिक शिक्षा से जुड़ाव के लिए है कार्यक्रम

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव के प्रतिभागी पुरस्कृत

संवाददाता, छजलैट



विजयी छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि व शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्थानीय विकास खंड स्तरीय अभियान में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन एक बैन्क्वेट में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी विनय कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा बाल-वाटिका के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तीन वर्ष की आयु में नामांकित होने वाले बच्चों का प्राथमिक शिक्षा से जुड़ाव के लिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा कार्यकम का संचालन किया गया है। ऐसा इसलिए कि इस प्रयास से बच्चे को एक मजबूत आधार मिले और सभी बच्चे प्राथमिक विद्यालय में आकर निपुण हों।

जनपद सहित प्रदेश का शिक्षा का स्तर उच्चतम शिखर पर पहुंचे। कार्यकम में विकास खंड के दर्जनों विद्यालयों/ आंगनबाड़ी केन्द्रों में निपुण लक्ष्य प्राप्त करने वाले बच्चों को हमारा आंगन हमारे बच्चे का मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय द्वारा सरस्वती वंदना एवं कम्पोजिट विद्यालय कांठ के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

छात्रों द्वारा योगासन किया गया। कम्पोजिट विद्यालय मथाना के कक्षा दो के छात्र अदनान ने लगातार पूछे गये सामान्य ज्ञान आधारित 60 प्रश्नों के बिना रुके उत्तर देकर कीर्तिमान स्थापित किया।

प्राथमिक विद्यालय माननगर के छात्र-छात्राओं द्वारा निर्वाचन कार्यकम मैं हूं ना विषय पर एक नाटिका प्रस्तुत की।

इसके उपरान्त उप जिलाधिकारी ने निर्वाचन सम्बन्धित शपथ दिलाई। टीएलएम कार्यक्रम कॉर्नर, रंगोली, साज-सज्जा का कार्य भुवनेश कुमारी, दीपा सिंह, जागृति चौहान, द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रजेन्द्र कुमार, विरेन्द्र चौधरी, छत्रसेन, संदीप पंवार, घनश्याम सिंह, विकास व प्रमोद कुमार का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन एआरपी गौतम सिंह ने किया।

### क्विज प्रतियोगिता में कंचन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**कांठ, अमृत विचार :** जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल एवं क्विज प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय मूढ़ाखेड़ी की छात्रा कंचन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर के छात्रों ने मॉडल प्रतियोगिता में जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। एडी बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह ने मॉडल प्रतियोगिता का निरीक्षण किया तथा बच्चों से मॉडलों के बारे में उनसे जानकारी ली। जिला विज्ञान अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी दिलाई ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## छात्र-छात्राओं, शिक्षकों ने देखा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का प्रसारण

**भोजपुर, अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीन सेमी कंडक्टर सुविधाओं की आधारशिला कार्यक्रम का प्रसारण छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को दिखाया गया। प्राचार्य डॉ.मुहम्मद असलम खां और रसायन विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक ज्ञानेंद्र सिंह सेमीकंडक्टर चिप और डिवाइसेज की जानकारी दी। बताया कि सेमीकंडक्टर सुविधाएं गुजरात के धोलेरा, सानंद तथा असम के मोरीगांव में स्थापित की जाएंगी। देश को सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता मिलेगी। आयात पर निर्भरता कम होगी। इसका उपयोग मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर आदि से लेकर किचन के उपकरण, कार एवं वायुयानों में भी होता है। अमित कुमार ने छात्र-छात्राओं को लघु फिल्म, डॉक्यूमेंट्री दिखाई।


**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मौहम्मद इख्तियार एवं पुत्रवधु मेंसुम जहाँ दोनों पति-पत्नि गलत संगत में पड़ गये हैं। जो आये दिन मेरे व परिवार के साथ गाली-गलौंच व मारपीट करते रहते हैं। मैं स्वेच्छा से दोनों पति-पत्नि को चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। उनके द्वारा किये गये कुकृत्यों के स्वंय जिम्मेदार होगें।
मौहम्मद अवरार पुत्र उमर निवासी नया गाँव अकबरपुर चैदरी थाना व तह० कांठ, जि० मुरादाबाद।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम Mohammad Ateeq Azizi से बदलकर Mohammad Ateeq S/o Mohammad Shafeeq R/o भोजपुर, मुरादाबाद रख लिया है अब मुझे इस नाम से पहचाना जाये।

**खोया-पाया**

मेरा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2005 अनुक्रमांक 0309527 का प्रमाणपत्र व अंकपत्र वास्तव मे कहीं खो गया है। देवराज सिंह S/o वुद्धा सिंह निवासी सिरयावाली पो. भाटपुरा बिजनौर।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम Mohammad Furkan Ansari से बदलकर Mohammad Furkan S/o Nawab Ali Ansari R/o भोजपुर, मुरादाबाद रख लिया है अब मुझे इस नाम से पहचाना जाये।

## 96.8
करोड़ से अधिक लोग लोकसभा चुनाव में करेंगे मतदान





## 47.1
करोड़ महिला मतदाता



## 49.7
करोड़ पुरुष मतदाता



## 21.6
करोड़ युवा मतदाता

## 15.30
करोड़ हुई उत्तर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या

## 31
लाख नाम सूची से कटे हैं उत्तर प्रदेश में

## 15
लाख युवा मतदाता यूपी में

## चुनावी तीर



कांग्रेस और सपा रामलला का मंदिर नहीं बना पाते। गरीब को राशन, मकान, स्वास्थ्य सुविधा नहीं उपलब्ध करा सकते हैं तो आप अपना वोट खराब कर उन्हें बोझ के रूप में क्यों स्वीकार करते हैं।

**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री उप्र



जो लोग 2014 में आए थे, वे 2024 में जाने वाले हैं। कभी, 10 साल हिटलर का समय था। वह वहां 10 साल से ज्यादा नहीं रह सका। तो, अब इनके भी 10 साल भी पूरे हो गए हैं।

**अखिलेश यादव,** सपा अध्यक्ष

## भाजपा की दूसरी सूची

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची बुधवार को जारी कर दी। सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, पीयूष गोयल और हरियाणा व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्रियों क्रमशः मनोहर लाल खट्टर और बसवराज बोम्मई सहित कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं, मगर उत्तर प्रदेश की राजनीति के दिग्गजों की झोली अभी खाली है।

**दादर एवं नगर हवली :** श्रीमती कालाबेन देलकर

**दिल्ली : पूर्वी दिल्ली :** हर्ष मल्होत्रा, **उत्तर पश्चिमी दिल्ली :** योगेन्द्र चंदोलिया

**गुजरात : साबर कांठा :** भीखाजी दुधाजी ठाकोर, **अहमदाबाद पूर्व :** हसमुख भाई सोमाभाई पटेल, **भावनगर :** श्रीमती निमुबेन बम्भानिया **वड़ोदरा :** श्रीमती रंजनबेन धनंजय भट्ट, **छोटा उदयपुरा (अजजा) :** जशुभाई भीलुभाई राठवा, **सूरत :** मुकेशभाई चंद्रकांत दलाल, वलसाड (अजजा) धवल पटेल

**हरियाणा : अम्बाला (अजा) :** श्रीमती बंतो कटारिया, **सिरसा (अजा) :** अशोक तंवर, **करनाल :** मनोहर लाल खट्टर, **भिवानी :महेन्द्रगढ़ :** चौधरी धरमबीर सिंह, **गुरुग्राम :** राव इंद्रजीत सिंह यादव, **फरिदाबाद :** कृष्णपाल गुर्जर

**त्रिपुरा पूर्व :** महारानी कृति सिंह देब वर्मा।

**हिमाचल प्रदेश : हमीरपुर :** अनुराग सिंह ठाकुर, **शिमला :** सुरेश कुमार कश्यप,

**उत्तराखंड : गढ़वाल :** अनिल बलूनी, **हरिद्वार :** त्रिवेंद्र सिंह रावत

**महाराष्ट्र : नंदुरबार :** डॉ. हिना विजय कुमार गाबित, **धुले :** सुभाष रामराव, **जलगांव :** स्मिता वाघ, **रावेर :** रक्षा निखिल खडसे, **अकोला :** अनूप धोत्र, **वर्धा :** रामदास चंद्रभान, **नागपुर :** नितिन गडकरी, **चंद्रपुर :** सुधीर मुंटीवार, **नांदेड़ :** प्रतापराव पाटिल, **जालना :** राव साहेब, **डिंडोरी :** डॉ. भारती प्रवीण पवार, **भिंवडी :** कपिल मोरेश्वर पाटिल, **मुंबई उत्तर :** पीयूष गोयल, **मुंबई उत्तर पूर्व :** मिहिर कोटेचा, **पुणे :** मुरलीधर किशन मोहोल, **अहमदनगर :**सुजय पाटिल, **बीड :** पंकजा मुंडे, **लातूर :** सुधाकर तुकाराम, **माडा :** रणजीत सिन्हा, **सांगली :** संजय काका पाटिल।

**तेलंगाना : आदिलाबाद :** गोदाम नागेश, **पेद्दापल्ले :** गोमासा श्रीनिवास, **मेडक :** माधवनेनी रघुनंदन राव, **महबूबनगर :** डीके अरुणा, **नल्गोंडा :** सईदा रेड्डी, **महबूबाबाद :** प्रोफेसर अजमीरा सीताराम नाइक।

**कर्नाटक : चिक्कोडी :** अन्नासाहेब शंकर जोल्ले, **बागलकोट :** पीसी गद्दीगोंडर, **बीजापुर :** रमेश जिगजिणगी, **गुलबर्गा :** उमेश जी जाधव, **बीदर :** भगवंत खूबा, **कोप्पल :** बसवराज क्यावातूर, **बेल्लारी :** बी. रामुलु, **हावेरी :** बसवराज बोम्मई, **धारवाड़ :** प्रह्लाद जोशी, **दवणमेरे :** गायत्री सिद्देश्वर, **शिमोगा :** वी वाई राघवेंद्र, **उडुपी चिकमंगलूर :** कोटा श्रीनिवास पुजारी, **दक्षिण कन्नड़ :** ब्रिजेश चौटा, **तुमकुर :** वी सोमन्णा, **मैसूर :** कृष्णदत्त चामराज वाडिया, **चामराजनगर :** एस बालराज, **बेंगलुरु ग्रामीण :** डॉ. सीएन मंजूनाथ, **बेंगलुरु उत्तर :** शोभा करंदलाजे, **बेंगलुरु सेंट्रल :** पीसी मोहन, **बेंगलुरु साउथ :** तेजस्वी सूर्या।

***2024 में 400 पार का नारा देकर भारतीय जनता पार्टी क्या करना चाहती है यह विवाद का विषय नहीं है। बल्कि विचार का विषय यह है कि वह यह लक्ष्य हासिल कैसे कर पाएगी। अभी तक 400 पार का लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के ही नाम है। यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए भाजपा को कम से कम 13 प्रतिशत मतों का इजाफा करना होगा। सतीश श्रीवास्तव की रिपोर्ट:***

# नरेंद्र मोदी क्या तोड़ पाएंगे राजीव गांधी का रिकार्ड!





## 1985
में कांग्रेस ने 542 में से 415 सीटों पर जीत दर्ज करके रच दिया था इतिहास

## 303
सीटों पर 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने हासिल की जीत। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं थीं।

भारतीय जनता पार्टी ने जब "अबकी बार चार सौ पार' का नारा दिया तो उनकी पार्टी के ही लोग उस पर सवाल उठाने लगे।एक सांसद ने जब यह कहा चार सौ पार जाकर संविधान बदलेंगे तो तूफ़ान उठ खड़ा हुआ। हम यहां यह बात नहीं कर रहे हैं कि चार सौ सीट हासिल करने का भाजपा का उद्देश्य क्या है। बल्कि विचार यह है कि कि चार सौ पार जाने का लक्ष्य कितना कठिन है। क्योंकि आजादी के बाद चार सौ पार जाने का करिश्मा सिर्फ राजीव गांधी ही कर सके हैं।

1984 में राजीव गांधी ने जब 415 सीटें जीत कर सरकार बनाई थी।उस समय हालात क्या थे किसी से छिपा नहीं है। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद आम जनता में सहानुभूति की लहर उठी थी । उसी के परिणाम स्वरूप राजीव गांधी यह करिश्मा कर सके थे। क्या भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा के पक्ष में वैसी लहर देख रही? या फिर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व को लेकर अति आत्मविश्वास में है। यदि ऐसा है भाजपा नेतृत्व को यह समझ लेना चाहिए कि चार सौ पार की राह इतनी आसान नहीं है। 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 303 सीटों पर जीत हासिल की। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं। भाजपा ने 37.36% वोट हासिल किए, जबकि एनडीए का संयुक्त मत 60.37 करोड़ वोटों के साथ 45% था।

## 13%
का इजाफा करना पड़ेगा भाजपा को इस बार के लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए

1984 में लोकसभा की 542 में 515 सीटों पर ही चुनाव हुए थे। असम की 14 और पंजाब की 13 सीटों पर चुनाव 1 साल बाद सितंबर 1985 में हुए। इन चुनावों में कांग्रेस को 542 में से 415 सीटों पर जीत मिली थी। इतिहास में पहली बार कांग्रेस को मिले वोटों का प्रतिशत 50 के करीब पहुंचा। कांग्रेस ने कुल 49.1 प्रतिशत हासिल किए थे। उस समय भाजपा दो सीटों पर सिमट गई थी। 2019 के चुनाव को आधार माने तो भाजपा के पास इस समय 37.36% मत हैं। यानी कि राजीव गांधी के रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए भाजपा को अपने मत प्रतिशत में लगभग 13% का इजाफा करना पड़ेगा। जो फिलहाल आसान नहीं दिखता।

राजीव गांधी का रिकॉर्ड तोड़ने से पहले भाजपा को पंडित जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी द्वारा बनाए गए कई रिकॉर्ड तोड़ने होंगे। 1951 में जब देश में पहला चुनाव 489 सीटों पर हुआ था। उसे समय कांग्रेस को 364 सीटें मिली थी। 1957 में कांग्रेस ने 371 सीटों पर विजय हासिल की थी। 1971 में भी कांग्रेस में 352 सीटें जीती थी। 1980 में भी कांग्रेस को 351 सीट मिली थी। भाजपा के समक्ष राजीव गांधी के रिकॉर्ड तक पहुंचने से पहले इन चार चुनाव के रिकॉर्ड भी तोड़ने की चुनौती है। 2004 में कांग्रेस 145 सीटों के साथ सबसे आगे रही जबकि भाजपा को 138 सीटें मिलीं थीं। 1984 के बाद कांग्रेस की सीट निरंतर घटती गई। उसी अनुपात में भारतीय जनता पार्टी को बढ़त हासिल हुई। बावजूद इसके कांग्रेस 2004 से 2014 तक पुनः सरकार बनाने में कामयाब रही।

**कांग्रेस को कब मिली कितनी सीटें**

| | |
|---|---|
| 1951 | 364 |
| 1957 | 371 |
| 1967 | 283 |
| 1971 | 352 |
| 1977 | 153 |
| 1980 | 351 |
| 1984 | 415 |
| 1989 | 197 |
| 1991 | 244 |
| 1996 | 140 |
| 2004 | 145 |
| 2009 | 207 |
| 2014 | 44 |
| 2019 | 53 |

## गहलोत, कमलनाथ की तरह हरीश रावत ने भी मांगा बेटे के लिए टिकट

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली



● अमेठी या रायबरेली से प्रियंका को उम्मीदवार बनाने पर विचार-विमर्श

**अमृत विचार:** राजस्थान व मध्य प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी अपने बेटे वीरेंद्र रावत के लिए हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस का टिकट मांगा है। यहां से उनकी बेटी अनुपमा रावत विधायक हैं लेकिन गर्भवती होने के कारण चुनाव प्रचार करने में असमर्थ हैं। उत्तर प्रदेश की रायबरेली एवं अमेठी सीट को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है यहां से प्रियंका गांधी को किसी एक सीट से उम्मीदवार बनाने पर विचार चल रहा है।

पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने हरिद्वार संसदीय क्षेत्र को लेकर विस्तार से चर्चा की है। यहां से वे अपने बेटे वीरेंद्र को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने उन्हें सलाह दी है कि वे या तो स्वयं चुनाव लड़े या फिर बेटी अनुपमा को मैदान में उतारे, क्योंकि पहली मर्तबा में वीरेंद्र को टिकट देना न्याय संगत नहीं होगा।

हरीश रावत शुरू से अल्मोडा-पिथौरागढ संसदीय सीट से चुनाव लड़ते रहे हैं लेकिन यह सीट सुरक्षित हो जाने के बाद उन्होंने हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और सांसद बने थे। लेकिन इस बार वे हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के पार्टी के प्रस्ताव को ठुकरा रहे हैं। रावत का तर्क है कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है उनकी जगह बेटे को टिकट दे दिया जाए। वेणुगोपाल से हुई मुलाकात के दौरान हरीश रावत ने बेटे को चुनाव जीतने का सबसे बड़ा फार्मूला वर्तमान सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल का टिकट कटने से भाजपा में पैदा हुए असंतोष का लाभ मिलना बताया है।

इसी तरह उप्र में रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र को लेकर कांग्रेस में काफी विमर्श चल रहा है। क्योंकि सोनिया राज्यसभा से सांसद है और राहुल वायनाड से लड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में यह संदेश जा सकता है कि गांधी परिवार ने रायबरेली, अमेठी को छोड़ दिया। पहले यह कहा जा रहा था कि राहुल अमेठी या रायबरेली से भी लड़ सकते हैं।

## टिकट बंटवारे की नाराजगी पर ममता ने छोटे भाई से तोड़े संबंध

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को अपने छोटे भाई बाबुन बनर्जी से सभी संबंध तोड़ने का ऐलान किया। ममता का यह कदम उनके भाई द्वारा पश्चिम बंगाल की हावड़ा लोकसभा सीट से पार्टी द्वारा प्रसून बनर्जी को फिर प्रत्याशी बनाने पर नाखुशी जताने के बाद आया है। बनर्जी ने जलपाईगुड़ी में यह टिप्पणी की।



पार्टी के उम्मीदवारों के चयन के खिलाफ बोलने के लिए अपने छोटे भाई पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने कहा, हर चुनाव से पहले, वह समस्या पैदा करते हैं। मुझे लालची लोग पसंद नहीं हैं। मैं वंशवाद की राजनीति में विश्वास नहीं करती कि मैं उन्हें चुनाव में टिकट दूंगी। मैंने उनके साथ सभी रिश्ते खत्म करने का फैसला किया है। बाबुन बनर्जी ने कहा कि मैं हावड़ा लोकसभा सीट से उम्मीदवार के चयन से खुश नहीं हूं।

## दलों में आधी आबादी के हक की बात, टिकट देने में आनाकानी

- लोकसभा में मुरादाबाद मंडल की छह सीटों पर किसी पर नहीं है महिलाओं का प्रतिनिधित्व
- भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस की ओर से महिलाओं को टिकट देने में किया जाता है संकोच
- मुरादाबाद से 1952 से अब तक हुए चुनाव में नहीं पहुंची हैं कोई महिला संसद में

● विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** चुनाव आने पर राजनीतिक दलों को आधी आबादी की अहमियत वोट के लिए तो याद आती है लेकिन उनके हकदारी की बात करने वाले लोकसभा, विधान सभा या स्थानीय निकाय के चुनाव में टिकट देने में आनाकानी करते हैं। मुरादाबाद मंडल के छह सीटों में से एक पर भी लोकसभा में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं है। इनके वोट लेने वाले टिकट के समय इनकी अनदेखी कर देते हैं।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में तेजी है। भले ही अभी चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन जीत हार के ताने बाने बुने जा रहे हैं। आंकड़ों पर जीत को तौला जा रहा है। कहीं जाति तो कहीं धर्म तो कहीं पुरुष और महिलाओं की संख्या के अनुपात में प्रत्याशी तय करने में दलों के दिग्गज जुटे हैं। लेकिन आजादी के कई दशक बीतने के बाद भी राजनीति में आधी आबादी को अपना पूरा हक नहीं मिल रहा है। आधी आबादी के हक की बात तो की जाती है लेकिन जब चुनाव का समय आता है तो उनको जीत के लिए अधिक मुफीद न मानते हुए टिकट देने से परहेज किया जाता है। ऐसी स्थिति किसी एक दल की नहीं कमोवेश सबकी है। दलों के दिग्गज महिलाओं को वोट के लिए तो अहम मानते हैं लेकिन टिकट देने से बचकर पुरुषों पर अधिक दांव लगाते हैं।

अब संसद में महिला आरक्षण बिल पारित होने के बाद बने कानून का कितना पालन दलों के द्वारा किया जाएगा यह तो चंद दिनों में पता चल जाएगा लेकिन अभी तक के आंकड़े महिलाओं के लिए राजनीति में हकदारी की बात अंगूर खट्टे हैं जैसी है। मंडल में छह में से किसी सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव में महिलाओं का प्रतिनिधित्व नहीं है। जबकि मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 1952 से अब तक हुए चुनाव परिदृश्य पर नजर डालें तो कोई महिला संसद में नहीं पहुंची हैं।

● मुरादाबाद नगर ● मुरादाबाद देहात ● ठाकुरद्वारा ● कांठ ● बढ़ापुर



### इस बार बढ़ी हैं महिला मतदाता



इस लोकसभा चुनाव के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान में पुरुषों से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में आधी आबादी पर रहेगा जीत का अहम दारोमदार रहेगा। इस बार के चुनाव में मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 11,46,014 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। विशेष पुनरीक्षण अभियान में 69407 मतदाता बढ़े हैं। जिसमें पुरुषों से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। पहले महिला मतदाताओं की संख्या 11,04,303 थी। पुनरीक्षण में महिला मतदाता 41,710 बढ़ गई हैं। अब इनकी कुल संख्या 11,46,014 हो गई है। ऐसे में जीत की कुंजी उनके हाथ में रहेगी। हालांकि जिले में कुल 24,42,843 मतदाता अपने वोट का प्रयोग करेंगे।

**मुरादाबाद मंडल के सांसद**

| | | |
|---|---|---|
| मुरादाबाद | डॉ. एसटी हसन | सपा |
| रामपुर | घनश्याम लोधी | भाजपा (उपचुनाव में जीते) |
| संभल | डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क | 27 फरवरी 2024 निधन |
| अमरोहा | कुंवर दानिश अली | बसपा (अभी निष्कासित) |
| नगीना | गिरीश चंद्र | बसपा |
| बिजनौर | मलूक नागर | बसपा |

**मुरादाबाद लोकसभा सीट पर इनकी जीत**

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रामसरन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | रामसरन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | सैयद मुजफ्फर हुसैन | स्वतंत्र |
| 1967 | ओम प्रकाश त्यागी | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | वीरेंद्र अग्रवाल | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता पार्टी |
| 1980 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता पार्टी (सेक्युलर) |
| 1984 | हाफिज मो. सिद्दिक | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1991 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1996 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | चन्द्र विजय सिंह | अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस |
| 2004 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | मोहम्मद अज़हरुद्दीन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | कुंवर सर्वेश कुमार सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | डॉ. एसटी हसन | समाजवादी पार्टी |

**केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के सामने हैट्रिक लगाने की चुनौती, दो बार पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने किया था प्रतिनिधित्व**

# फतेहपुर : बनेगा नया रिकार्ड या दोहराया जाएगा इतिहास

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

कानपुर और प्रयागराज तथा गंगा-यमुना के बीच में बसे होने के कारण दोआबा के नाम से मशहूर फतेहपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने हैट्रिक लगाने के लिए केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को फिर से मैदान में उतार दिया है। हालांकि इतिहास बताता है कि इस सीट से अभी तक कोई सांसद हैट्रिक नहीं लगा पाया है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस बार नया रिकार्ड बनेगा या इतिहास दोहराया जाएगा। सपा-कांग्रेस गठबंधन में इस सीट से सपा को प्रत्याशी उतारना है।





उत्तर प्रदेश की राजनीति में फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र कितना महत्वपूर्ण है, यह बात इसी से समझी जा सकती है कि यहीं से वर्ष 1989 और 91 के चुनाव में जनता दल के टिकट पर चुनाव जीतने वाले विश्वनाथ प्रताप सिंह देश के प्रधानमंत्री बने थे। उनसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे हरिकिशन शास्त्री ने कांग्रेस के टिकट पर वर्ष 1980 और 84 में लगातार दो बार जीत हासिल की थी। 1996 में बसपा के विशंभर प्रसाद निषाद और 1998 और 99 में भाजपा के डॉ. अशोक कुमार पटेल फिर 2004 में बसपा के महेंद्र निषाद और 2009 में सपा के राकेश सचान सांसद बने थे। पिछले दो चुनावों 2014 और 2019 से साध्वी निरंजन ज्योति ने यहां भाजपा का 'कमल' खिला रखा है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 में अभी तक भाजपा द्वारा घोषित नौ प्रत्याशियों में वह अकेली महिला उम्मीदवार हैं। पार्टी का मानना है कि राम मंदिर बनने से बने माहौल, मोदी की गारंटी और जातीय समीकरणों के दम पर साध्वी इस बार बड़े अंतर से चुनाव जीतने का रिकार्ड बना सकती हैं। उनका मुकाबला करने के लिए सपा से जहां भाजपा के टिकट पर दो बार जीत दर्ज करने वाले डॉ. अशोक पटेल मजबूती से दावा ठोक रहे हैं, तो सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का नाम भी टिकट के दावेदारों में प्रमुखता से गिना जा रहा है। बसपा ने अभी यहां पत्ते नहीं खोले हैं। कभी भाजपा के लिए चुनौती रहे सपा के पूर्व सांसद राकेश सचान अब योगी सरकार में मंत्री हैं और साध्वी की जीत के लिए पूरी ताकत भी लगाए हैं।

**बीते चार चुनाव में वोट प्रतिशत**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 33.9 | 40.2 | 12.9 | 1.9 |
| 2019 लोस | 55 | -- | 35.7 | 6.4 |
| 2017 विस | 40.8 | 15.2 | 18.7 | 8.9 |
| 2014 लोस | 46.0 | 17.0 | 28.3 | 4.4 |

**2019 चुनाव का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | साध्वी निरंजन ज्योति | 5,66,040 |
| बसपा | सुखदेव प्रसाद वर्मा | 3,67,835 |
| कांग्रेस | राकेश सचान | 66,077 |
| नोटा | | 14,692 |

(2019 में सपा-बसपा गठबंधन में सीट बसपा को मिली)

### इतिहास का आईना

फतेहपुर लोकसभा सीट पर 1957 में पहला चुनाव हुआ था। अब तक सबसे ज्यादा पांच बार कांग्रेस तो भाजपा को चार बार सफलता मिली है। जनता दल और बसपा के उम्मीदवारों ने दो-दो बार, सपा और लोकदल के प्रत्याशियों को एक-एक बार जीत दर्ज की है। 1962 में निर्दलीय उम्मीदवार को यहां से सफलता मिली थी। बीते दो चुनाव से भाजपा का इस सीट पर कब्जा है।

### हैट्रिक से चूकते रहे सांसद

1967 और 1971 में फतेहपुर सीट से कांग्रेस के संतबख्श सिंह सांसद बने। लेकिन इसके बाद हुए 1977 के चुनाव में वह जनता पार्टी के वशीर अहमद से हार गए। इसी प्रकार 1980 और 1984 में दो बार कांग्रेस के हरिकृष्ण शास्त्री सांसद बने। लेकिन तीसरी बार 1989 में जनता दल के वीपी सिंह से पराजित हो गए। इसके बाद मध्यावधि चुनाव होने के कारण वीपी सिंह 1991 में दोबारा सांसद बने। ऐसे ही दो बार डॉ. अशोक पटेल सांसद बने, लेकिन तीसरी बार 2004 में चुनाव हार गए।

### तीन दशक से कुर्मी या निषादों का ही दबदबा

इस सीट पर पिछले करीब तीन दशकों से कुर्मी या निषाद प्रत्याशियों का ही दबदबा रहा है। 1996 में भाजपा के महेंद्र प्रताप सिंह को हराकर बसपा के विशंभर प्रसाद निषाद ने सीट पर कब्जा किया था। लेकिन 1998 के चुनाव में डॉ. अशोक पटेल ने बसपा से सीट छीन ली। एक साल बाद हुए मध्यावधि चुनाव में बसपा के सूर्यबली निषाद को हराकर डॉ. अशोक पटेल ने दोबारा जीत हासिल की। 2004 के चुनाव में यह सीट फिर बसपा की झोली में गई। बसपा के महेंद्र निषाद जीते। 2009 में सपा के राकेश सचान यहां से जीते। 2014 में एक बार फिर भाजपा की साध्वी निरंजन ज्योति ने बसपा के अफजल सिद्दीकी को हरा दिया। 2019 में साध्वी फिर चुनाव जीतने में सफल रहीं।

## सार-संक्षेप

### मुख्य सूचना आयुक्त समेत सभी सूचना आयुक्तों ने राजभवन में ली पद की शपथ



**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में नवनियुक्त राज्य मुख्य सूचना आयुक्त राज कुमार विश्वकर्मा व 10 राज्य सूचना आयुक्तों को पद की शपथ दिलाई। समारोह में शपथ लेने वाले सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पद्म नारायण, स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेन्द्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार व वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने शामिल थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने सूचना आयुक्तों से कार्य निष्पादन पर चर्चा की और उन्हें तीव्र कार्य निष्पादन, दृढ़ता से कार्य करने, कार्य निष्पादन के लिए सिस्टम बनाने और कार्य प्रणाली को ऑनलाइन कर पारदर्शिता बढ़ाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव प्रशासनिक सेवा एवं सचिवालय प्रशासन के रवीन्द्र नायक, राज्य सूचना आयोग के सचिव जेपी चौरसिया, रजिस्ट्रार सूचना आयोग संदीप गुप्ता व अन्यअधिकारी मौजूद रहे।

### योगी की सभा में शव वाहन से मंगाए गए लंच पैकेट

**फर्रूखाबाद, एजेंसी :** जिले में मुख्यमंत्री की सभा में एक शर्मनाक घटना की सब तरफ निंदा हो रही है। सभा में जाने वाले लाभार्थियों को शव वाहन से लंच पैकेट मंगवाकर बंटवा दिए गए। इधर, सीएमओ लंच पैकेट लाने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में हैं। मुख्यमंत्री की सभा के लिए लंच पैकेट पहुंचाने की व्यवस्था को सीएमओ कार्यालय से शव वाहन की चाबी पकड़ा दी गई। इस बात की जब चर्चा फैली तो आनन-फानन में शव वाहन मंगाकर एल-2 अस्पताल में खड़ा करा लिया गया। इस संबंध में पूछे जाने पर कुछ अफसरों ने बताया कि शव वाहन पूरी तरह सैनिटाइज था। सीएमओ डॉ .अवनींद्र कुमार ने बताया कि शव वाहन से लंच पैकेट ले जाने के मामले में उन्होंने चीफ फार्मासिस्ट चक्र सिंह यादव को स्टोर से कायमगंज सीएचसी स्थानांतरित कर दिया गया है।

### नर्सिंग कॉलेजों में शिक्षक नियुक्ति के साक्षात्कार 18 से

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में खुल रहें राजकीय व स्वशासी नर्सिंग कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार 18 से 22 मार्च तक संपन्न होंगे। केजीएमयू के कलाम सेंटर में प्रस्तावित साक्षात्कार में एसोसिएट प्रोफेसर,, असिस्टेंट प्रोफेसर व ट्यूटर के रिक्त पदों के सापेक्ष तीन गुना अभ्यर्थी बुलाए गए हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि नर्सिंग कॉलेजों में एसोसिएट प्रोफेसर के 93, असिस्टेंट प्रोफेसर के 127 और ट्यूटर के 426 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को क्रम वार 18 मार्च से 22 मार्च तक साक्षात्कार की तिथि निर्धारित कर दी गई है, क्रमवार नाम के साथ सूची वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। एसोसिएट प्रोफेसर के लिए 18 मार्च को सभी 93 अभ्यर्थियों कों बुलाया गया है। इसके अलावा असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए 18 मार्च को 40 अभ्यर्थी व 19 मार्च को क्रम 41 से 127 तक के 87 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है, इसके अलावा ट्यूटर पद के लिए 19 मार्च से 22 मार्च तक कुल 426 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है।

### सचिव परिषद ने जारी मूल्यांकन केन्द्रों की स्थिति

**लखनऊ, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन लखनऊ सहित 260 केन्द्रों पर 16 मार्च से होना है। बुधवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने मूल्यांकन केन्द्रों की स्थिति को परखा और उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा को बढ़ाने के निर्देश दिए। सचिव ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों से कहा कि किसी भी केन्द्र पर शिक्षक पहुंचाने में लापरवाही न करने पाएं। मूल्यांकन के लिए निर्धारित समय का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता के साथ मूल्यांकन प्रक्रिया 31 मार्च तक पूरी करनी होगी। दूसरी ओर कॉपियों के मूल्यांकन में जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जानी है उनकी सूची भी जारी कर दी गई है। मौजूदा समय में एक जनपद से दूसरे जनपद में उत्तर पुस्तिकाओं के भेजे जाने की प्रक्रिया जारी है।

### सिंगापुर के युवक ने शरीर पर गुदवाया 108 बार राम नाम



**अयोध्या, अमृत विचार :** सिंगापुर से आए प्रवासी भारतीय विजय भारद्वाज में रामलला के प्रति अनोखी भक्ति देखने को मिली है। उन्होंने अपने दाएं हाथ में राम-नाम गुदवा लिया है। दाहिने हाथ-पैर में 108 राम नाम और हनुमान जी का टैटू बनाकर दुनिया भर के युवाओं को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया है। विजय ने बताया कि वह वृंदावन के मूल निवासी हैं। कई वर्षों से सिंगापुर में रह रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या आए हैं। कहा कि बचपन से ही भगवान राम के प्रति आस्था है। जिस प्रकार से लोग भगवान के नाम को जपने के लिए माला की 108 गुरियों का प्रयोग करते हैं। इसी प्रकार मैं ने अपने दाहिने हाथ-पैर में 108 राम नाम अंकित कराया है।

### सितंबर में 32 हजार मेगावाट हो सकती है बिजली की मांग

**लखनऊ, अमृत विचार :** इस बार गर्मी में प्रदेश की बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की ओर से वर्ष 2024-25 के लिए जारी की गई पूर्वानुमानित बिजली की पीक डिमांड रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। शासन के अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष प्रदेश देश का पहला राज्य होगा जहां सितंबर 2024 में सबसे ज्यादा 31,917 मेगावाट अधिकतम मांग अनुमानित है, जबकि 2025 में देश में सबसे ज्यादा मांग महाराष्ट्र में आंकी गई है। अधिकारियों का कहना है कि जिस प्रकार से मौसम करवट ले रहा है इससे अनुमान है कि उत्तर भारत में इस बार प्रचंड गर्मी आने वाली है।केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में अप्रैल 2024 में 25,379 मेगावाट, मई में 28,291 मेगावाट, जून में 29,853 मेगावाट, जुलाई में 30,581 मेगावाट, अगस्त में 31,585 मेगावाट और सितंबर में 31,917 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग होने की संभावना है।

### उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग में अध्यक्ष पद पर मांगा आवेदन

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के निर्देश पर उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में अध्यक्ष पद पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने बताया कि उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग में एक अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र (बायोडाटा सहित) निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये गये हैं। पद हेतु कार्यावधि, आयु, अर्हताएं, देय परिलब्धियां एवं आवेदन पत्र का प्रारूप, उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट www.uphed.gov.in पर उपलब्ध है।

# 5 साल के बच्चे की याचिका पर जवाब-तलब

## शराब के ठेके को लेकर एलकेजी के छात्र अथर्व ने वकील से याचिका दाखिल करवाई

हाईकोर्ट से

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्कूल के बगल स्थित शराब के ठेके के कारण आए दिन शराबियों के हुड़दंग से परेशान एलकेजी में पढ़ने वाले 5 साल के बच्चे की जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाबी हलफनामा मांगा है। कोर्ट ने प्रदेश सरकार से जानकारी मांगी थी कि स्कूल के बगल के शराब के ठेके का नवीनीकरण हर साल कैसे होता जा रहा है। सरकार की ओर से कहा गया कि शराब का ठेका 30 वर्ष पुराना चला आ रहा है और स्कूल 2019 में खुला है। मास्टर अथर्व के अधिवक्ता के मुताबिक मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने का समय देते हुए सुनवाई के लिए आगामी 28 अप्रैल की तारीख सुनिश्चित की है।

मामला कानपुर नगर में चिड़ियाघर के पास स्थित आजाद नगर मोहल्ले का है। 5 साल का अथर्व दीक्षित आजाद नगर स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में एलकेजी का छात्र है।

स्कूल से महज 20 मीटर दूर शराब का ठेका है। नियम के मुताबिक सरकारी ठेका दिन में 10:00 बजे के बाद ही खुलना चाहिए, लेकिन वहां अक्सर सुबह से ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। लोग शराब के नशे में हुड़दंग करते हैं। स्कूल के पास रिहायसी बस्ती भी है। जहां सैकड़ो लोग रहते हैं। अथर्व के कहने पर उसके परिवार वालों ने कानपुर के अफसरों से लेकर राज्य सरकार तक कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद अथर्व ने हाईकोर्ट में वर्तमान जनहित याचिका दाखिल की है।

### स्कूल में बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए

- हाईकोर्ट के लखनऊ बेंच की तल्ख टिप्पणी, मुख्य सचिव द्वारा आपदा प्रबंधन को भेजी गई रिपोर्ट भी की तलब

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुरूप स्कूलों में सुरक्षा उपाय न करने पर सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने मुख्य सचिव द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को पिछले छह माह में भेजी गई रिपोर्ट्स तलब की है। साथ ही न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत के दिशानिर्देशों को जमीनी स्तर पर न तो लागू किया गया और न ही पिछले पाँच साल से अधिक समय से स्कूलों में बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए कोई कार्रवाई की गई। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। उक्त याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है। याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाईयों के दौरान न्यायालय ने पाया कि सुप्रीम कोर्ट ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में 14 अगस्त 2017 को बच्चों की सुरक्षा और स्कूलों में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे। जिसके तहत डीआईओएस को नोडल अधिकारी नियुक्त करने की बात कही गई थी व उसके कार्यों की निगरानी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन को करने को कहा गया था जिसका प्रमुख जिलाधिकारी को बनाया गया था। अंत में दोनों के कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी मुख्य सचिव को सौंपी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के उक्त दिशानिर्देश के क्रम में राज्य सरकार की ओर से विभिन्न विभागों के बीच हुए पत्राचार की जानकारी न्यायालय को दी गई। इस पर कोर्ट ने असंतुष्टि जाहिर करते हुए, उपरोक्त टिप्पणी की। न्यायालय ने कहा कि शीर्ष अदालत के आदेश के अनुपालन में मुख्य सचिव को तिमाही रिपोर्ट भी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन को भेजनी थी, हम उम्मीद करते हैं कि उक्त रिपोर्ट मुख्य सचिव द्वारा भेजी गई होगी। न्यायालय ने कहा कि पिछले छह माह की उक्त रिपोर्ट अगली सुनवाई पर कोर्ट में दाखिल की जाए। इसके साथ ही न्यायालय ने मामले में नियुक्त न्याय मित्र को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा केंद्र सरकार के स्कूल व साक्षरता विभाग को भी पक्षकार बनाने का आदेश दिया है।

## पति के मूल वेतन का 25 प्रतिशत भरण-पोषण के रूप में देना उचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुजारा भत्ता के मामले में महत्वपूर्ण फैसला देते हुए कहा कि पति के मूल वेतन का 25% पत्नी को भरण-पोषण के रूप में दिया जाना उचित और न्याय संगत है। पत्नी को दी जाने वाली स्थायी गुजारा भत्ता राशि दोनों पक्षों की स्थिति और पति या पत्नी की भरण-पोषण देने की क्षमता के अनुरूप होनी चाहिए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की एकल पीठ ने राखी उर्फ रेखा की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए परिवार न्यायालय, अमरोहा द्वारा 5 हजार रुपए के मासिक रखरखाव को 10 हजार रुपए करते हुए की।

याची ने हाईकोर्ट में गुजारा भत्ता बढ़ाने को लेकर याचिका दाखिल की थी। याची का दावा है कि उसके पति नौसेना में हैं और प्रतिमाह लगभग 40 हजार का मासिक वेतन अर्जित करते हैं, जबकि विपक्षी (पति) के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची बी.ए. पास है तथा ट्यूशन पढ़ाकर 10 हजार प्रतिमाह कमाती है। लेकिन इस तथ्य को विपक्षी के वकील दस्तावेज के माध्यम से कोर्ट को संतुष्ट नहीं कर पाए। कोर्ट ने याची की गुजारा भत्ता बढ़ाने की प्रार्थना को स्वीकार कर लिया।

### कृष्ण कूप पर बसौड़ा पूजा की अनुमति मांगी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान वादी आशुतोष पांडेय ने व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में प्रस्तुत होकर हलफनामे के साथ एक आवेदन प्रस्तुत किया जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि प्रतिवर्ष बसौड़ा पूजा के रूप में कृष्ण कूप पर हिंदू भक्त पूजा अर्चना करते हैं। इस वर्ष यह पूजा एक अप्रैल को माता शीतला सप्तमी और 2 अप्रैल को माता शीतला अष्टमी के रूप में पड़ रही है। उक्त तिथियों पर परंपरा के अनुसार हिंदू पक्ष को विपक्षियों द्वारा कृष्ण कूप पर पूजा करने से रोका जा रहा हैं। आवेदन में वादी पक्ष ने विपक्षी के लिए निर्देश मांगा है कि शाही ईदगाह मस्जिद में स्थित कृष्ण कूप पर पूजा करने के लिए हिंदू भक्तों को रोका न जाए। कोर्ट ने वादी पक्ष द्वारा दाखिल आवेदन के खिलाफ विपक्षियों को दिनांक 15 मार्च तक जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया और अगली सुनवाई यानी 20 मार्च तक जवाब दाखिल नहीं किया जाता है तो किसी भी आपत्ति पर विचार किए बिना फैसला किया जाएगा।

## लोकसभा चुनाव के लिए बसपा के प्रत्याशियों के नाम लगभग तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 15 को कांशीराम जयंती के मौके पर सूची जारी होने की संभावना

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रदेश की सीटों पर बसपा के संभावित प्रत्याशियों के नाम लगभग हो गए हैं। 15 मार्च को कांशीराम जयंती के मौके पर सूची जारी होने की संभावना है। पहले चरण में संभावित प्रत्याशियों को बतौर लोकसभा प्रभारी घोषित करने की बात कहीं जा रही है।

चुनाव को लेकर भाजपा, सपा व कांग्रेस की पहली सूची जारी हो चुकी है। हालांकि, कांग्रेस की पहली सूची में प्रदेश के प्रत्याशियों के नाम अभी घोषित नहीं किए गए हैं। बसपा सूत्रों के अनुसार कांशीराम जयंती पर मंडल स्तर पर होने वाले कार्यक्रम के दौरान लोकसभा प्रभारियों की सूची जारी होने की संभावना है। बसपा लगातार इंडिया गठबंधन में शामिल होने से इनकार कर रही है, पर 2019 में बसपा सपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ी थी। गठबंधन से खाते में आई 38 सीटों में से 10 सीटों पर विजय हासिल की थी। जीती गई सीटों में अंबेडकरनगर, अमरोहा, बिजनौर गाजीपुर, घोसी, जौनपुर, लालगंज, नगीना, सहारनपुर व श्रावस्ती सीटें शामिल थीं, जबकि 27 सीटों में नंबर दो व एक सीट पर नंबर तीन स्थान पर रही। बताया जा रहा है कि पिछली बार की तरह इस बार भी बसपा ने जातीय व अन्य आधार को ध्यान में रखकर प्रत्याशियों के नाम तय किए हैं।

## झांसी में आबकारी निरीक्षक निलंबित

**लखनऊ, अमृत विचार :** अवैध-नकली शराब फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने बुधवार को झांसी के आबकारी निरीक्षक शिशुपाल सिंह को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही तत्कालीन जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद गोयल व वर्तमान उप आबकारी आयुक्त सुभाष चंद्र सोनकर से स्पष्टीकरण मांगा है। आबकारी मंत्री ने कहा कि विभाग में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही, भ्रष्टाचार किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में होली का त्योहार है सभी जिलों के आबकारी अधिकारी व आबकारी निरीक्षक सतर्कता के साथ अभियान चलाकर गड़बड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई करें।

## पर्यटक अब गांवों में कर सकेंगे होम-स्टे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पर्यटन विभाग चयनित गांवों में बढ़ा रहा सुविधाएं

**अमृत विचार :** ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में आगंतुकों को बेहतर अनुभव कराने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग ने कई प्रदाताओं के साथ अनुबंध किया है। ये होम-स्टे स्थानीय संस्कृति और स्थानीय लोककलाओं के साथ व्यंजनों से जुड़े अनूठे फार्म-स्टे का अनुभव कराएंगे।

इस कड़ी में अयोध्या से केवल 70 किलोमीटर दूर बस्ती में 'माइ मॉम ग्रामीण होम-स्टे' और बांदा जिले के उदयपुरवा में ईको-विलेज परियोजना के तहत 'गुलमोहर ग्रामीण होम-स्टे' ऐसा ही उदाहरण है। इन होम-स्टे में 4-5 कमरे होते है, जिनमें सभी मूलभूत सुविधाएं होती है। पर्यटन विभाग ग्रामीण और प्रमुख गंतव्यों के निकट फार्म-स्टे की स्थापना के लिए पर्यटन नीति 2022 अन्तर्गत सब्सिडी भी प्रदान कर रहा है। यह जानकारी बुधवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

**पर्यटन विकास के लिए 229 गांवों की पहचान :** ग्रामीण पर्यटन और एग्रो टूरिज्म के बढ़ते चलन को देखते हुए उप्र. पर्यटन विभाग ने ग्रामीण और कृषि-पर्यटन विकास के लिए 229 गांवों की पहचान की है। इन ग्रामों में ठहरने और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए विभाग द्वारा कार्य कराया जा रहा है।

## चाइनीज उत्पादों से बाजार को दूर करना बड़ा राष्ट्रवादः मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** चीन के उत्पादों को अपने बाजार से बहुत दूर कर दिया है। यह एमएसएमई की ताकत का परिणाम है। इससे बड़ा राष्ट्रवाद क्या हो सकता है, अगर घर का उत्पाद बाजार में छा रहा है, तो उसे प्रोत्साहित करना होगा। प्रेरित करके प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना होगा।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। योगी ने कहा कि यह कितनी खुशी की बात है कि हमारा उत्पाद बाजार में छा रहा है और दुश्मन देश का उत्पाद बाजार से दूर होता जा रहा है। आज दीपावली, विजयदशमी, ईद और क्रिसमस पर प्रदेश के उत्पाद ही बाजार में देखने को मिल रहे हैं। हमारा उत्पाद अच्छा तो होता ही है, साथ ही हमारे उद्यमियों और कारीगरों को भी लगता है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ रुपये का मेगा ऋण वितरण किया। साथ ही उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को चेक दिया। वहीं, औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत भी की। योगी ने इस अवसर पर ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूलकिट भी वितरित किया।

इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, एसीएस अमित मोहन प्रसाद, सचिव प्रांजल यादव, आयुक्त एवं निदेशक राजेश कुमार सहित विभागीय अधिकारीगण, उद्यमी और हस्तशिल्पी कारीगर मौजूद रहे।

- मुख्यमंत्री ने किया एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण

### आर्थिक प्रगति के साथ ही युवाओं को मिल रहा रोजगार



मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के समापन के पहले एमएसएमई विभाग की ओर से लोन वितरण के विभिन्न कार्यक्रम हुए हैं। इस वर्ष वितरित की गई राशि गत वर्ष की तुलना में दोगुना और बीते सात साल की अपेक्षा 10 गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह प्रगति यूपी के आर्थिक उन्नयन को तो प्रदर्शित करता ही है साथ ही युवाओं को रोजगार भी प्रदान कर रहा है। प्लेज पार्क से प्रदेश के 10 जनपद जुड़ चुके हैं।

## वर्ग पहेली-9

**बाएं से दाएं**

1. 1. बे-सिर पैर का 2. मिथ्या-झूठा 3. मर्यादा-रहित 4. अल्प, थोड़ा 5. सारहीन।
2. 1. चाप अर्थात दबाव पड़ने से नमित होना, झुकना, दबना 2. किसी के अनुग्रह या उपकार के कारण उसके आगे दबना।
6. 1. पौधों तथा वनस्पतियों का वह पतला और लंबा धड़ जिसपर पत्तियां या कोपलें होती हैं
7. 1. डूबने की क्रिया या भाव 2. डुबाव।
9. 1. भूनने का काम कराना 2. रुपयों या बड़े सिक्के को छोटे सिक्कों में बदलवाना 3. चेक को रुपए में बदलवाना।
10. 1. उत्तम कार्य, पूर्ण रूप से संपन्न कार्य 2. शुद्ध या मर्यादित आचरण।

**ऊपर से नीचे**

3. पोपले (दंतविहीन व्यक्ति का) का मुंह में कुछ रखकर चुभलाना या मुंह चलाना।
4. 1. आडंबर रचने वाला, आडंबर करने वाला 2. अभिमानी, घमंडी।
5. पैरों को लय के साथ हिलाते-डुलाते हुए नाचना, कदमों का उठाना और पटकना, इठलाना, नृत्य में अंगों का संचालन करना, अंग मटकाकर नाचना, ठुमककर नाचना।
8. 1. धरने की क्रिया या भाव 2. छत की आधार स्वरूप एक मोटी लकड़ी, बड़ी कड़ी, शहतीर 3. स्त्रियों के गर्भाशय का आधार 4. पकड़ 5. हठ, ज़िद, टेक।



### वर्ग पहेली -8 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ग़ | 2 रू | र | | | | |
| | ढ़ि | | 3 छे | 4 द | ना | |
| | वा | | | रा | | 5 ढूँ |
| | 6 द | 7 म | बा | ज़ | | गा |
| 8 आ | | ज़ | | | 9 कॉ | |
| ल | | बू | | | म | |
| 10 स | द | र | ज | हा | न | |

### सुडोकू -88

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 4 | 2 | | |
| | 8 | | | | 5 | | 1 | |
| | | | | | | 6 | | 9 |
| | 5 | | | 3 | 2 | 1 | | |
| 6 | | | | | | | | 8 |
| | | 1 | 7 | 9 | | | 2 | |
| 2 | | | | | | | 6 | |
| | 9 | | 1 | | | | 7 | |
| | 6 | 7 | | | | | 4 | |

### सुडोकू -87 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 5 |
| 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 2 | 9 | 1 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 23 .25 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष:** आज समाज में आपका दबदबा मजबूत होगा। दूसरों पर सहज विश्वास न करें। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। कई दिनों से चली आ रही पारिवारिक समस्या दूर होगी। आपके व्यक्तित्व और रहन-सहन को लेकर सतर्क रहें।

**वृष:** आज अपने लक्ष्यों के प्रति उदासीन न रहें। पेट में एसीडिटी जैसी समस्या हो सकती है। आय बढ़ने के साथ आपके खर्च भी बढ़ सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। अपने काम की गुणवत्ता को कम न होने दें।

**मिथुन:** आज परोपकार की भावना आपके मन में प्रबल रहेगी। घर की साज-सज्जा और नवीनीकरण पर धन खर्च कर सकते हैं। कारोबार को लेकर बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। सही समय पर महत्वपूर्ण कार्य पूरे कर लेंगे।

**कर्क:** आज संपत्ति के विक्रय से आपको लाभ होगा। नए व्यापार को लेकर उत्साह में रहेंगे। मांगलिक आयोजनों को लेकर खरीदारी कर सकते हैं। पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। प्रेम संबंधों को विवाह में परिणित कर सकते हैं।

**सिंह:** आज बिना किसी विशेष योजना के आपको निवेश करना नहीं चाहिए। किडनी की समस्याओं से जूझ रहे रोगियों को खानपान का ध्यान रखना चाहिए। नई योजनाओं को क्रियान्वित करना कुछ कठिन होगा। रुका हुआ धन कठिनाई से प्राप्त होगा।

**कन्या:** आज पुरानी झंझटों को लेकर आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है। माता-पिता की सलाह और आशीर्वाद अवश्य लें। अपनी बातों को लेकर किसी पर भी दबाव न डालें। आपकी जीवनशैली थोड़ी अव्यवस्थित हो सकती है।

**तुला:** आज परिवार के लोगों की सेहत अच्छी रहेगी। सरकारी कार्य आसानी से हो जाएंगे। दांपत्य संबंधों में सकारात्मकता का एहसास होगा। प्राइवेट संस्थानों में जॉब कर रहे लोगों के वेतन में वृद्धि हो सकती है। अपने लक्ष्यों को लेकर एकाग्र रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज लेखन और चिंतन में समय व्यतीत करेंगे। रिटेल कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जॉब इंटरव्यू में सफलता मिल सकती है। योग्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी।

**धनु:** आज दिन की शुरुआत थोड़ी थकाऊ रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी साख एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। शेयर मार्केट में निवेश से आपको लाभ मिलेगा। आपने मन में काफी रचनात्मक विचार आएंगे।

**मकर:** आज किसी की भी झूठी प्रशंसा न करें। आपके अधिकतर काम थोड़े धीमी गति से होंगे। संपत्ति को लेकर मामले हल हो जाएंगे। अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखें। मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद खास रहने वाला है।

**कुंभ:** आज दूसरों की बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। जॉब में आपको प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। व्यापार में नए सौदे हो सकते हैं। समस्या की जड़ को आसानी से पहचान पाएंगे और उसे आसानी से दूर भी कर लेंगे।

**मीन:** आज परिजन आपकी आदतों से परेशान हो सकते हैं। ऑफिस में अप्रत्याशित काम हो सकते हैं। दैनिक दिनचर्या को संतुलित रखने का प्रयास करें। नौकरीपेशा लोगों को कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। मन में परोपकार की भावना रहेगी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-भरणी 16 .56 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

### आज की फिल्में

**B4U Movies**
- खिलाड़ी — सुबह : 11.00
- धड़कन — दोपहर : 03 .00

**Sony Max**
- जब तक है जान — सुबह : 11.11
- टाइगर जिंदा है — रात : 10 .30

**Sony Pix**
- मोर्टल कॉम्बेट — सुबह : 11.17
- जुमांजी — रात : 08 .45

**Zee Cinema**
- फोबिया — सुबह : 10 .30
- कार्तिकेय 2 — रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
- दिल विल प्यार व्यार — दोपहर : 13 .24
- कमबख्त इश्क — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात 10 .30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पति ने पत्नी का फोन काटते हुए कहा-मैं मीटिंग में हूं, बाद में बात करता हूं।
थोड़ी देर बाद पड़ोसन का फोन आया।
पड़ोसन-क्या आप फ्री हैं, आपको डिस्टर्ब तो नहीं किया।
पति-अरे नहीं, आप हुकुम कीजिए।
पड़ोसन-मुझे कोई काम नहीं है, आपकी पत्नी को कुछ बात करनी है, लो बात करो।
पत्नी-शाम को घर आना तो आयोडेक्स लेते आना।

टीचर- बहुवचन किसे कहते हैं?
छात्र-जब बहू अपने ससुराल वालों को खरी-खोटी सुनाती है तो उसे बहुवचन कहते हैं।
अध्यापक जी बेहोश होते-होते बचे।

# ऐसा लग रहा है जैसे फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं: पंत

## 14 महीने बाद क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार, बीसीसीआई ने आईपीएल के लिए किया था फिट घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

दुर्घटना में चोटिल होने के 14 महीने बाद क्रिकेट के लिए तैयार ऋषभ पंत किसी पदार्पण करने वाले खिलाड़ी की तरह ही नर्वस महसूस कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल के लिए फिट घोषित कर दिया था। वह दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई करेगा, जिसका पहला मैच 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से होगा।

पंत दिसंबर 2022 में अपने घर रुड़की जाते समय दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने अस्पताल और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लंबा समय बिताया। पंत ने कहा कि मैं उत्साहित हूं लेकिन साथ ही नर्वस भी हूं। ऐसा लग रहा है जैसे मैं फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं। मैं जिस दौर से गुजरा हूं उसे देखते हुए फिर से क्रिकेट खेलना चमत्कार से काम नहीं है। मैं अपने शुभचिंतकों तथा बीसीसीआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूं। उनका प्यार और समर्थन मुझे मजबूती प्रदान करता रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व अभ्यास शिविर से जुड़ने के बारे में पंत ने कहा कि मैं दिल्ली कैपिटल्स और आईपीएल में वापसी को लेकर उत्साहित हूं। यह ऐसा टूर्नामेंट है जिसे खेलने का मैं पूरा लुत्फ उठाता हूं। हमारी टीम के मालिकों और सहयोगी स्टाफ ने शुरू से मेरा समर्थन किया, जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। मैं दिल्ली कैपिटल्स के परिवार और प्रशंसकों के सामने खेलने को लेकर बेताब हूं। बीसीसीआई ने पंत को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर फिट घोषित किया है और संभावना है कि वह यह दोनों भूमिका निभाएंगे। पंत ने भारत की तरफ से 33 टेस्ट, 30 वनडे और 66 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।



● मोहाली में पंजाब किंग्स के साथ होने वाले मैच में दिल्ली की करेंगे अगुवाई

### उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं : शमी



नई दिल्ली। मोहम्मद शमी के टखने के ऑपरेशन के बाद अब टांके काट दिए गए हैं और इस तेज गेंदबाज ने बुधवार को कहा कि वह उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहे हैं। वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी चोट से इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई टेस्ट शृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पिछले महीने टखने का ऑपरेशन करवाया था और इस कारण वह आईपीएल में भी नहीं खेल पाएंगे। शमी ने अपनी तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, सभी को नमस्कार। मैं अपनी चोट से उबरने की प्रक्रिया का अपडेट देना चाहता हूं। ऑपरेशन को 15 दिन हो गए हैं और हाल में टांके काट दिए गए। मैं इस प्रगति से खुश हूं और उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं।

# बुमराह की जगह अश्विन बने शीर्ष गेंदबाज

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

दुबई, एजेंसी



अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बुधवार को जारी नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी हुई है।

अश्विन ने धर्मशाला टेस्ट मैच की पहली पारी में 4 और दूसरी में 5 विकेट लिए थे। उन्होंने 36वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया। भारतीय टीम ने इस मैच को जीतकर शृंखला 4-1 से अपने नाम की थी। इस टेस्ट में शतकीय पारी खेलने वाले रोहित ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में 5 स्थान का सुधार किया। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज केन विलियमसन से 108 रेटिंग पीछे हैं। यशस्वी जायसवाल (आठवें) और शुभमन गिल (20वें) भी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। बुमराह दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। वह इस स्थान को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के साथ साझा कर रहे हैं। हेजलवुड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए दूसरे टेस्ट में 6 विकेट लिए थे। खब्बू स्पिनर कुलदीप यादव करियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पाने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (12वें स्थान पर) भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में पहले जबकि अश्विन दूसरे स्थान पर बने हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (आठवें) और हेनरी (11वें) भी अपनी रैंकिंग में बड़ा सुधार करने में सफल रहे।

## खेल डायरी

### आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे बेयरस्टो धर्मशाला में दो मैच खेलेगा पंजाब



नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारत दौरे के बाद स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए टेस्ट मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों के बीच खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर बातचीत हुई थी। कप्तान बेन स्टोक्स, जो रूट और मार्क वुड पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। आईपीएल के सूत्रों ने कहा कि पंजाब किंग्स के बल्लेबाज बेयरस्टो 18 या 19 मार्च को भारत पहुंचेंगे तथा टीम के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 23 मार्च को होने वाले पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### अल हिलाल ने 28वीं जीत दर्ज कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

जेद्दा (सऊदी अरब), एजेंसी। सऊदी अरब की टीम अल हिलाल ने 28वीं जीत दर्ज कर फुटबॉल में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अल हिलाल ने अल इतिहाद को 2-0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल करने के साथ एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों के बीच पहले चरण का मैच भी अल हिलाल ने जीता था और उसने अपने घरेलू प्रतिद्वंदी अल इतिहाद को 4-0 के अंतर से पराजित किया। सऊदी अरब की घरेलू लीग में 18 बार की चैंपियन अल हिलाल ने वेल्स की टीम द न्यू सेंट्स के 2016-17 के सत्र में लगातार 27 जीत दर्ज करने के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। अल हिलाल ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल 21 सितंबर को मैच नहीं जीता था।

### बार्सिलोना और आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में

बार्सिलोना, एजेंसी। स्पेन के शीर्ष क्लब बार्सिलोना ने चार साल जबकि इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल ने 14 साल बाद चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पांच बार के यूरोपीय चैंपियन बार्सिलोना ने नैपोली को 3-1 से हराकर अंतिम 8 में जगह सुरक्षित की। इन दोनों टीम के बीच पहले चरण का मैच 1-1 से बराबर रहा था और इस तरह से बार्सिलोना ने 4-2 के कुल योग से जीत हासिल की। बार्सिलोना के लिए फर्मिन लोपेज़, जोआओ कैंसलो और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने गोल किए। नैपोली की तरफ से एकमात्र गोल अमीर रहमानी ने किया। बार्सिलोना दो वर्षों में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ा था। वह 2019-20 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था जहां उसे बायर्न म्यूनिख से हार मिली थी।

### रचिन रवींद्र 'सर रिचर्ड हैडली मेडल' से पुरस्कृत होने वाले बने सबसे युवा खिलाड़ी



क्राइस्टचर्च, एजेंसी। भारत में पिछले साल हुए विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रचिन रवींद्र बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुने जाने के बाद सर रिचर्ड हैडली पदक पाने वाले कम उम्र के खिलाड़ी बने। महिलाओं में एमेलिया केर ने वार्षिक पुरस्कारों में प्रमुख पुरस्कार जीते हैं। केन विलियमसन को टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए एएनजेड साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें पुरुष वर्ग में प्रथम श्रेणी में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए 'रेडपाथ कप' से सम्मानित किया गया।

### अल्कराज क्वार्टर फाइनल में, सिनर की 18वीं जीत



इंडियन वेल्स, एजेंसी। कार्लोस अल्कराज ने फैबियन मारोज्सन से पिछली हार का बदला लेते हुए बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चैंपियन यानिक सिनर ने लगातार 18वां मैच जीता। अल्कराज पिछले साल इटालियन ओपन में हंगरी के खिलाड़ी से हार गए थे, लेकिन यहां उन्होंने सीधे सेटों जीत दर्ज की। नोवाक जोकोविच की लुका नार्डी के हाथों हार के बाद स्पेन के अल्कराज को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अल्कराज का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने एलेक्स डी मिनौर से पहला सेट हारने के बाद जीत हासिल की। सिनर ने बेन शेल्टन को हराकर लगातार 18वीं जीत हासिल की। इटली का यह खिलाड़ी 2024 की शुरुआत से लेकर अभी तक 15 मैच जीत चुका है।

# खिताब के लिए एक दिन और करना होगा मुंबई को इंतजार

## 42वां रणजी ट्राफी: विदर्भ की टीम ने चौथे दिन 5 विकेट पर 248 रन बनाए

मुंबई, एजेंसी

करूण नायर (74) और कप्तान अक्षय वाडकर (56 नाबाद) ने जीत के लिए 538 रन के दुरूह लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइनल के चौथे दिन पांच विकेट पर 248 रन बनाकर विदर्भ को मैच में बनाए रखा और 42वां रणजी खिताब जीतने के लिए मुंबई को एक दिन और इंतजार करना होगा।

पहले ही दिन से दबाव में आई विदर्भ को जीत के लिए असंभव सा लक्ष्य मुंबई की ओर से मिला। लेकिन उसके बल्लेबाजों ने चौथे दिन उम्दा खेल दिखाते हुए मेजबान गेंदबाजों को परेशान किया। इस सत्र की शुरूआत में ही विदर्भ से जुड़े नायर ने 220 गेंदों का सामना करके 287 मिनट तक बल्लेबाजी की और वह मुशीर खान की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। मुशीर ने दूसरी पारी में 136 रन बनाने के बाद शानदार गेंदबाजी भी की। कप्तान वाडकर चौथे दिन 56 रन बनाकर और हर्ष दुबे 11 रन बनाकर खेल रहे थे। वाडकर ने 91 गेंद की पारी में छह चौके लगाए। उन्होंने नायर के साथ पांचवें विकेट के लिए 173 गेंद में 90 रन जोड़े। विदर्भ को अभी भी 290 रन चाहिए और उसके पांच विकेट बाकी है। मुंबई की टीम ने पहले दो सत्र में दो-दो और फिर नायर का विकेट आखिरी सत्र में लिया।

वानखेड़े स्टेडियम की सपाट पिच पर मुंबई की टीम ने सब कुछ आजमा लिया। मुंबई के तेज गेंदबाजों की तिकड़ी और दोनों स्पिनरों ने बल्लेबाजों को गलती करने पर मजबूर करने की पूरी कोशिश की। विदर्भ की टीम के बल्लेबाजों की दाद देनी होगी कि इतने कठिन लक्ष्य के जवाब में भी उन्होंने आसानी से घुटने नहीं टेके। मुशीर ने मुंबई के लिए 17 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए और सबसे असरदार रहे। उन्होंने बेहतरीन गेंद पर नायर को आउट किया। तनुष कोटियान ने 55 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने ध्रुव शोरे (28) और यश राठौड़ (सात) को पवेलियन भेजा।



● 538 रन का दुरूह लक्ष्य मुंबई ने रखा विदर्भ के सामने



# विदेशी बोर्ड से गठजोड़ पर रोक की तैयारी में लगा भारतीय बोर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभ्यास शिविर और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य इकाइयों के सीधे विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ करने पर रोक लगाने की तैयारी में है। बीसीसीआई चाहता है कि राज्य इकाइयां उसके माध्यम से आगे बढ़ें। इस पर 18 मार्च को बीसीसीआई की बैठक में फैसला होगा।

बीसीसीआई को इस फैसले के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ रहा है क्योंकि दिल्ली और पुडुचेरी सहित कई राज्य इकाइयों ने विदेशी क्रिकेट बोर्ड विशेषकर एसोसिएट देशों से अपनी टीम की मेजबानी के लिए बातचीत की है। इसकी पुष्टि की जा सकती है कि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ को नेपाल क्रिकेट बोर्ड से प्रस्ताव मिला है। सूत्र ने बताया कि राज्य इकाइयां निश्चित तौर पर क्रिकेट संबंधी गतिविधियों के लिए विदेशी बोर्ड से गठजोड़ कर सकती हैं, लेकिन ऐसी साझेदारी बीसीसीआई के जरिए होनी चाहिए क्योंकि वह मूल संस्था है। सभी बीसीसीआई के जरिए आगे बढ़ाए जाने चाहिए। शीर्ष परिषद की आगामी बैठक में क्रिकेट मैचों के आयोजन के लिए राज्य इकाइयों का विदेशी बोर्ड के साथ गठजोड़ पर चर्चा की होगी। इसके बाद बीसीसीआई इस पर फैसला करने का अधिकार अपने हाथ में ले लेगा। नेपाल की टीम इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले भारत के दौरे पर आ सकती है।

नेपाल क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पिछले महीने बीसीसीआई सचिव जय शाह के साथ बैठक की थी। बीसीसीआई इससे पहले भी एसोसिएट देशों की मदद करता रहा है। एक समय अफगानिस्तान ने भारत को अपना घरेलू स्थल बनाया था। उसने तब देहरादून और ग्रेटर नोएडा में अभ्यास करने के अलावा मैच भी खेले थे। एसोसिएट देश मदद के लिए केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य पूर्णकालिक सदस्य देशों से भी संपर्क कर रहे हैं।

BCCI

● 18 मार्च को होने वाली शीर्ष बैठक में बोर्ड इस मामले पर ले सकता है फैसला

# कुलदीप को एहसास था कि वह मेरा 700वां विकेट बनेगा: एंडरसन

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के बल्लेबाज कुलदीप यादव को एहसास था कि वह उनका टेस्ट में 700वां विकेट बनेंगे। एंडरसन ने धर्मशाला टेस्ट में 9 मार्च को कुलदीप यादव को आउट करके 700वां विकेट लिया था। एंडरसन यह उपलब्धि पाने वाले पहले और कुल तीसरे गेंदबाज बने। उन्होंने 187वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि पाई।

एंडरसन ने कहा कि कुलदीप ने मेरी एक गेंद थर्ड मैन पर खेल कर एक रन लिया। जब वह नॉन स्ट्राइकर छोर पर पहुंचा तो तब मैं रनअप पर जा रहा था। तब उसने कहा, 'मैं आपका 700वां विकेट बनने जा रहा हूं। उसके कहने का मतलब यह नहीं था कि वह आउट होने की कोशिश कर रहा है। वह सिर्फ यह बता रहा था कि उसे ऐसा एहसास हो रहा है। उसकी बात पर हम दोनों हंस पड़े थे।




# शेफाली का अर्धशतक, गुजरात को हराकर दिल्ली फाइनल में

नई दिल्ली, एजेंसी

शेफाली वर्मा के 37 गेंद में 71 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला लीग के मैच में बुधवार को गुजरात जाइंट्स को 7 विकेट से हराकर सीधे फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दिल्ली ने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन से गुजरात को नौ विकेट पर 126 रन पर रोक दिया था। उसने 13.1 ओवर में लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। रविवार को फाइनल में दिल्ली का सामना मुंबई और बंगलुरु के मैच के विजेता से होगा। दिल्ली की शेफाली ने 5 छक्के और 7 चौके लगाए। उसने सिर्फ 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। जेमिमा रौड्रिग्स 38 रन बनाकर नाबाद रहीं। इससे पहले गुजरात का टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला गलत रहा और चौथे ओवर में उसके 12 रन पर दो बल्लेबाज आउट हो गए थे। कप्तान बेथ मूनी बिना खाता खोने काप की गेंद पर आउट हुई। भारती फुलमाली के 42 और कैथरीन ब्राइस की नाबाद 28 रन की पारी नहीं होती तो गुजरात का स्कोर और खराब होता। दक्षिण अफ्रीका की मरियाने काप, शिखा पांडे और मिन्नू मनी ने दो दो विकेट लिए। डी हेमलता (4) को जेस जोनासेन ने बोल्ड किया। लौरा वोल्वार्ट (7) को काप ने पवेलियन भेजा। पांचवें ओवर में गुजरात के तीन बल्लेबाज आउट हुए जब स्कोर 16 रन था। एशले गार्डनर (12) और फोबे लिचफील्ड (21) ने चौथे विकेट के लिए 23 रन जोड़े। मनी ने गार्डनर को आउट किया। नौवे ओवर में गुजरात का स्कोर 4 विकेट पर 39 रन था। मनी की गेंद पर राधा यादव ने लिचफील्ड का कैच लपका। 5 विकेट 11वें ओवर में 48 रन पर गिरने के बाद फुलमाली और ब्राइस ने 68 रन जोड़े।

WPL




## बॉलीवुड हलचल

### सलमान को पसंद आयुष की फिल्म रुसलान



मुंबई, एजेंसी। अभिनेता सलमान खान को अपने बहनोई आयुष शर्मा की फिल्म 'रूसलान' का टीजर पसंद आया है। आयुष 2018 में लवयात्री और 2021 में सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम : द फाइनल ट्रुथ में थे। आयुष अब एक्शन थ्रिलर फिल्म 'रुसलान' में नजर आएंगे। सलमान खान ने इसका टीजर इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। साथ ही आयुष शर्मा समेत बाकी टीम को बधाई दी है। सलमान खान के पोस्ट के बाद आयुष शर्मा ने इस पर रिएक्ट किया है। उन्होंने कमेंट में कहा, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया भाई। निर्देशक करण एल बुटानी ने भी सलमान को धन्यवाद दिया। करण ने कमेंट लिखा, आपके सपोर्ट और प्यार के लिए धन्यवाद सर। करण बुटानी के निर्देशन में बनी 'रुसलान' 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### अंकुश राजा का होली स्पेशल भक्ति गीत होली खेले रामलला



मुंबई, एजेंसी। अंकुश राजा का होली स्पेशल भक्ति गीत होली खेले रामलला रिलीज हो गया है। गीत के माध्यम से अंकुश राजा ने अवध की होली का बखान किया है और बताया है कि कैसे रामलला भी अवध में होली खेला करते थे। अंकुश राजा का यह होली गीत उनके अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल अंकुश राजा भक्ति पर रिलीज हुआ है। होली खेले रामलला में अंकुश राजा ने भगवान राम की रघुराई और अवध की होली को अपने गीत में प्रयोग कर पेश किया है। इसको लेकर उन्होंने कहा कि होली में अलग-अलग तरह के गीत-संगीत का दौर चलता रहता है, लेकिन हमने इस बार रामलला के आगमन की खुशी में यह गीत बनाया है और हम उनके चरणों में समर्पित भी करते हैं। होली खेले रामलला के गीतकार छोटू रावत और संगीतकार रजनी रंगीला हैं। वीडियो आशीष सत्यार्थी का है। डीओपी संतोष यादव हैं।

# विवान ने परिजनों का जताया आभार

## जिन्होंने उन्हें भारतीय साहित्य की गहराई को समझाया



नसीरुद्दीन शाह और रत्ना पाठक शाह ने 'मोटली प्रोडक्शंस' नामक थियेटर ग्रुप में अथाह श्रम और समय निवेश किया है और उन्हीं के कारण रंगमंच में अनुशासन की अहमियत को विवान शाह अच्छी तरह समझते हैं। उन्हें साहित्य से बेहद लगाव है और वे कहते हैं, "मेरे माता-पिता ने इस्मत चुगताई और मंटो की कहानियों का मंचन किया है और उनकी वजह से मैं भारतीय साहित्य की समृद्धता से परिचित हूं। प्रेमचंद मेरे पसंदीदा लेखक है और 'गुल्ली डंडा' उनकी सबसे मर्मस्पर्शी कहानियों में से एक है। 'कोई बात चले' जैसी शृंखला का हिस्सा होना और सीमा पाहवा के निर्देशन में काम करना भी मेरे लिए बेहद खुशी, सम्मान और आदर की बात थी। कहानी के कई किरदारों को बिना एक बड़े सेट के और बेहद नपी तुली आवाज़ के ज़रिए निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन विवान को 'गुल्ली डंडा' के सूक्ष्मार्थ को उजागर करने में खासा आनंद मिला। उनका कहना है, प्रेमचंद उन बातों का बहुत सूक्ष्मता से वर्णन करते हैं जिन्हें हम अक्सर अनदेखा करते हैं। सीमा जी ने इस कहानी के कई आयामों को उजागर करने में मेरी मदद की और भाषा की विविधताओं के साथ न्याय करने में भी वो मेरी सहायक बनीं। विवान को कलाकार के रूप में यह अनुभव बहुत समृद्ध कर गया और वो कहते हैं, एक कहानी के मूल भाव को उजागर कर पाना आपके अभिनय कौशल में सुधार करता है और इस कहानी की सार्थकता को संवादित करना मेरे लिए बहुत ख़ास था। कहानी केवल दोस्ती के बारे में नहीं है बल्कि यह दिखाती है कि सामाजिक और आर्थिक अंतर किस प्रकार रिश्तों को प्रभावित करते हैं। उन्हें आशा है कि प्रेमचंद जो कहना चाहते थे, दर्शक उसे समझेंगे। वह कहते हैं, यह कहानी दिखाती है कि मानवता और सहानुभूति हमारे सर्वोपरि गुण होने चाहिए. पैसा या सामाजिक स्तर ही सब कुछ नहीं है। यह कहानी यह भी दिखाती है कि भारतीय साहित्य कितना समृद्ध और विविध है, और अगर अधिक लोग 'कोई बात चले' के माध्यम से इसे पढ़ें और खोजें तो बहुत अच्छा होगा।

### मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में अनूप जलोटा और उर्फी जावेद

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'मैडनेस मचाएंगे- इंडिया को हंसाएंगे' में भजन सम्राट अनूप जलोटा के साथ इंटरनेट सनसनी और फैशन प्रभावकार उर्फी जावेद शिरकत करेंगे। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में अनूप जलोटा के साथ उर्फी जावेद का स्वागत किया जाएगा, जहां कॉमेडी-मीट-फैशन-मीट-म्यूजिक होगा। अपने 'एनिमल स्पूफ' के साथ मंच का संचालन करते हुए, कॉमेडियन केतन सिंह, कुशल बद्रीके और गौरव दुबे फिल्म के किरदारों और संवादों को सबसे मजेदार ढंग से पेश करेंगे। साथ ही सभी कॉमेडियन अपनी कॉमिक टाइमिंग के साथ सभी को खूब हसाएंगे। केतन सिंह ने कहा, एनिमल स्पूफ के पहले भाग को पहले एपिसोड में खूब सराहा गया था और हमें विश्वास है कि भाग 2 एक बार फिर दर्शकों का दिल जीत लेगा और आपको जमकर हंसाएगा। जहां हमें किरदारों को चित्रित करने में बहुत मजा आया, हास्य का समावेश करते हुए फिल्म के सार को बनाए रखना काफी मांग वाला था।

### बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी में जलवा बिखेरेंगी मानुषी और अलाया

मुंबई, एजेंसी। अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी रिलीज हो गया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। इसका गाना वल्लाह हबीबी रिलीज हो गया है। यह गाना अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया फर्नीचर वाला पर फिल्माया गया है। गाना विशाल ददलानी, विशाल मिश्रा और दीपाक्षी ने गाया है। म्यूजिक कंपोजर विशाल मिश्रा हैं। लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे हैं, कोरियोग्राफर बॉस्को सीजर हैं। फिल्म वासु और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज और अलाया एफ हैं।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# शिमला में गिरे ओले, आज भारी बर्फबारी के आसार



### उत्तराखंड में मौसम ने ली करवट

उत्तराखंड में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। आज यानी गुरुवार को प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी होने का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र का कहना है कि प्रदेश के उत्तरकाशी चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले में हल्की बारिश हो सकती है। 15 मार्च को भी कुछ जिलों में मौसम बदले रहने की संभावना है। आज के बाद प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा।

शिमला, एजेंसी

हिमाचल में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुक कर बर्फबारी का दौर जारी है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हो रही है। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। बता दें, बीते 24 घंटों के दौरान कुकुमसेरी में 8, गोंदला में 7, केलांग में 4 और कोठी व सांगला में एक-एक सेंटीमीटर बर्फबारी रिकॉर्ड की गई है। राजधानी शिमला और आसपास के क्षेत्रों में शाम ढलते ही बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है।

### स्पीति में जल संकट, कई किमी दूर मिल रहा पीने का पानी

बर्फबारी के बाद लाहुल स्पीति में पानी की कमी खलने लगी है। पेयजल लाइनें जाम हो गई हैं, लोगों को नदी किनारे और नालों से पानी ढोना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में ग्रामीण 5 से 7 किलोमीटर की सफर तय करके पानी लाने को मजबूर हैं। केलांग में भी हर साल की तरह इस साल भी बर्फ के बीच में लोगों को बाहर लगे नलों से कैन में उठाकर खुद लाना पड़ रहा है।



# जैविक, केमिकल हथियारों का दुरुपयोग रोकेगा एआई

*रिसर्च में एआई के सुरक्षित इस्तेमाल के लिए दुनियाभर के 90 वैज्ञानिकों ने समझौता किया है। समझौते में सैन फ्रांसिस्को के हाई-प्रोफाइल एआई स्टार्ट-अप एंथोपिक के मुख्य कार्यकारी डारियो अमोदेई, नोबेल पुरस्कार विजेता जीव वैज्ञानिक फ्रांसिस अर्नोल्ड जैसे विशेषज्ञ भी शामिल हैं। इनका कहना है कि जीव विज्ञान के क्षेत्र में एआई का लाभ किसी भी संभावित नुकसान से अधिक होगा। अर्नोल्ड ने कहा कि, जैविक, केमिकल हथियारों में एआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए समक्षैता हुआ है। आईए जानते हैं इसके बारे में...*

- नई एआई प्रौद्योगिकी जल्द ही अकुशल और आपराधिक लोगों की मदद कर सकती है, जो बड़े पैमाने पर जैविक हथियार और घातक जहरीले केमिकल बना सकते हैं। वैज्ञानिकों का नया समझौता एआई को गलत लोगों के हाथों में जाने से रोकने का प्रयास है। वैज्ञानिक सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एआई की मदद से किया अनुसंधान दुनिया को नुकसान पहुंचाए बिना आगे बढ़े।



### एआई बना रही कंपनियों में 7.61 लाख करोड़ का निवेश

एआई टूल्स को विकसित करने वाली कंपनियों में निजी पूंजी निवेश में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है। 2022 में एआई बनाने वाली 1400 कंपनियों में 92 अरब डॉलर ( 7.61 लाख रु.) का निवेश हुआ, जो 2016 की तुलना में करीब दोगुना है।



- वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में इंस्टीट्यूट फॉर प्रोटीन डिजाइन के निदेशक डेविड बेकर ने कहा, 'यह डीएनए निर्माण उपकरण जैव-हथियारों के विकास को आसान बनाएगा। वहीं, शिकागो यूनिवर्सिटी में जैव रसायन और आणुविक जीव विज्ञान के प्रो. राम रंगनाथन ने कहा, इन प्रौद्योगिकियों को कुछ लोगों या संगठनों तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।



### एआई के इस्तेमाल से और घातक हो रहे युद्ध

सेनाएं अपने सैनिकों का प्रभाव बढ़ाने और उनके जीवन की रक्षा के लिए इन प्रणालियों का उपयोग करती हैं। एआई प्रणाली सैनिकों को अधिक कुशल बना सकती है और इससे युद्ध की गति और घातकता के बढ़ने की आशंका है। एआई का युद्ध के सभी स्तरों पर प्रभाव पड़ रहा है, 'खुफिया, निगरानी और टोही' गतिविधियों से लेकर 'घातक हथियार प्रणालियों' के लिए इसका इस्तेमाल हो रहा है, जिसके जरिए मानव हस्तक्षेप के बिना निशाना बनाकर हमला किया जा सकता है। बता दें, इजराइल की सेना भी हबसोरा प्रणाली भी इसी तरह काम करती है। यह प्रणाली मशीनों के सुझावों पर भरोसा करने की मानवीय प्रवृत्ति को बढ़ा सकती है। यह बात हबसोरा प्रणाली से सामने आई है।

## एक नजर

### भारत और भूटान खाद्य सुरक्षा समझौते को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने भूटान के स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य सुरक्षा तथा मानक प्राधिकरण के बीच खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग से संबंधित एक समझौते को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। भूटान की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी तथा भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर होने से दोनों पड़ोसी देशों के बीच कारोबार में सुगमता आएगी। भारत उत्पादों का निर्यात करते समय एक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र जारी करेगा। इससे व्यापार में सुगमता को प्रोत्साहन मिलेगा और दोनों पक्षों के लिए अनुपालन लागत कम होगी।

### छत्तीसगढ़ में हथियार के साथ छह नक्सली गिरफ्तार

**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस ने आज स्वचालित हथियार के साथ झारखंड के आधा दर्जन खुंखार नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक नग एके-47, कारतूस, नक्सली ड्रेस एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि सूचना पर जशपुर और बलरामपुर जिले की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की थी, जिससे बाद 6 हार्डकोर नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया। नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि झारखंड से भाग कर वे जशपुर जिले में शरण लेने आए थे। फिलहाल पुलिस ने इन नक्सलियों को लेकर पूरे सरगुजा संभाग मे सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है।

### पटना के न्यायालय में ट्रांसफॉर्मर फटा, एक की मौत, कई घायल

**पटना।** बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय के गेट नंबर एक पर ट्रांसफर्मर में आग लगने के बाद फट गया। विस्फोट में एक वकील की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया है कि, घटना में एक दिव्यांग अधिवक्ता दबीन्द्र प्रसाद मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक टाइपिस्ट और एक मुंशी आग में गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा कई अन्य लोग भी विस्फोट की चपेट में आए हैं। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### दहल ने अग्निपरीक्षा की पास, तीसरी बार हासिल किया विश्वास मत

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने एक बार फिर अग्निपरीक्षा पास कर ली और अब वह प्रधानमंत्री बने रहेंगे। दिसंबर 2022 में पद संभालने के बाद से दहल ने तीसरी बार विश्वासमत हासिल किया। हाल ही में प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से राजनीतिक रिश्ते खत्म कर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन किया था। नेपाली संघीय संसद में बुधवार को प्रचंड के पक्ष में 275 में से 157 वोट पड़े, जबकि 110 सदस्यों ने विश्वास मत के विरोध में वोटिंग की।

# राष्ट्रपति बाइडन-ट्रंप पार्टी चुनाव जीते, दोनों नेता फिर आमने-सामने

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः 2020 में भी ट्रंप-बाइडन के बीच हुआ था मुकाबला

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए एक बार फिर जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच आमना-सामना होगा। सीएनएन के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर अपनी दावेदारी को पक्का कर लिया है।

सीएनएन के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला होगा। ट्रंप ने बुधवार की सुबह राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवारी हासिल की है, जबकि बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी चुनाव में जीत दर्ज करते हुए एक दिन पहले अपनी दावेदारी को पक्का कर लिया था। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मतदाताओं ने बुधवार को जॉर्जिया, मिसिसिपी और वाशिंगटन में राष्ट्रपति पद के प्राइमरी चुनावों में मतदान किया था। इससे पहले मंगलवार को डेमोक्रेट्स के प्राइमरी चुनाव के लिए मतदान किया गया था।

बता दें कि अमेरिका में इसी साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। इससे पहले साल 2020 में राष्ट्रपति पद के लिए जो बाइड और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला हुआ था।



### किन राज्यों में विजेता बनकर उभरे बाइडन

वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन दूसरे कार्यकाल के लिए व्हाइट हाउस की रेस में हैं। आंतरिक चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी बाइडन अब तक चार राज्यों में जीत हासिल कर चुके हैं। न्यू हैंपशर, दक्षिणी कैरोलाइना, नेवाडा के साथ मिशिगन में भी बाइडन ने जीत दर्ज की है। बुधवार को जॉर्जिया और वॉशिंगटन में भी बाइडन ने जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही राष्ट्रपति चुनाव में 2020 की तर्ज पर एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडन के बीच मुकाबला होने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। गौरतलब है कि चार साल पहले साल 2020 में कराए गए राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को मात मिली और इसके बाद देश के इतिहास में संभवतः पहली बार कैपिटल हिल पर जमकर उपद्रव हुआ।

### आरोपों के साथ चुनावी मैदान में होंगे ट्रंप

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप और बाइडन के बीच 2020 के चुनाव अभियान के बाद दोबारा मुकाबला देखने को मिलेगा। हालांकि, ट्रंप इस बार 91 आरोपों के साथ चुनावी मैदान में होंगे। उन पर आरोप है कि उन्होंने 6 जनवरी, 2021 में अमेरिकी कैपिटल में हुई हिंसा में प्रमुख भूमिका निभाई थी। साथ ही उन्होंने 2016 के चुनाव से पहले एक पोर्न फिल्म स्टार को धन भुगतान किया था। इस बात को उन्होंने छुपाकर रखा था।



# ब्रिटेन जाएंगे दो हजार भारतीय डॉक्टर

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन में डॉक्टरों की कमी होगी दूर भारत के नौ शहरों में होगा प्रशिक्षण



ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) में चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए भारत से दो हजार चिकित्सक भेजे जाएंगे। इसके लिए भारत के नौ प्रमुख शहरों के बड़े अस्पतालों में प्रशिक्षण शुरू किए गए हैं। मुंबई, गुरुग्राम, नागपुर, इंदौर, चेन्नई, दिल्ली, कालीकट, बेंगलुरू और मैसुरू में चिकित्सकों का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा।

एनएचएस के अनुसार, भारतीय चिकित्सकों को फास्ट ट्रैक पीजी प्रोग्राम के तहत पहले बैच को प्रशिक्षण देगा। छह से बारह महीने की प्रशिक्षण के बाद इन चिकित्सकों को ब्रिटेन के अस्पतालों में नियुक्ति दी जाएगी। भारतीय चिकित्सक दो साल के लिए ब्रिटेन में नौकरी कर सकेंगे। एनएचएस की रिपोर्ट में कहा गया है कि एनएचएस ही इन चिकित्सकों के लिए वीजा प्रदान करेगा। प्रशिक्षण पूरा करने वाले भारतीय पीजी चिकित्सकों के लिए सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि उन्हें पीएलएबी परीक्षा नहीं देना।

ब्रिटेन में काम करने के लिए यह अंतर्राष्ट्रीय परीक्षा पास करना जरूरी होता है। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में अभी लगभग 25 हजार डॉक्टरों की कमी है। ब्रिटेन में अभी 30 हजार से ज्यादा भारतीय चिकित्सक काम कर रहे हैं। फास्ट ट्रैक पीजी प्रोग्राम के बाद आने वाले दस साल में भारतीय चिकित्सकों की संख्या दोगुनी होने की संभावना है। एनएचएस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत से आने आने वाले चिकित्सकों के लिए ब्रिटेन की प्रतिष्ठित साउथ वेल्स, बोल्टन और प्लेमाउथ यूनिवर्सिटी में विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है। एनएचएस ने ब्रिटेन के 23 वरिष्ठ चिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो भारत में आकर पीजी डॉक्टरों को प्रशिक्षण देगी।

नागपुर के किंग्सवे अस्पताल, चेन्नई के सिम्स, गुरुग्राम के पार्क अस्पताल, फरीदाबाद के मेट्रो अस्पताल, कालीकट के एस्टर अस्पताल और इंदौर के अरबिन्दो अस्पताल में ट्रेनर ने डॉक्टरों को फाइनल कर दिया है। बता दें, ब्रिटेन के हेल्थकेयर की रीढ़, एनएचएस में प्रवासियों में सबसे ज्यादा संख्या भारतीय डॉक्टरों की है। भारतीय डॉक्टरों ने कोरोना काल में बेहतरीन काम किया था।

### रूस की स्वतंत्रता को खतरा हुआ तो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेंगेः पुतिन

**मॉस्को।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अगर रूसी राज्य, संप्रभुता या स्वतंत्रता को खतरा होता है तो रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। बुधवार तड़के जारी रूसी राज्य टेलीविजन के साथ एक इंटरव्यू में बोलते हुए पुतिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका किसी भी ऐसे तनाव से बचेगा जो परमाणु युद्ध को जन्म दे सकता है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि रूस की परमाणु ताकतें इसके लिए तैयार हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने कभी यूक्रेन में युद्धक्षेत्र में परमाणु हथियारों का उपयोग करने पर विचार किया है, पुतिन ने जवाब दिया कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि मॉस्को यूक्रेन में अपने लक्ष्यों को हासिल करेगा और बातचीत के लिए दरवाजे खुले रखे, इस बात पर जोर दिया कि किसी भी सौदे के लिए पश्चिम से ठोस गारंटी की आवश्यकता होगी।



### अग्नि युद्ध...



**बाली :** इंडोनेशिया के बाली के लेंबोक द्वीप में न्येपी दिवस के साथ हिंदू नव वर्ष की शुरुआत हुई। इस मौके पर अग्नि युद्ध की परंपरा 'पेरांग आपी' के तहत लोगों ने एक- दूसरे पर अंगार फेंके। बाली में मान्यता है कि ऐसा करने से बुरी आत्माएं दूर रहती हैं और साल भर खुशहाली में बीतता है। वर्ष का पहले दिन आत्म चिंतन के लिए लोग उपवास और मौन व्रत भी रखते हैं। इसके अलावा पूरे बाली में अवकाश रहता है। ● एजेंसी

# एनसीसी का होगा विस्तार, रक्षा मंत्री ने दी पदों पर भर्ती को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- देशभर में बढ़ती मांग होगी पूरी स्वीकृति के बाद विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन होगा एनसीसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। राजनाथ सिंह ने तीन लाख पदों पर कैडेट की भर्तियों को भी मंजूरी दी है। मीडिया के मुताबिक, इस विस्तार से देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सकता है। बता दें कि 1948 में एनसीसी में केवल 20,000 कैडेट थे, जो अब 20 लाख कैडेटों की स्वीकृत संख्या तक पहुंच गई है। इसी के साथ ही यह विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन बन जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किया जा रहा है, इसलिए यह विस्तार देश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

राष्ट्रीय कैडेट कोर विस्तार के इस विस्तार के दूरगामी प्रभाव से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों को भरा जाएगा और इससे एनसीसी के लिए महत्वपूर्ण संस्थानों की प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी। विस्तार योजना में चार नए समूह मुख्यालयों की स्थापना और दो नई एनसीसी इकाइयों को शामिल करना शामिल है।

# श्रीलंकाः अवैध रूप से काम करने पर 21 भारतीय गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंकाई अधिकारियों ने शिथिल पर्यटक वीजा मानदंडों का उल्लंघन करते हुए द्वीप राष्ट्र में अवैध रूप से एक ऑनलाइन विपणन केंद्र संचालित करने के आरोप में 21 भारतीयों को गिरफ्तार किया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 24 से 25 वर्ष की आयु के 21 भारतीय पुरुष (जो पर्यटक वीजा पर श्रीलंका में थे) को आव्रजन और प्रवासन विभाग ने मंगलवार को हिरासत में लिया। प्रारंभिक जांच के बाद, विभाग ने नेगोंबो शहर में एक किराए के घर पर छापा मारा, जहां गिरफ्तार किए गए लोग एक ऑनलाइन मार्केटिंग केंद्र संचालित करते पाए गए। घर को एक कार्यालय स्थान में बदल दिया गया था जहां कंप्यूटर और अन्य उपकरण लगाए गए थे।

# जयशंकर की टिप्पणी के बाद चीन के बदले सुर, सीमा विवाद द्विपक्षीय संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने कहा कि भारत अक्सर कहता है कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं। चीन-भारत सीमा मुद्दा पूरे द्विपक्षीय संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। दोनों देशों को गलत निर्णय लेने से बचने के लिए आपसी विश्वास को बढ़ाना होगा।



गौरतलब है कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई दोनों सेनाओं के बीच झड़प के बाद द्विपक्षीय संबंधों में दरार आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी पर सवालों का जवाब देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि एलएसी पर सैनिकों की झड़प से हमारे लिए कोई फायदा नहीं हुआ। वांग ने कहा कि चीन ने कई बार इस बात पर जोर दिया है कि सीमा विवाद कभी भी पूरे चीन-भारत संबंधों को नहीं दर्शाता है। बता दें सोमवार को चीनी राजनयिक के सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा था कि मुझे लगता है कि यह हमारे साझा हित में है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इतनी अधिक सेनाएं नहीं होनी चाहिए।

# पशुओं को खिलाने वाले दानों की रोटी के भरोसे जी रहे गाजावासी

राफा, एजेंसी



इजराइल हमास में पांच माह से चल रहे युद्ध में गाजा की 95 फीसदी आबादी भोजन के संकट से जूझ रही है। वहीं, रमजान में भी संघर्ष विराम नहीं होने से फिलिस्तीनी लोग डर के साए में हैं। पहले से राहत सामग्री की कमी का सामना कर रहे लोगों के लिए रमजान में हालात और बदतर हो गए हैं।

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, गाजा में महंगाई आसमान छू रही है। चावल 1900 रुपये और मैदा 1500 रुपये किलो पहुंच गई है। संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसी के अनुसार, अधिकांश गाजावासी मवेशियों को खिलाए जाने वाले अनाज की रोटियां बनाकर खा रहे हैं। दिसंबर के बाद से हर रोज औसत सिर्फ 6 राहत ट्रक ही मिल रही है। युद्ध से पहले हर रोज गाजा में 500 ट्रकों की जरूरत होती थी। वहीं, कुपोषण के चलते गाजा में मरने बाले बच्चों की संख्या 27 हो चुकी है। राहत सामग्री की लगातार कमी के चलते चीजों के दाम आम गाजावासियों की पहुंच से बाहर हो गए हैं। मक्के का आटा 944 रु. किलो और जौ 734 रु. प्रति किलो मिलता है। गाजा के लोग इन्हें मिलाकर पिटा रोटी बनाते हैं। युद्ध से पहले चावल 165 रुपए किलो था, अब 1900 रु. प्रति किलो हो गया है। मैदा पहले 62 रु. किलो था जो अब 1500 रु. किलो में बिक रहा है।

**विज्ञान** मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने कहा-वास्तविक रहस्य खुलना अभी बाकी

# रहस्यमय ढंग से उबलने व घूमने लगा है बेटेल्गेयूज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** जीवन की अंतिम सांसे ले रहा तारा बेटेल्गेयूज ने वैज्ञानिकों को एक बार फिर उलझन में डाल दिया है। नए शोध के अनुसार अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में पहुचा यह विशाल तारा रहस्यमय ढंग से अब उबलने लगा है और बहुत तेजी से अपने आकार की तुलना में कहीं अधिक तेजी से घूमने भी लगा है।

बहरहाल इस बदलाव का वास्तविक रहस्य खुलना अभी बाकी है। यह विशाल तारा दुनिया के वैज्ञानिकों के आकर्षण के केंद्र में है। मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिक बेटेल्गेयूज पर नजर रखे हुए हैं। उनका कहना है कि बेटेल्गेयूज अत्यधिक गति से घूमता हुआ प्रतीत होता है। वास्तव में हिंसक रूप से उबलती इसकी सतह एक भ्रम भी हो सकता है। बेतेल्गेयूज पृथ्वी से 500 से 600 प्रकाश-वर्ष के बीच स्थित है। इसकी जांच पड़ताल के लिए अत्यधुनिक दूरबीनें लगाई गई हैं। मगर अभी कुछ परिणाम भर्मित करने वाले हैं। हमसे बहुत दूर होने की वजह से अभी स्पष्ट परिणाम सामने न आ रहे हों। मगर इतना कहा जा सकता है कि इस तारे में आने वाले बदलावों व अंत को लेकर वैज्ञानिक भविष्यवाणी कर सकते हैं। अब सिमुलेशन तकनीक के जरिए आगे का परीक्षण किया जाएगा। जिससे कुछ सार्थक नतीजे सामने आएंगे। सर्वविदित है बेटेल्गेयूज एक लाल महादानव तारा है, जो तब सुर्खियों में आया, जब इसकी चमक मंद पड़ने लगी थी। शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि किसी तारे का अंत होते देखना कोई रहस्यमय फिल्म देखने जैसा है। इस तारे के अभी तक आए सभी परिणाम बेहद रोमांचक है।



बेटेल्गेयूज में लाल रंग में आये बदलाव व चमकीले रंग में पुरानी तस्वीर।

### पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध में सबसे चमकीले तारों में से एक है बेटेल्गेयूज

बेटेल्गेयूज पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध में सबसे चमकीले सितारों में से एक है। यह ओरियन बैल्ट का सदस्य है। जिस कारण इस तारे का अच्छी तरह से अध्ययन किया जा सकता है। अब यह अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में जा पहुचा है और कभी भी अंत हो सकता है। हम इसके अंत होने के गवाह बन पाएंगे? यह प्रश्न अभी भी अनुत्तरित है। इस दिशा में वैज्ञानिक सटीक पूर्वानुमान लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

# जापान के पहले निजी उपग्रह में प्रक्षेपण के दौरान विस्फोट

टोक्यो, एजेंसी

जापान की एक कंपनी ने रॉकेट निर्माण के बाद अंतरिक्ष में दस्तक की योजना बनाई थी। हालांकि, काइरोस नाम के इस रॉकेट के प्रक्षेपण के तत्काल बाद जोरदार धमाका हुआ। बुधवार को प्रक्षेपण के चंद सेकेंड बाद हुए विस्फोट के कारण परियोजना अधर में लटक गई है।

जापान के सरकारी प्रसारक एनएचके के कैमरे पर काइरोस रॉकेट में धमारे की वीडियो फुटेज रिकॉर्ड हुई है। बता दें, इस रॉकेट की मदद से एक सरकारी उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करने की योजना थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टोक्यो से शुरू हुआ स्टार्टअप- स्पेस वन उपग्रह को अंतरिक्ष में स्थापित करने के मामले में देश की पहली निजी कंपनी बनना चाहती थी। हालांकि, हादसे के कारण अरमानों पर पानी फिर गया है। खबरों के मुताबिक बुधवार को 18 मीटर लंबा रॉकेट काइरोस ठोस ईंधन के साथ प्रक्षेपित किया गया।



पश्चिमी जापान के वाकायामा प्रान्त से लॉन्च किए गए इस रॉकेट की मदद से एक छोटे सरकारी परीक्षण उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया जाना था। रिपोर्ट के मुताबिक प्रक्षेपण के चंद सेकेंड के बाद ही रॉकेट आग की लपटों में घिर गया। लॉन्च पैड के आसपास काले धुएं का गुबार देखा गया।